सूर्योदय 6:01 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 23 न्यू | 28 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,710.76 |
| निफ्टी | 24,741.00 |
| सोना | 1,06,446 |
| चांदी | 1,23,581 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 7 सितंबर 2025 | 23 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 250, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई में लिया आपदाग्रस्त क्षेत्र का जायजा

पृष्ठ 3 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### आज रात 9.58 बजे लगेगा पूर्ण चंद्र ग्रहण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** साल का दूसरा और अंतिम चंद्र ग्रहण 7 सितंबर यानी रविवार को लगने जा रहा है। यह भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। यह रात 9 बजकर 58 मिनट से शुरू होगा और देर रात 1 बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा। खगोल वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह ग्रहण पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। चंद्र ग्रहण खगोलीय, धार्मिक और ज्योतिषीय तीनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण माना जाता है। इसका सीधा प्रभाव देश-दुनिया की गतिविधियों से लेकर पूजा-पाठ और व्यक्तिगत जीवन पर पड़ता है। हिंदू धर्म में इसे अशुभ अवधि के रूप में जाना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### लाल किला से करोड़ों रुपए के कलश चोरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किला परिसर में जैन धार्मिक आयोजन के दौरान करोड़ों रुपए के दो स्वर्ण कलश और अन्य सामान चोरी हो गया है। घटना बुधवार, 3 सितंबर की है। हालांकि, इसका सीसीटीवी फुटेज शनिवार को सामने आया है। इसमें एक चोर जैन पुजारी के वेश में आया और कीमती सामान से भरा बैग लेकर चला गया। पुलिस ने कहा है कि संदिग्ध की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एक स्वर्ण कलश पर लगभग 760 ग्राम का सोने का नारियल लगा था। 115 ग्राम के दूसरे कलश पर हीरे, पन्ने और माणिक जड़े थे। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई में ब्लास्ट होने की धमकी देने वाला अरेस्ट

**एजेंसी, नोएडा।** मुंबई में गणेश उत्सव के बीच ब्लास्ट की धमकी देने वाले शख्स को उत्तर प्रदेश के नोएडा से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। 50 साल के आरोपी का नाम अश्विन कुमार सुप्रा है। बिहार के पटना का रहने वाला है और पिछले 5 साल से नोएडा में रह कर ज्योतिष और वास्तु शास्त्र का काम करता था। आरोपी ने वीरवार देर रात मुंबई पुलिस को धमकी भरा मैसेज भेजा था। उसने लिखा था, 'लश्कर-ए-जिहादी के 14 आतंकी मुंबई में घुस चुके हैं। आतंकियों ने 400 किलो आरडीएक्स 34 गाड़ियों में फिट कर दिया है। वे बड़ा ब्लास्ट करने वाले हैं, जिससे एक करोड़ लोगों की मौत हो सकती है।' (अनंत ज्ञान)

### लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

**एजेंसी, बीजिंग।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इनकार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है। इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितंबर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 11 साल में मोदी सरकार से हिमाचल को मिले 54,662 करोड़: अनुराग -पेज 2
- हेलिपैड के समीप मिली इंसानी खोपड़ी, फॉरेंसिक लैब भेजी -पेज 3
- शाहपुर और कृषि विवि के पास भी होगा आईटीएमएस का पहरा -पेज 5
- बिलग्राम के पास सड़क का एक हिस्सा ऊपर उठा -पेज 10
- केंद्र से मिलने वाली आपदा राहत राशि का हो सदुपयोग -पेज 12


## गणेश मूर्ति विसर्जन



गणेश उत्सव का शनिवार को अंतिम दिन था। अंतिम दिन देशभर में भगवान गणेश की मूर्ति का विसर्जन किया गया। मुंबई में करीब 1.80 लाख से ज्यादा मूर्तियों का विसर्सन किया गया। देश के बाकी हिस्सों में भी गणेश मूर्ति का विर्सजन किया गया।

# बैकफुट पर ट्रंप, बोले–भारत के साथ रिश्ते रीसेट करने को तैयार

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप शुक्रवार को भारत के खिलाफ दिए गए अपने बयान पर करीब 12 घंटों के अंदर ही बैकफुट पर चले गए। उन्होंने शाम 6–7 बजे के बीच व्हाइट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल पर कहा, 'मैं हमेशा मोदी का दोस्त रहूंगा। भारत के साथ संबंधों को रीसेट करने के लिए हमेशा तैयार हूं।' प्रेस ब्रीफिंग में ट्रंप ने भारत और दूसरे देशों के साथ चल रही व्यापार बातचीत को अच्छा बताया, लेकिन यूरोपीय संघ के गूगल पर 3.5 अरब डॉलर का जुर्माना लगाने पर नाराजगी जताई। इसके अलावा उन्होंने साफ किया कि वह भारत के रूसी तेल खरीदने के कारण निराश हैं। उन्होंने कहा, 'हमने भारत पर इसके लिए 50% का भारी टैरिफ लगाया है।'

इससे पहले शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे उन्होंने सोशल मीडिया ट्रुथ पर लिखा था, 'ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। उम्मीद है उनका भविष्य अच्छा होगा।' वहीं, ट्रंप की टिप्पणी से पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने 4 सितंबर को कहा था कि ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले की खास दोस्ती अब खत्म हो चुकी है। बोल्टन ने ट्रंप की नीति की आलोचना करते हुए कहा था, 'व्हाइट हाउस ने अमेरिका–भारत संबंधों को दशकों पीछे धकेल दिया, जिससे मोदी रूस और चीन के करीब आ गए। चीन ने खुद को अमेरिका और ट्रंप के विकल्प के रूप में पेश किया है।' उन्होंने कहा था कि इसे अब ठीक नहीं किया जा सकता, क्योंकि स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)



### भारत पर कुल 50% अमेरिकी टैरिफ

**अमेरिका** के राष्ट्रपति ट्रंप ने 30 जुलाई को भारत पर 25% टैरिफ का ऐलान किया था। यह 7 अगस्त को लागू हुआ था। इससे एक दिन पहले यानी 6 अगस्त को उन्होंने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था, जो 27 अगस्त से लागू हुआ। इसे मिलाकर भारत पर कुल 50% अमेरिकी टैरिफ लग चुका है। ट्रंप का कहना था कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर खुले मार्केट में बेच रहा है। इससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है।

### भारत–अमेरिका के बीच पॉजिटिव साझेदारी: मोदी



**शनिवार** को सुबह 9:45 बजे पीएम मोदी ने ट्रंप के बयान को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 'राष्ट्रपति ट्रंप की भावनाओं और हमारे संबंधों को लेकर उनके विचारों की तहे दिल से सराहना करता हूं और उनका पूर्ण समर्थन करता हूं।' उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच एक पॉजिटिव और दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी है। वहीं, पीएम मोदी की ट्रंप को लेकर दिए प्रतिक्रिया पर विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, 'पीएम मोदी अमेरिका के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। जहां तक राष्ट्रपति ट्रंप का सवाल है, उनके (पीएम मोदी) ट्रंप के साथ हमेशा से बहुत अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते रहे हैं' उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल मुद्दा यह है कि हम अमेरिका के साथ जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने इससे ज्यादा कुछ भी कहने से इनकार किया।

# ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे पीएम मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक, मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है। इससे पहले अमेरिका भारत को टैरिफ वापस लेने के बदले ब्रिक्स छोड़ने की मांग कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

> अमेरिका ने टैरिफ हटाने के लिए ब्रिक्स छोड़ने की रखी है शर्त

### क्या कहा था अमेरिका के उद्योग मंत्री ने?

**अमेरिका** के उद्योग मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने शुक्रवार को ब्लूमबर्ग टीवी से बात करते हुए भारत पर 25% एक्स्ट्रा टैरिफ हटाने के लिए तीन शर्त रखीं। उन्होंने कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदना बंद करना पड़ेगा, ब्रिक्स से अलग होना होगा और अमेरिका का सपोर्ट करना होगा। उन्होंने कहा कि अगर आप (भारत) रूस और चीन के बीच ब्रिज बनना चाहते हैं तो बनें, लेकिन या तो डॉलर का या अमेरिका का समर्थन करें। अपने सबसे बड़े ग्राहक का सपोर्ट करें या 50% टैरिफ चुकाएं।

## यात्रा के दौरान 17 श्रद्धालुओं की गई है जान, अफवाह फैलाने वालों पर करेंगे कार्रवाई

# मणिमहेश में हजारों मौतों का दावा झूठा: नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के भरमौर में राहत एवं बचाव कार्य पूर्ण करके शिमला लौटे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मणिमहेश यात्रा के दौरान हजारों लोगों के मरने की अफवाहें फैलाई गईं। हकीकत में इस आपदा के दौरान 17 लोगों की जान गई है। जगत नेगी ने कहा कि 17 लोगों में भी ज्यादातर की मौत ऑक्सीजन की कमी और ठंड से हुई है।

उन्होंने किसी भी पार्टी का नाम लिए बगैर कहा कि देश में झूठ बोलने व अफवाहें फैलाने में एक ही पार्टी माहिर है। मणिमहेश यात्रा को लेकर भी पार्टी द्वारा ऐसा ही झूठ फैलाया गया। इससे लोगों में भय का माहौल बन गया। उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाने वाले यूट्यूबर, चैनलों और लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। राजस्व मंत्री ने स्वीकार किया कि चंबा में शुरुआत में प्रशासनिक व्यवस्थाओं में कमी रही। कई टैक्सी चालकों ने फंसे हुए लोगों से ओवर चार्ज किया, मगर उनके वहां पहुंचते ही बाद में सड़क बहाली, टैक्सी सेवा और मुफ्त परिवहन की व्यवस्था की गई।

उन्होंने कहा कि मणिमहेश में फंसे लोगों के भोजन को लंगर लगाए गए। लंगर समितियों और स्थानीय पंचायतों ने मणिमहेश श्रद्धालुओं के भोजन और आवास की सुविधा उपलब्ध कराई। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सेवा खराब मौसम और संचार लाइनों के क्षतिग्रस्त होने से बाधित हुई थी।

### मणिमहेश में फंसे सभी 16 हजार श्रद्धालु रेस्क्यू



**नेगी** ने कहा कि सभी 16 हजार मणिमहेश यात्री सुरक्षित अपने घर पहुंच गए हैं। अंतिम दिन भारतीय वायु सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर से भरमौर से चंबा तक चार उड़ानों में 64 लोगों को एयरलिफ्ट किया गया। यह अभियान सुबह 8 बजे शुरू होकर दोपहर 12:30 बजे तक चला। उन्होंने कहा कि 5 सितंबर को भारतीय वायुसेना के दो चिनूक हेलिकॉप्टरों द्वारा भरमौर से करियां हेलिपैड के लिए 12 चक्कर लगाए गए तथा कुल 524 श्रद्धालुओं के अलावा तीन शवों को करियां पहुंचाया गया था।

### मुख्यमंत्री सुक्खू ने की राजस्व मंत्री की प्रशंसा

**मुख्यमंत्री** ने इस अभियान का नेतृत्व कर रहे राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मंत्री कई दिनों से भरमौर में डटे रहे और स्वयं पैदल चंबा से भरमौर पहुंचकर प्रत्येक यात्री की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की।

# जिंदगी बचाने निकली एंबुलेंस बनी काल

## हिमाचल-पंजाब सीमा पर खाई में गिरी; तीन की मौत, दो घायल

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**गगरेट।** हिमाचल–पंजाब सीमा पर शनिवार तड़के उस वक्त कोहराम मच गया, जब एक एंबुलेंस मरीज को लेकर टांडा मेडिकल कॉलेज से डीएमसी लुधियाना जा रही थी और हादसे का शिकार हो गई।

गगरेट से आगे पंजाब क्षेत्र के मंगूवाल में बरसात से क्षतिग्रस्त राष्ट्रीय राजमार्ग का टूटा हिस्सा एंबुलेंस में बैठे लोगों को मौत के मुंह में ले गया। इस कारण वाहन गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा शनिवार तड़के करीब 4 बजे हुआ। लगातार बरसात के कारण राजमार्ग का हिस्सा पहले से ही टूटा हुआ था। अंधेरे और खराब मौसम के बीच एंबुलेंस चालक सही अनुमान नहीं लगा पाया और वाहन अचानक गहरी खाई में समा गया।

### मृतक और घायल

**मृतकों** की पहचान संजीव कुमार सोनी (55) निवासी पठियार, ओंकार चंद (84) निवासी मारंडा और रमेश चंद (45) निवासी नूरपुर (कांगड़ा) के रूप में हुई है। गंभीर रूप से घायल रेणु बाला और चालक बॉबी को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर सिविल अस्पताल होशियारपुर पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार रेणु बाला खतरे से बाहर है, जबकि चालक की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### सीएम–डिप्टी सीएम ने व्यक्त किया शोक

**हादसे** पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# हिमाचल में बादल फटने के कारणों की होगी जांच: सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री से हिमाचल प्रदेश में बढ़ रही बादल फटने की घटनाओं के कारणों की वैज्ञानिक जांच के लिए विशेष टीम गठित करने का आग्रह किया था। इस पर केंद्र सरकार ने संज्ञान लेते हुए विशेषज्ञ टीम को प्रदेश भेजा है, जो घटनाओं का गहन अध्ययन करेगी।

सुक्खू ने कहा कि अगर समय रहते इन घटनाओं के कारणों की पहचान कर समाधान नहीं खोजा गया तो आने वाले समय में अन्य पहाड़ी राज्यों में भी ऐसी आपदाएं बढ़ सकती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि विशेषज्ञ टीम की रिपोर्ट से भविष्य में आपदा प्रबंधन को बेहतर बनाने और जान–माल की क्षति को कम करने में मदद मिलेगी।

### ग्लोबल वार्मिंग को बताया मुख्य वजह

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण जलवायु में तेजी से बदलाव हो रहे हैं, जिनका असर पहाड़ी राज्यों पर अधिक दिखाई दे रहा है। हिमाचल में बार-बार बादल फटने और अतिवृष्टि की घटनाएं इसी वजह से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है और वैज्ञानिक स्तर पर इसके कारणों का पता लगाना अत्यंत जरूरी है।

## संपत्ति बंटवारे के मामले में ओडिशा हाईकोर्ट की अहम टिप्पणी

# मां के बयान के बावजूद बच्चे का डीएनए परीक्षण कराना उसके मातृत्व का अपमान

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

संपत्ति बंटवारे के एक मामले में डीएनए टेस्ट की मांग को लेकर हो रही सुनवाई के दौरान ओडिशा हाईकोर्ट ने हाल ही में एक अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा कि जब मां के बयान के बावजूद बच्चे का डीएनए परीक्षण कराना उसके मातृत्व का अपमान है। इतना ही नहीं अदालत ने यह भी कहा कि यह कानून के भी विरुद्ध है। ओडिशा हाईकोर्ट की एकल पीठ के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीपी राउत्रे ने यह टिप्पणी करते हुए निचली अदालत का फैसला बरकरार रखा। गौरतलब है कि संपत्ति बंटवारे के एक मामले में विरोधी पक्ष के 58 साल के व्यक्ति के पिता का पता लगाने के लिए उसका डीएनए परीक्षण का निर्देश देने की मांग की गई थी, जिसे निचली अदालत ने खारिज कर दिया था। इसके बाद निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए यह मामला हाईकोर्ट पहुंचा। अब हाईकोर्ट ने भी निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति राउत्रे ने अपने फैसले में कहा, 'मैं इस मामले में व्यक्ति का डीएनए परीक्षण कराने के लिए इसे उपयुक्त मामला नहीं मानता हूं।' (अनंत ज्ञान)



### तीसरे पक्ष को पितृत्व पर प्रश्न उठाने का हक नहीं

**हाईकोर्ट** ने यह भी कहा कि संबंधित व्यक्ति अब 58 वर्ष का है और इस उम्र में डीएनए टेस्ट कराने से कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आएगा। व्यक्ति की मां ने साफ कहा है कि वह उसके पति टूटा बुड्डुला से उत्पन्न संतान है। विपक्षी पक्ष न तो मां की वैध शादी पर सवाल उठा पाया, न ही उसकी पत्नी होने की स्थिति पर, इसलिए तीसरे पक्ष को पितृत्व पर प्रश्न उठाने का अधिकार नहीं है।

# गुजरात के पावागढ़ में गुड्स रोपवे टूटा, 6 लोगों की मौत

**एजेंसी, अहमदाबाद**

गुजरात के पंचमहल जिले में शनिवार को पावागढ़ शक्ति पीठ में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां मालवाहक रोपवे की तार अचानक टूटने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो लिफ्टमैन, दो मजदूर और दो अन्य शामिल बताए जा रहे हैं। यह हादसा दोपहर बाद करीब 3:30 बजे हुआ। घटना की पुष्टि पंचमहल कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हरेश दुधात ने की है। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। टीमें देर शाम तक मौके पर डटी रहीं। शुरुआती जांच में हादसे की वजह तार टूटना बताई जा रही है। फिलहाल तकनीकी कारणों की गहराई से जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### सुबह से ही बंद था यात्रियों वाला रोपवे

**पावागढ़** पहाड़ी करीब 800 मीटर ऊंचाई पर स्थित है। श्रद्धालु या तो 2000 सीढ़ियां चढ़कर या फिर रोपवे से मंदिर पहुंचते हैं। हालांकि शनिवार सुबह से खराब मौसम की वजह से यात्रियों वाले रोपवे पर सेवा बंद कर दी गई थी। हादसा मालवाहक रोपवे में हुआ, जिसका इस्तेमाल सामान ले जाने के लिए किया जाता है।

# चुनावी रणनीति पर 10 को मंथन करेगा निर्वाचन आयोग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने 10 सितंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) की नियमित बैठक बुलाई है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में पहले की तरह सभी अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी। इसमें मतदाता सूची से जुड़े कार्य, चुनावी तैयारियां, आचार संहिता के पालन और तकनीकी सुधारों जैसे विषय शामिल रहेंगे।

बैठक का उद्देश्य आगामी चुनावों को सुचारु और पारदर्शी ढंग से आयोजित करना है। चुनाव आयोग का मानना है कि ऐसी बैठकों से राज्यों के बीच समन्वय बेहतर होता है व जमीनी चुनौतियों का समाधान निकलता है। (अनंत ज्ञान)

### सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी देंगे प्रस्तुति

**बैठक** में सभी सीईओ को अपने-अपने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की स्थिति पर प्रस्तुति देनी होगी। इसमें मतदाताओं की संख्या, पिछली गहन समीक्षा की जानकारी और संशोधन की मौजूदा स्थिति शामिल होगी। चुनाव आयोग के आदेश के बाद ही अंतिम समयसीमा तय होगी। बैठक दिल्ली के द्वारका स्थित चुनाव आयोग के इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में आयोजित होगी।

**चुनाव** अब नए रोस्टर के तहत मिलेगा आरक्षण; एससी/एसटी, ओबीसी–महिलाओं के लिए नए नियम लागू

# हिमाचल में अब नई व्यवस्था के तहत होंगे पंचायत चुनाव

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में साल के अंत में होने वाले पंचायत चुनाव अब नई व्यवस्था के तहत होंगे। राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज निर्वाचन द्वितीय संशोधन नियम, 2025 लागू कर दिए हैं। इसके अनुसार, पंचायत चुनावों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए सीटों का आरक्षण नए रोस्टर से किया जाएगा। इसका अर्थ यह है कि अब आरक्षण की गिनती पुराने चक्र से नहीं, बल्कि बिलकुल नए सिरे से शुरू की जाएगी।




पंचायतीराज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, संशोधित नियमों के तहत ग्राम पंचायतों में वार्डों के आरक्षण की गिनती भी दोबारा से होगी। अनुसूचित जाति वर्ग को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सीटें आरक्षित मिलेंगी और इनमें से आधी सीटें महिलाओं के लिए सुरक्षित रहेंगी। इसी तरह प्रधान पदों पर भी आरक्षण की व्यवस्था जनसंख्या और रोटेशन के आधार पर की जाएगी, जिससे हर पंचायत क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित हो सके।

### सभी डीसी, जिला पंचायत अधिकारियों को निर्देश

**पंचायतीराज** विभाग ने इस संबंध में सभी उपायुक्तों और जिला पंचायत अधिकारियों को लिखित निर्देश भेज दिए हैं। उन्हें कहा गया है कि आगामी पंचायत चुनावों में आरक्षण का निर्धारण केवल नए संशोधित नियमों के अनुसार ही किया जाए। यह पूरी प्रक्रिया हिमाचल पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 28, 78, 87, 88, 89 और 125 के प्रावधानों के तहत लागू होगी।

### नए नियमों में चुनाव में मिलेंगे समान अवसर

**राजनीतिक** विश्लेषकों का मानना है कि नए नियमों से पंचायत चुनावों में समान अवसर की स्थिति बनेगी। अब तक कई क्षेत्रों में आरक्षण के रोस्टर में असंतुलन देखने को मिलता था, जिसे नए नियम दूर कर सकते हैं। हालांकि, इससे कुछ पंचायत क्षेत्रों में पहली बार नया आरक्षण लागू होने पर स्थानीय स्तर पर असंतोष भी सामने आ सकता है।

### भोरंज के विधायक का आवेदन खारिज 10 हजार लगा जुर्माना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने भोरंज विधानसभा चुनाव याचिका की सुनवाई में अहम फैसला सुनाया है। न्यायालय ने मौजूदा विधायक सुरेश कुमार की ओर से उनके प्रतिद्वंद्वी रहे भाजपा प्रत्याशी डॉ. अनिल धीमान की चुनाव याचिका को खारिज करने के लिए दाखिल आवेदन खारिज कर दिया है। कोर्ट ने समय पर जवाब दाखिल न करने पर सख्ती बरतते हुए सुरेश कुमार पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह राशि उन्हें याचिकाकर्ता डॉ. अनिल धीमान को अदा करनी होगी। कोर्ट ने विधायक को निर्देश दिए हैं कि वह चुनाव याचिका से जुड़ी आगामी सुनवाइयों में पूरा सहयोग करें।

## न्यूज ब्रीफ

### टीसीपी की अनुमति लेकर ही करें निर्माण

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नगर एवं ग्राम योजनाकार हरजिंद्र सिंह ने बताया कि अब 1000 वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट पर किसी भी प्रकार का निर्माण करने के लिए नगर एवं ग्राम योजना (टीसीपी) विभाग की पूर्व अनुमति अनिवार्य कर दी गई है। प्रदेश सरकार ने यह नियम नगर एवं ग्राम योजना अधिनियम 1977 के तहत लागू किया है। पहले यह प्रावधान केवल अधिसूचित योजना क्षेत्रों और विशेष क्षेत्रों पर ही लागू था, लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी बड़े प्लॉट पर निर्माण कार्य करने वालों को विभाग की स्वीकृति लेनी होगी। टीसीपी एक्ट के प्रावधान ऐसे निर्माण कार्यों पर लागू होंगे। योजनाकार ने लोगों से अपील की कि वे अनुमति लेकर ही निर्माण करें, ताकि भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो।

### नशे के खिलाफ सभी को एकजुट होने की जरूरत

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पलपल पंचायत में शनिवार को जय बाबा कमलहिया आराधना संस्था एवं सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, आपदा प्रबंधन और स्वच्छता जैसे विषयों पर लोगों को जानकारी दी गई। संस्था के अध्यक्ष एमके भारद्वाज ने अध्यक्षता की, जबकि जोगिंदर सिंह राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को खतरे में डाल रहा है और इसके खिलाफ समाज को एकजुट होना होगा। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी बताया गया। ग्रामीणों को आपदा प्रबंधन और स्वच्छता के महत्व से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर डाबर इंडिया लिमिटेड की ओर से जूस व सामग्री वितरित की गई। ग्रामीणों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए आयोजकों का आभार जताया।

### भट्ठा-सलौणी सड़क 5 अक्तूबर तक रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नादौन और बड़सर उपमंडल की भट्ठा-सलौणी सड़क के अपग्रेडेशन के कार्य के चलते इस सड़क के कुछ हिस्से पर यातायात 5 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि भट्ठा-सलौणी सड़क के अपग्रेडेशन कार्य को सुचारू रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क के एक हिस्से पर वाहनों की आवाजाही एक महीने तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक पनयाली-धनेटा सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### 8 को हाने वाले आंगनबाड़ी साक्षात्कार स्थगित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** बाल विकास परियोजना नादौन के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 5 पदों तथा सहायिकाओं के 17 पदों को भरने के लिए 8 सितंबर को प्रस्तावित साक्षात्कार प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी संजय गर्ग ने बताया कि अब इस साक्षात्कार हेतु आगामी तिथि बाद में निर्धारित की जाएगी, जिसके बारे में अलग से सूचित कर दिया जाएगा।

### सेना में लेफ्टिनेंट बना नादौन का बेटा रोहित

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन के गांव रंघाड़ का रोहित शर्मा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बना है जिस क्षेत्र में खुशी का माहौल है लोग रोहित के माता-पिता को बधाइयां दे रहे हैं। रोहित शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय रंघाड़ से हुई। इसके बाद उन्होंने कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय, डुंगरी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश से की और आगे इंजीनियरिंग की पढ़ाई प्रतिष्ठित जवाहरलाल विश्वविद्यालय से पूरी की। रोहित की माता आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं और पिता अजीत कुमार निजी कार्य करते हैं। छोटे भाई मोहित शर्मा वर्तमान में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं।

### जोलसप्पड़ की दीक्षा बनी सेना में लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, नादौन।** मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र नादौन की जोलसप्पड़ पंचायत के कोहला पलासड़ी गांव की दीक्षा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दीक्षा ने गया में आयोजित पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेकर प्रशिक्षण अवधि पूरी की और लेफ्टिनेंट पद से सुशोभित हुईं। दीक्षा ने दसवीं व जमा दो डीएवी स्कूल कांगू से और सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई मंडी से की। एनडीए परीक्षा में सफलता के बाद उन्होंने एसएससीडब्ल्यू (टेक.) का प्रशिक्षण शुरू किया था। दीक्षा ने बताया कि अपनी सफलता का श्रेय वह दादा-दादी, माता-पिता और अध्यापकों को देती हैं। पिता रतन चंद सेना में कार्यरत हैं, जबकि माता सरिता देवी गृहणी हैं। भाई अक्षय इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। माता-पिता ने गर्व जताते हुए कहा कि दीक्षा ने मेहनत और संघर्ष से यह मुकाम पाया है।

### बीमार युवक को दी 5 हजार की अर्थिक मदद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** मानवीय सहयोग की पहल करते हुए गरीब दास फाउंडेशन के चेयरमैन देव राज ने भोरंज तहसील की हनोह पंचायत के अंतर्गत आने वाले फकडुई गांव के निवासी गौरव कुमार से मुलाकात की। गौरव कुमार, जो कि अभय राम के पुत्र हैं, गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। दोनों किडनी फेल होने के कारण वे इस समय नियमित डायलिसिस पर निर्भर हैं।हाल ही में, गौरव की तबीयत और बिगड़ गई जब वह गिरकर चोटिल हो गए। उनके पैरों में चोट लगने के कारण वे इस समय बिस्तर पर पड़े हुए हैं। आर्थिक परेशानियों के बीच उनका परिवार बड़ी मुश्किल स्थिति से गुजर रहा है। मुलाकात के दौरान देव राज ने गौरव और उसके परिवार के हालचाल पूछे और उन्हें 5000 की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़ा रहना है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन राजिंदर (बीडीसी. चेयरमैन) और सुमेश भी मौजूद रहे। उन्होंने भी परिवार को अपनी ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

### सुमित शर्मा ने की पूर्व सीएम धूमल से मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा प्रदेश सचिव सुमित शर्मा ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. प्रेम कुमार धूमल से मुलाकात की और पार्टी के भविष्य के प्रयासों के लिए उनका आशीर्वाद लिया। इस सौहार्दपूर्ण मुलाकात के संदर्भ में सुमित शर्मा ने कहा कि प्रो. धूमल के कुशल मार्गदर्शन और प्रेरणा से प्रदेश भाजपा का वर्तमान नेतृत्व पूरे समर्पण के साथ राज्य के हर गांव और हर बूथ तक पार्टी का संदेश पहुंचाने के लिए सफलतापूर्वक काम कर रहा है। वर्तमान संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुए सुमीत शर्मा ने कहा कि प्रो. प्रेम कुमार धूमल हिमाचल प्रदेश के सबसे सम्मानित और सर्वमान्य नेता हैं। भाजपा नेताओं की वर्तमान पीढ़ी उनके समृद्ध संगठनात्मक अनुभव से निरंतर सीख प्राप्त कर रही है और राज्य भर में पार्टी की नींव को और मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

### वालंटियरों व कर्मियों को करवाया अभ्यास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** किसी भी तरह की आपदा से सुनियोजित एवं प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पंचायत स्तर पर वालंटियर्स और फील्ड कर्मचारियों की टास्क फोर्स तैयार करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा आरंभ किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दूसरे चरण में यहां खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सम्मेलन हॉल में आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। इस कार्यशाला में पंचायत जनप्रतिनिधियों, पंचायत सचिवों, रोजगार सेवकों, आंगनवाड़ी और आशा वर्करों, महिला मंडलों, युवक मंडलों, अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी तथा विभिन्न विभागों के फील्ड कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला के अंतिम दिन होमगार्ड्स की दसवीं वाहिनी हमीरपुर के कंपनी कमांडर अशोक रांगड़ा, प्रवीण धीमान, सैक्शन लीडर प्रीतां चैहान, राकेश कुमार और बचाव दस्ते के अन्य सदस्यों ने प्रतिभागियों को आपात परिस्थितियों में बचाव कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा इनका अभ्यास भी करवाया। अग्निशमन विभाग के लीडिंग फायरमैन प्रवीण कुमार और रामानंद ने आग से बचाव के बारे में बताया तथा इसका अभ्यास करवाया। उन्होंने प्रतिभागियों को कई तकनीकी जानकारियां भी दीं।

### पीडी शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर नवाजा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड एम्पलाई वेलफेयर एसोसिएशन नादौन की बैठक यशपाल साहित्य सदन में अध्यक्ष डीएस मिन्हास की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पेंशनर्स की मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई और सरकार से इन्हें शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। सर्वप्रथम भारत पेंशनर्स समाज के प्रधान सचिव एससी महेश्वरी तथा प्रदेश आपदा में जान गंवाने वालों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में एसोसिएशन के चीफ पैटर्न पीडी शर्मा को प्रदेश पेंशन भागी कल्याण संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और उन्हें सम्मानित किया गया। साथ ही भारत पेंशनर्स समाज के 9 नवंबर को अंबाला में होने वाले सम्मेलन के लिए अध्यक्ष धर्म सिंह मिन्हास व पीडी शर्मा को सर्वसम्मति से डेलीगेट चुना गया। बैठक का संचालन महासचिव ठाकुर प्रकाश चंद ने किया। बैठक में पीडी शर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनोहर लाल शर्मा, यशपाल राणा,विजय कुमार चौधरी, विशंभर लाल शर्मा, मदन लाल चौधरी, सुदेश शर्मा, बेली राम जस्वाल, जगदेव सिंह कौशल, प्रीतम चंद भारती, आरके पुरी, डॉ. कुलदीप गढ़वाल, रत्न चंद रत्नाकर, मनोहर लाल शर्मा, मदन लाल, सुभाष बस्सी आदि उपस्थित रहे।

# 11 साल में मोदी सरकार से हिमाचल को मिले 54,662 करोड़ : अनुराग

## सांसद बोले–विकसित भारत महायज्ञ में हिमालयी राज्यों की होगी अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने शनिवार को दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हिमालयी राज्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में कहा कि हिमाचल प्रदेश को पिछले 11 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार से 54,662 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता मिली है व विकसित भारत महायज्ञ में सिर्फ़ हिमाचल नहीं बल्कि समस्त हिमालयी राज्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रहने वाली है।

अनुराग ने कहा कि विगत 11 वर्षों में मोदी सरकार ने भारत की विकास यात्रा को एक नई गति देने व विश्वपटल पर एक नये भारत की छवि निर्माण का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और हम इस संकल्प की दिशा में काफी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत के इस महायज्ञ में हिमालय के राज्यों की बड़ी भूमिका होने वाले है जिसके लिए हमें तैयार रहना होगा। अनुराग ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल में कई बड़े प्रोजेक्ट्स दिए हैं। बिलासपुर में 1470 करोड़ की लागत से एम्स का निर्माण, चिंतपूर्णी मंदिर के लिए 56.26 करोड़, जोलसप्पड़ (हमीरपुर) में मेडिकल कॉलेज, देहरा में केंद्रीय विश्वविद्यालय और बिलासपुर में हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज इसके बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा ऊना में पीजीआई सैटेलाइट केंद्र, बल्क ड्रग पार्क, राष्ट्रीय खेल उत्कृष्टता केंद्र व रेलवे नेटवर्क के विस्तार ने प्रदेश के विकास को नई गति दी है। उन्होंने कहा कि हिमालयी राज्यों की चुनौतियां व जरूरतें विशेष हैं और इन्हें समझने व समाधान देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। "Inspirational Himalaya" के साथ अब "Aspirational Himalaya" बनाने की दिशा में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### उप नौसेना प्रमुख संजय को दी शुभकामनाएं



**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने हमीरपुर निवासी भारतीय नौसेना के 47वें उप नौसेना प्रमुख (वीसीएनएस) वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन का अपने दिल्ली स्थित आवास पर पारंपरिक हिमाचली रीति से स्वागत कर उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# कांग्रेस ने विकास कार्यों पर चर्चा कर आगामी कार्ययोजना की तैयार

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** पूर्व जिला महासचिव पवन कालिया ने जारी बयान में बताया कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र की कांग्रेस की बैठक मैहरे में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के विकास पर चर्चा की तथा आगामी कार्ययोजना तैयार की।

बैठक में विकास पर चर्चा प्रभारी विक्रम शर्मा ब कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए बड़सर में करवाए गए विकास कार्यों की सराहना की। ब्लॉक प्रधान संजय शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए उन्हें बधाई दी। बैठक में पूर्व प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया, प्रभारी विक्रम शर्मा,कमल पठानिया, निक्का राम, पवन कालिया, राजेश बन्याल, विनोद लखनपाल, डैनी जसवाल, कर्नल पियार सिंह अत्रि, विपन ढटवालिया, उबल ठाकुर, पवन शर्मा, परमजीत शर्मा, कैप्टन सोनी, सतीश सोनी, मनजीत सिंह, मीना धीमान जिला परिषद, सरोज,कनु,अदर्श बाला, अनिता, राधा, कैप्टन अशोक, समशेर, केवल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने बड़सर क्षेत्र के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं पूरी करवाई हैं और विकास का नया दौर शुरू किया है

### सुजानपुर में गणेश की प्रतिमा को दी विदाई

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में गणेश उत्सव का शनिवार को समापन हो गया। शनिवार को गणेश विसर्जन किया गया। सुजानपुर में गणेश उत्सव बीते 27 अगस्त से जारी था। इस दौरान गणेश उत्सव में हर रोज कथा कीर्तन तथा आरती का आयोजन किया जाता रहा। शनिवार को गणेश विसर्जन किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों ने गणेश भगवान को विदाई दी।

# रोटरी क्लब ने आपदा प्रभावितों को दी 65,000 रुपए की आर्थिक सहायता




आर्थिक सहायता प्रदान करते हुए रोटरी क्लब हमीरपुर की आपदा राहत टीम।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

रोटरी क्लब हमीरपुर द्वारा हमीरपुर के चबूतरा गांव के आपदा प्रभावितों को परिवारों को 65000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। क्लब की आपदा सहायता टीम ने जमीन धंसने एवं जमीन खिसकने से बुरी तरह प्रभावित चबूतरा गांव का दौरा किया। क्लब के प्रेसिडेंट रोटेरियन भगवती प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में आपदा सहायता टीम ने संबंधित राजस्व अधिकारियों से चबूतरा गांव में पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों व प्रभावित परिवारों की जानकारी प्राप्त की तथा प्रभावित, परिवारों को 65000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की गई। गौर रहे है कि रोटरी के सिद्धांतों का पालन करते हुए रोटरी क्लब सामाजिक विकास एवं आपदा राहत में अपना योगदान देता रहा है। इस वर्ष रोटरी अंतरराष्ट्रीय जिला 3070 के गवर्नर रोहित ओबेरॉय के नेतृत्व में रोटरी क्लब प्रदेश के सभी भागों में आपदाग्रस्त क्षेत्रों में सहायता पहुंचा रहा है। इस आपदा राहत टीम में रोटेरियन राकेश ठाकुर, राजीव शर्मा, रवि शर्मा, प्रो जेपी अग्निहोत्री डॉ अजायब सिंह बन्याल, डॉ संदीप शर्मा, डॉ अमरजीत अत्री, अजीत कुमार, डॉ अनिल वर्मा, ज्वाला सिंह राणा एवं डॉ हर्ष कालिया उपस्थित रहे।

### ककड़ पंचायत के उपप्रधान सहित कई लोग भाजपा में शामिल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा क्षेत्र की ककड़ पंचायत के उपप्रधान सुभाष चंद उर्फ बिट्टू सहित एक दर्जन से ज्यादा परिवारों ने कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने सभी नए साथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में उनका शामिल होना पार्टी को और मजबूती देगा।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रो. विक्रम राणा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि लोग प्रदेश सरकार की वायदा खिलाफी और झूठे आश्वासनों से तंग आकर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। वहीं नए साथियों ने कहा कि वे राजेंद्र राणा पर विश्वास कर भाजपा का हिस्सा बने हैं, क्योंकि वे हमेशा लोगों के सुख–दुख में साथ खड़े रहते हैं। भाजपा नेताओं ने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में कांग्रेस से और भी लोग पार्टी में शामिल होंगे।

# दो मंजिला मकान में आई दरारें, परिवार बेघर

## प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को दी दस हजार की राहत

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को दस हजार की फौरी राहत दी।

उपमंडल भोरंज की ग्राम पंचायत धिरड़ में शनिवार को गांव धिरड़ में बीना देवी पत्नी मिलखी राम के दो मंजिला स्लेटनुमा कच्चे मकान में गहरी दरारें आ गईं। अचानक आई दरारों से मकान असुरक्षित हो गया और परिवार को घर छोड़कर बाहर निकलना पड़ा। गनीमत यह रही कि समय रहते परिवार के सदस्य सुरक्षित बाहर आ गए, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दरारों के कारण मकान रहने योग्य नहीं रहा और परिवार का घरेलू सामान भी प्रभावित हुआ है।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार पीड़ित परिवार को करीब तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। धिरड़ पंचायत के उपप्रधान शशि शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन को अवगत करवाया गया। सूचना मिलने पर एसडीएम भोरंज शशि पाल शर्मा, हल्का पटवारी धीरड़ पंकज और अन्य कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासन की ओर से तत्काल राहत के तौर पर प्रभावित परिवार को दस हजार रुपए की फौरी सहायता प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर भी प्रभावित परिवार को हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है। फिलहाल परिवार को पड़ोसियों के घर अस्थायी तौर पर शरण दिलवाई गई है। उपप्रधान ने बताया कि प्रशासन से आग्रह किया गया है कि प्रभावित परिवार को उचित मुआवजा व पुनर्वास की व्यवस्था की जाए ताकि वे फिर से अपने घर का निर्माण कर सकें। ग्रामीणों ने बताया कि यह मकान काफी पुराना था और बरसात के कारण इसमें नमी व दरारें आ गई थीं। स्थानीय लोगों ने परिवार को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और सामान निकालने में सहयोग किया। पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवार को जल्द से जल्द पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

### अनीमेष बत्ता ने झटका नौवां रैंक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आदर्श पब्लिक स्कूल व चाणक्य द गुरु के होनहार छात्र अनीमेष बत्ता ने हिमाचल प्रदेश विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में पुनर्मूल्यांकन के बाद 9वां स्थान प्राप्त कर संस्थान और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अनीमेष की यह सफलता उनकी मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।



यह उपलब्धि यह भी दर्शाती है कि आदर्श स्कूल व चाणक्य द गुरु विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा और मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सदैव समर्पित है। इस अवसर पर आदर्श स्कूल के चेयरमैन व चाणक्य द गुरु के सीईओ डॉ. नवनीत शर्मा ने कहा, अनीमेष ने साबित कर दिया कि सही दिशा और दृढ़ निश्चय से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हमें उन पर गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। उसकी इस उपलब्धि के लिए वह, उसके माता पिता व शिक्षक बधाई के पात्र हैं।

# कालेअंब पंचायत की ग्राम सभा में नवाजे विभिन्न विभागों के कर्मचारी



कालेअंब में ग्राम सभा में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

**आदर्श पंचायत बनने पर मिला सम्मान**

विकास खंड वमसन टौणी देवी के अंतर्गत ग्राम पंचायत कालेअंब में ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता पंचायत प्रधान निर्मला डोगरा ने की। बैठक में आंगनबाड़ी, आशा वर्कर, स्वास्थ्य, जल शक्ति और बिजली विभाग के कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही महिला मंडल भारीं, भलेड़ा, गजोह और विकास समिति कालेअंब ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया, जिन्हें भी सम्मानित किया गया।

निर्मला डोगरा ने कहा कि पंचायत के विकास कार्य सामूहिक प्रयासों से ही संभव हुए हैं। उन्होंने बताया कि हिमाचल सरकार ने कालेअंब पंचायत को सराहनीय कार्यों के लिए 5 लाख रुपये देकर सम्मानित किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आदर्श पंचायत का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया है। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा ने चुनावी तैयारियों पर दिशा–निर्देश दिए और जिला प्रधान ने सभी पदाधिकारियों व पेंशनरों से सहयोग का आग्रह किया ताकि आगामी समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया जा सके।

### सुनील शर्मा ने की शांता कुमार से भेंट

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन विकास सभा के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुनील शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार से उनके निवास स्थान पर शिष्टाचार भेट की तथा शांता कुमार से आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्हें सम्मानित भी किया। समाजसेवी भाजपा नेता सुनील शर्मा ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य शांता राम कुमार से मिलना उनका आशीर्वाद प्राप्त करना और इस विशेष दिन शिक्षक दिवस पर उन्हें उनके साथ मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि काफी देर तक लंबी बातचीत हुई और उन्होंने प्रदेश व देश में चल रहे कार्यक्रमों सहित हिमाचल प्रदेश में आई आपदा और पंजाब में आई बाढ़ को लेकर भी विस्तार से चर्चा की। वही इस मौक पर प्रदेश भाजपा पार्टी की गतिविधियों और अन्य बातों पर गहरा प्रकाश डाला। इस अवसर पर सेवानिवृत्ति प्रिंसिपल विजय चौधरी भी मौजूद रहे।

**प्रदेश व देश की वर्तमान परिस्थितियों पर की विस्तार से चर्चा**

# पूर्व सीएम शांता का राहुल गांधी पर दिया बयान अवांछित, निंदनीय : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**बोले- विकास में योगदान शून्य, मात्र हवाई बातें करना आदत**

**अखिल** भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार के राहुल गांधी बारे दिए गए बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि शांता कुमार प्रदेश के असफलतम मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाते हैं जिनका दो बार मुख्यमंत्री का कार्यकाल काले अक्षरों में लिखा गया है। हिमाचल की स्थापना के समय शांता कुमार इसके विरोधी रहे और स्टेटहुड मारो ठूड के नारे लगाते रहे। इस बारे में शांता कुमार स्पष्ट करें। शांता कुमार ने हमेशा जमीनी हकीकत से दूर रह कर दार्शनिक और अव्यवहारिक बातें की हैं। उन्होंने खुद अपनी किताब में लिखा है कि वह अपने प्रथम मुख्यमंत्री काल में मात्र 23 दिन ही सरकार चला सके और बाकी समय अपनी कुर्सी बचाने के प्रयासों में ही व्यस्त रहे। उन्होंने कहा कि सरकार चलाना और प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाना अहम है। लेकिन शांता कुमार इस बारे में हमेशा विफल रहे। उन्होंने कहा कि मात्र कविताएं घड़ कर, लच्छेदार शब्दवाजी करके हिमाचल का विकास नहीं होता इसके लिए योजनाओं की दरकार होती है जिसका कि शांता कुमार के कार्यकाल में अभाव रहा।

किसान नेता ने कहा कि आदर्शवादी होने से बेहतर है कि हिमाचल एक आदर्श राज्य बने जिसके लिए शांता कुमार का योगदान शून्य रहा है। उन्होंने कहा कि शांता कुमार को हर रोज़ कुछ न कुछ बोलने के लिए विषय चाहिए होता है और वो कुछ भी कहते रहते हैं। जिसे जनता गंभीरता के साथ नहीं लेती। दीपक शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए वोट चोरी मामले को लेकर मुखर है और भाजपा सरकार के षडयंत्र का पर्दाफाश कर रहे हैं।

# सुजानपुर की पांच पंचायतों को टौणी देवी में मिलाने पर विवाद

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**राजपूत महासभा ने ग्रामीणों की मांग को दिया समर्थन**

सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की पांच पंचायतों के हजारों लोगों की हमीरपुर विकास खंड (ब्लॉक) में ही रखने की मांग का राजपूत महासभा हमीरपुर जिला पूरा समर्थन और सहयोग करने का ऐलान किया है।

महासभा महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने कहा कि वास्तव में ये मांग किसी समुदाय विशेष की नहीं है बल्कि मझोग सुलतानी, टिब्बी, कुठेड़ा, देई दा नौण व ख्याह लोहाखरियां पंचायतों के हजारों ग्रामीणों की है जिन्हें पहले 20 किलो मीटर दूर सुजानपुर और अब 18 किलो मीटर दूर टौणी देवी विकास खंड में मिला दिया गया। जबकि पहले ये पंचायतें हमीरपुर ब्लॉक का हिस्सा थीं जोकि जिला मुख्यालय होने के साथ साथ तहसील ,थाना और उपमंडल मुख्यालय सहित अन्य सभी विभागों का भी केंद्र बिंदू है हमीरपुर के लिए इन पंचायतों की दूरी 6 किलो मीटर से ज्यादा किसी पंचायत के लिए नहीं है। सरकार का ये निर्णय न आमजन के हित में है न ही सरकार को इसका कोई राजनीतिक लाभ है। लोगों का केवल ब्लॉक स्तर के कार्यों के लिए दिन में 30 से 40 किलो मीटर का सफर करवाने का कोई औचित्य नहीं है यदि भोरंज विधानसभा क्षेत्र की 4 और सुजानपुर की 4 पंचायतों को टौणी देवी विकास खंड में शामिल किया जा सकता है तो इन 5 को हमीरपुर खंड में न मिलाने को कोई औचित्य नहीं है। राजपूत सभा जिला अध्यक्ष अजमेर ठाकुर और महासचिव जोगिंदर ठाकुर ने लोकतांत्रिक सरकार होने के नाते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से अनुरोध किया कि प्रदेश सरकार तुरंत हस्तक्षेप करके लोगों के उग्र आंदोलन को टालने के लिए जिला प्रशासन को जनहित में इस जनविरोधी फैसले को बदलने और इन पंचायतों को दोबारा पूर्ववत हमीरपुर ब्लॉक से जोड़ने के आदेश करे ताकि हजारों लोग राहत की सांस ले सकें। अन्यथा जिला राजपूत महासभा हर परिस्थिति में इन पंचायतों के साथ खड़ी है।

**जिम्मेदारी** सर्वसम्मति से हुआ निर्विरोध चुनाव, पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

# हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष बने केसी गौतम

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेश स्तरीय चुनाव वरिष्ठ सदस्य वेद प्रकाश पाठक की अध्यक्षता व बिलासपुर जिला प्रधान रत्न डोगरा एवं हमीरपुर खंड प्रधान देवराज पटियाल की अध्यक्षता में पेंशनर भवन हमीरपुर में संपन्न हुए। चुनावों से पहले प्रदेशभर से आए हुए संघ के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी आयोजित की गई। बैठक की कार्रवाई शुरू होने से पूर्व संघ मुख्य संरक्षक रमेश भारद्वाज के आकस्मात निधन व अन्य पेंशनरों के निधन पर दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

बैठक में पदाधिकारियों द्वारा निवर्तमान कार्यकारिणी की दो वर्ष की गतिविधियों बारे जानकारी दी और वर्ष 2023–25 के लेखों को हाउस के सामने प्रस्तुत किया गया जिसे बैठक में सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष योग राज शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की गई। इसी के साथ पर्यवेक्षकों द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। प्रदेश प्रधान पद के लिए मंडी जिला से लक्ष्मी आर्य व कांगड़ा जिला प्रधान प्रीतम भारती द्वारा केसी गौतम का नाम प्रस्तावित किया गया जिसका सुभाष शर्मा सहित पूरे हाऊस ने समर्थन किया गया। प्रदेशाध्यक्ष के लिए अन्य कोई नाम प्रस्तावित न होने पर केसी गौतम को सत्र 2025–27 के लिए निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चयनित घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त हाउस की सर्वसम्मति से प्रदेश महासचिव पद के लिए ओम राज कंवर तथा वित्त सचिव के पद के लिए शंभू राम जसवाल को निर्विरोध चयनित किया गया।

कार्यकारिणी में अन्य पदाधिकारियों के मनोनयन के लिए हाउस द्वारा खंड प्रधान को प्राधिकृत किया गया। चुनाव प्रक्रिया के उपरांत गवर्निंग बॉडी की पहली बैठक में योग राज शर्मा को संघ के मुख्य संरक्षक तथा संघर्ष समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनिर्वाचित प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम द्वारा प्रदेश चुनाव निर्विरोध संपन्न होने पर पर्यवेक्षकों तथा डेलीगेट्स व समस्त पेंशनरों का चुनावी प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की चिरकाल से समस्याएं या मांगे उनपर सरकार मौन धारण किए हुआ है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की मांगों को लेकर नई रणनीति के तहत सरकार से वार्ता की जाए। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों व पेंशनरों ने नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई जिनमें संघ संस्थापक बीडी शर्मा, निवर्तमान प्रदेशाध्यक्ष योग राज शर्मा, हेम राज शर्मा, शिव कुमार कौड़ा, बली राम ठाकुर, रत्न डोगरा, गंगा पटियाल, राम कुमार माखन, हुक्म शर्मा, रंजीत सिंह, लक्ष्मी आर्य, संतोष बन्याल सहित कई पेंशनरों ने भाग लिया।



हिम आंचल पेंशनर्स संघ के नए प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम सहित कई सम्मानित किए।

**कहा-नई रणनीति के तहत पेंशनरों की मांगों को सरकार के समक्ष उठाएंगे**

## न्यूज ब्रीफ

### हिमांशु शर्मा को मिला सीएसआईआर नेट जेआरएफ में ऑल इंडिया तीसरा रैंक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला के हलोग धामी गांव के हिमांशु शर्मा ने इस साल सीएसआईआर नेट जेआरएफ केमिस्ट्री में ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से एमएससी केमिस्ट्री की पढ़ाई पूरी करने के बाद हिमांशु यहां पीएचडी कर रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मेहनत, किताबों, परिवार और दोस्तों को दिया है। उनकी माता जयवन्ती शर्मा वन विभाग में कार्यरत हैं। हिमांशु की इस उपलब्धि से उनका परिवार और विश्वविद्यालय गौरवान्वित हुआ है। हिमांशु इससे पहले गेट 2025 में भी 65वीं रैंक हासिल कर चुके हैं। उनकी यह दोहरी सफलता उन्हें देश के शीर्ष छात्रों में शामिल करती है। खास बात यह है कि उन्होंने बिना किसी कोचिंग के यह मुकाम हासिल किया है। हिमांशु की उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी।



### आपदा के सात दिन बाद शिक्षा मंत्री को याद आई जनता : सुंदर डोगरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** जुब्बल-कोटखाई-नावर क्षेत्र में 30 अगस्त से हो रही भारी बारिश और भूस्खलन ने भारी तबाही मचाई है। कई सड़कें टूट गईं, सेब के बागान उजड़ गए और कई गांव बिजली-पानी से वंचित हैं। ऐसे मुश्किल समय में जहां भाजपा नेता चेतन बरागटा लगातार लोगों के साथ खड़े रहे, वहीं प्रदेश के शिक्षा मंत्री आपदा के सात दिन बाद भी अपने क्षेत्र से नदारद रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष मीनाक्षी मांटा और सुंदर डोगरा ने इसे जनता के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा बताया है। मीनाक्षी और सुंदर डोगरा ने कहा कि जब पूरे प्रदेश के नेता अपने-अपने क्षेत्र में लोगों की मदद कर रहे थे, तब शिक्षा मंत्री का अनुपस्थित रहना निराशाजनक है। इसके उलट, चेतन बरागटा ने पिछले पांच दिनों से प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका हाल जाना। उन्होंने खुद मौके पर जाकर विभागीय कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और सड़कों की जल्द बहाली के लिए सक्रिय प्रयास किए। बरागटा की सक्रियता और संवेदनशीलता ने साबित कर दिया है कि असली जनप्रतिनिधि वही है जो संकट के समय में जनता के साथ खड़ा हो।

### मंत्री अनिरुद्ध और विक्रमादित्य कल करेंगे घंडल में पंचायतघर का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह तथा लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 8 सितंबर को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। दोनों मंत्री प्रातः 11.30 बजे घंडल में पंचायतघर का शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही विक्रमादित्य सिंह सामुदायिक हॉल की आधारशिला भी रखेंगे तथा बाद में च्मंत्री आपके द्वार' कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### कुलदीप पठानिया बेंगलुरु में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ सम्मेलन में होंगे शामिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 10 सितंबर को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के लिए रवाना होंगे। वहां वे 11 से 13 सितंबर तक आयोजित होने वाले 11वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) भारत क्षेत्र सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष विनय कुमार, विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा, संयुक्त निदेशक हरदयाल भारद्वाज, अध्यक्ष के सचिव प्रकाश ठाकुर और उप सचिव जितेंद्र कंवर भी सम्मेलन में भाग लेंगे। यह सम्मेलन कर्नाटक विधानसभा के विधान भवन में होगा, जिसमें सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के पीठासीन अधिकारी, उपाध्यक्ष और सचिव शामिल होंगे।

# रोहित ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई में लिया आपदाग्रस्त क्षेत्र का जायजा

## बोले- सड़कों-मकानों को करोड़ों का नुकसान, सेब सीजन को बचाना पहली प्राथमिकता

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शनिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई का दौरा किया, जहां उन्होंने हाल की आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और विकास भवन कोटखाई तथा विश्राम गृह हाटकोटी में सभी प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ आपदा राहत कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक में रोहित ने कहा कि इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश के कारण हिमाचल में भारी आपदा आई है। उनके क्षेत्र में सड़कों और अन्य मूलभूत सुविधाओं को करोड़ों का नुकसान हुआ है। जुब्बल उपमंडल में 73 मकान (65 आंशिक और 8 पूरी तरह से) प्रभावित हुए हैं और एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। कोटखाई में 41 मकान (35 आंशिक और 6 पूरी तरह से) तथा टिक्कर में 29 मकान आंशिक रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रभावितों को नियमों के अनुसार राहत दी जा रही है।

राष्ट्रीय राजमार्ग 705 और 707 को नुकसान से लगभग 37 करोड़ की हानि हुई है। जुब्बल मंडल में 172 में से 21 सड़कें बंद हैं, कोटखाई उपमंडल में 126 में से 33 सड़कें बाधित हुई हैं, जबकि टिक्कर उपमंडल में 39 में से 13 सड़कें बंद हैं। बिजली और पानी की योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं। विद्युत विभाग को जुब्बल-कोटखाई मंडल में 2 करोड़ और टिक्कर में 14 लाख का नुकसान हुआ है। जल शक्ति विभाग के तहत जुब्बल-कोटखाई में 131 और टिक्कर में 67 योजनाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे लगभग 9.47 करोड़ का नुकसान हुआ है।



जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में राहत कार्यों का जायजा लेते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

### युद्ध स्तर पर बहाल किए जा रहे रास्ते

**रोहित** ठाकुर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सेब सीजन को देखते हुए सड़कों को तुरंत खोलने की कार्रवाई की जाए। इस समय बड़ी संख्या में मशीनें और श्रमिक तैनात हैं और आने वाले दिनों में इन्हें और बढ़ाया जाएगा।

### एचपीएमसी 77 खरीद केंद्रों पर ले रही सेब

**उन्होंने** बताया कि सरकार एमआईएस के तहत सेब खरीद रही है और एचपीएमसी द्वारा 77 खरीद केंद्रों पर यह सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले एक सप्ताह के भीतर सभी मूलभूत सुविधाओं को शत प्रतिशत बहाल कर लिया जाएगा, ताकि आम जनजीवन पर असर न पड़े। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही पुनः अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा करेंगे और राहत कार्यों की स्थिति की समीक्षा करेंगे।

# सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू का हमीरपुर दौरा रद्द

**अनंत ज्ञान टीम, शिमला/हमीरपुर**

हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आज (शनिवार) हमीरपुर दौरा रद्द हो गया है। शिमला में खराब मौसम के कारण आज उड़ान संभव नहीं थी। सीएम दोपहर 12.30 तक मौसम खुलने का इंतजार करते रहे। मगर मौसम साफ होने के बजाय ज्यादा खराब होता गया। इसे देखते हुए उन्होंने अपने गृह जिला का दौरा टाल दिया है। बता दें कि मुख्यमंत्री सुक्खू आज आपदा प्रभावित जिला हमीरपुर जाने वाले थे। इस दौरान आपदा प्रभावितों और अधिकारियों के साथ मीटिंग रखी गई थी। मगर, शिमला में आज सुबह से ही बादल और घनी धुंध छाई हुई हैं। ऐसे मौसम में चॉपर की उड़ान संभव नहीं थी।

**खराब मौसम के कारण नहीं उड़ पाया हेलिकाप्टर**



### पहले 3 जिलों का कर चुके दौरा

**सीएम** इससे पहले 3 जिलों का दौरा कर चुके हैं और सभी आपदा प्रभावित जिलों में जाकर नुकसान का जायजा ले रहे हैं। इससे पहले वह कुल्लू, चंबा, मंडी जाकर भारी बारिश से हुई तबाही देख चुके हैं। चंबा जाते वक्त उन्होंने कांगड़ा के इंदौरा और फतेहपुर विधानसभा में भी नुकसान का हवाई सर्वेक्षण किया। इसी कड़ी में आज हमीरपुर जाने का कार्यक्रम था। अब मौसम साफ होने के बाद ही उनका हमीरपुर का नया कार्यक्रम तय होगा।

### शिमला से करेंगे राहत एवं बचाव कार्य की मॉनीटरिंग

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू अब शिमला में ही अधिकारियों की मीटिंग लेंगे। इस दौरान वह विभिन्न जिलों की डीसी से भी राहत एवं पुनर्वासन कार्य का रिव्यू करेंगे।

# हेलिपैड के समीप मिली इंसानी खोपड़ी जांच के लिए भेजी फॉरेंसिक लैब

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** उपमंडल रामपुर के अंतर्गत शिंगला पंचायत में उस समय सनसनी फैल गई जब हेलिपैड के पास इंसानी खोपड़ी मिली। इस घटना की सूचना ग्राम पंचायत प्रधान राजकुमार गौतम द्वारा पुलिस थाना रामपुर को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और इंसानी खोपड़ी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खनेरी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सिक ने प्राथमिक जांच के बाद पुष्टि की कि यह खोपड़ी इंसान की है। इसे जांच के लिए फोरेंसिक लैब भेज दिया गया है।

उधर, डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने बताया कि यह खोपड़ी किसकी है और यहां कैसे पहुंची इस बारे पता लगाने की पूरी कोशिश की जा रही है। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत प्रधान ने बताया कि रामपुर हेलिपैड के पास उमरी के साथ मार्ग पर भूस्खलन होने से मार्ग अवरुद्ध हुआ था, जिसे बहाल करते समय इस खोपड़ी को यहां पर देखा गया। इस खोपड़ी की जांच के लिए वेटरनरी फार्मासिस्ट रामपुर डॉ. अनिल शर्मा को मौके पर बुलाया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस ने इंसानी खोपड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।



उमरी मार्ग पर पड़ी इंसानी खोपड़ी।

# आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आएं : प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों से आपदा प्रभावितों की मदद के लिए आगे आने और राहत कोष में उदारतापूर्वक दान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और भूस्खलन से प्रदेश में अब तक 360 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, हजारों लोग बेघर हुए हैं, सड़कों व फसलों और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है जो करोड़ों रुपए तक पहुंच चुका है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि इस विपदा की घड़ी में सभी को एकजुट होकर सहयोग करना चाहिए और भाजपा नेताओं से भी राहत कार्यों में सहयोग करने तथा केंद्र सरकार से विशेष आर्थिक मदद की मांग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीमित संसाधनों के बावजूद राहत व पुनर्वास कार्यों को गति दे रही है और प्रभावित लोगों की हरसंभव मदद करना कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता है।



**हिमाचल आपदा में हरियाणा सरकार का बड़ा सहयोग**

# पंचकूला से रवाना होगी राहत सामग्री की बड़ी खेप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि हिमाचल में आई आपदा से निपटने के लिए हरियाणा भाजपा सरकार बड़ा सहयोग करने जा रही है।

प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के आग्रह पर 7 सितंबर को प्रात: 9 बजे पंचकूला स्थित भाजपा कार्यालय से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और डॉ. बिंदल राहत सामग्री की एक बड़ी खेप को हरी झंडी दिखाकर चंबा के लिए रवाना करेंगे। इस खेप में 500 तरपाल, 500 गद्दे, 500 कंबल, 100 क्विंटल चावल, 50 क्विंटल आटा, 10 क्विंटल दाल, 1000 बोतल तेल, मसाले, नमक व अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार प्रभावित राज्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर हिमाचल सहित उत्तराखंड, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी दल गठित किए गए हैं। इनमें गृह मंत्रालय, एनडीएमए के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी सहित व्यय, कृषि, जल शक्ति, ऊर्जा, सड़क परिवहन और ग्रामीण विकास मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

# भवन और सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड होगा सशक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड को सशक्त बनाने के लिए 51वीं बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने बताया कि 150 श्रमिक मित्र आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किए जाएंगे। हमीरपुर में बोर्ड के मुख्यालय के लिए भूमि चिन्हित करने और भोरंज में नया उप-कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी गई।

इसके अलावा कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और सोलन में लेबर चौक स्थापित करने, शिमला में स्थायी भवन उपलब्ध करवाने और मजदूरों व उनके आश्रितों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने पर भी सहमति बनी। बैठक में ई-केवाईसी प्रक्रिया को तेज करने, मजदूरों के डेटा को ई-श्रम पोर्टल से जोड़ने और दावों के डेटा को डिजिटलाइज करने के निर्देश दिए गए। आपदा प्रभावित मजदूरों को सह-समाप्ति आधार पर वित्तीय सहायता देने, दावे दाखिल करने की समय सीमा छह महीने से बढ़ाकर एक वर्ष करने और आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोर्ड अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर।

# सेब मंडियों तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला शिमला में लगातार हो रही भारी बारिश से जगह-जगह लिंक रोड बाधित हो गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप के निर्देश पर शनिवार को सभी उपमंडलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में फील्ड पर उतरे और बाधित मार्गों की बहाली का जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम ने स्वयं प्रभावित लिंक रोडों का निरीक्षण किया और बहाली कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि सेब की फसल पूरी तरह तैयार है और बागवानों की सबसे बड़ी चिंता यही है कि वह सुरक्षित रूप से मंडियों तक पहुंचे। मौसम लगातार खराब रहने के बावजूद जिला प्रशासन और फील्ड स्टाफ पूरी ईमानदारी से दिन-रात मार्गों को खोलने में जुटा हुआ है। बहाली के लिए सरकारी और निजी मशीनरी की तैनाती की गई है, ताकि बागवानों को राहत मिल सके। पांच सितंबर को शिमला जिले में कुल 242 लिंक रोड बाधित हुए थे। इनमें शिमला ग्रामीण, सुन्नी, ठियोग, कोटखाई, चौपाल, रोहड़ू, रामपुर, कुमारसैन, डोडरा क्वार और कुपवी क्षेत्र प्रभावित रहे। इसके अलावा चार मुख्य मार्ग भी बंद रहे। छह सितंबर की शाम तक जिला में 90 लिंक रोड बहाल कर दिए गए हैं और शेष 152 सड़कों पर तेजी से कार्य जारी है।



एसडीएम शिमला फील्ड में राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

**एसडीएम उतरे फील्ड में**

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए 28 सितंबर तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बाल विकास परियोजना, शिमला शहरी के अंतर्गत विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और योग्य महिला उम्मीदवार 28 सितंबर, तक इन पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं। यह भर्ती प्रक्रिया रैड होटल, लड़की मोहल्ला, लोअर जाखू, हाउसिंग बोर्ड, पुलिस लाइन, फिल्लादलह, दक्षिण विहार, खलीनी-1 और कोमाली बैंक जैसे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए है। पदों का विस्तृत विवरण और संबंधित फीडर एरिया की जानकारी बाल विकास परियोजना कार्यालय में उपलब्ध है।

इस भर्ती के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। केवल महिला उम्मीदवार ही आवेदन कर सकती हैं और उन्हें संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के स्थानीय क्षेत्र में रहना अनिवार्य है। उम्मीदवार की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और दोनों पदों कार्यकर्ता और सहायिका के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास है। परिवार की वार्षिक आय 50,000 से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन 28 सितंबर, तक बाल विकास परियोजना अधिकारी शिमला शहरी के कार्यालय में जमा कर सकती हैं। साक्षात्कार 30 सितंबर, को सुबह 11 बजे उपमंडलाधिकारी (ना.) शिमला शहरी के कार्यालय में आयोजित किया जाएगा।

# शिमला में दो सड़क हादसों में दो घायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के बालूगंज थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह दो सड़क हादसे हुए। इनमें एक सीमेंट से भरा ट्रक रेलिंग तोड़ते हुए सड़क से नीचे जा गिरा, जबकि दूसरी घटना में एचआरटीसी व निजी वोल्वो बस की टक्कर हो गई।

पहली घटना तारादेवी और शोघी के बीच सोनू बंगला के पास हुई। यहां सीमेंट से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे की रेलिंग तोड़ते हुए नीचे गिर गया। हादसे में चालक सहित एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। दोनों को उपचार के लिए आईजीएमसी अस्पताल शिमला भेजा गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक में तकनीकी खराबी आने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया।


इसी बीच दूसरी घटना शोघी के पास हुई, जहां एचआरटीसी की बस और एक निजी वोल्वो बस में टक्कर हो गई। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी यात्री को चोटें नहीं आईं। एचआरटीसी की बस सोलन की ओर जा रही थी, जब सामने से आ रही निजी बस से टक्कर हो गई। उधर, बालूगंज पुलिस ने दोनों मामलों में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# संजौली में कोचिंग सेंटर खुला रखने पर डीसी के आदेश पर दर्ज होगी एफआईआर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शहर के संजौली में संचालित एक निजी कोचिंग संस्थान पर उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को संस्थान के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन के अनुसार 3 और 4 सितंबर को सभी शिक्षण और कोचिंग संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए गए थे, लेकिन कोचिंग सेंटर ने इन आदेशों की अवहेलना की।

जिला प्रशासन को सूचना मिली थी कि कोचिंग सेंटर में कक्षाएं जारी हैं। इसके बाद उपायुक्त ने एडीएम पंकज शर्मा और तहसीलदार अपूर्व शर्मा को मौके पर जांच के लिए भेजा तो शनिवार को वहां कक्षाएं चल रही थीं। जांच के दौरान छात्रों के मोबाइल में संस्थान की ओर से कक्षाओं के संदेश भी मिले।




**खुशखबरी** — **शिमला में 13.79 किलोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना को मिली स्वीकृति**

# स्विट्जरलैंड की तर्ज पर हिमाचल बनेगा पर्यटन हब: डिप्टी सीएम

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन और कनेक्टिविटी को नई दिशा देने के लिए बड़े स्तर पर रोप-वे परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनसे धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ परिवहन के वैकल्पिक साधन भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

उप-मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला में 13.79 किलोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना को अंतिम स्वीकृति मिल चुकी है। 1734.70 करोड़ रुपए की लागत से बन रही। इस परियोजना को अगले चार वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य है। इसमें 3 लाइनें, 14 सेक्शन और 13 स्टेशन होंगे। सचिवालय, अस्पताल, स्कूल, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड को इस नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत भी दिसंबर 2026 तक 75 करोड़ रुपए की लागत से कई प्रोजेक्ट पूरे किए जाएंगे।

धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में तीन महत्वाकांक्षी रोप-वे परियोजनाएं तैयार की जा रही हैं। इनमें बाबा बालकनाथ मंदिर रोप-वे, बिजली महादेव रोप-वे और माता चिंतपूर्णी मंदिर रोप-वे शामिल हैं। इन परियोजनाओं पर लगभग 420 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इन्हें जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर 2024 में देश का पहला ग्रामीण रोप-वे, बगलामुखी रोप-वे शुरू किया गया, जिससे अब तक 69 हजार से अधिक यात्री लाभ उठा चुके हैं। आपदा के समय यह रोप-वे राहत कार्यों के लिए जीवन रेखा साबित हुआ।



### यातायात की समस्या से मिलेगा छुटकारा

**उपमुख्यमंत्री** ने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं से हिमाचल में यातायात जाम की समस्या कम होगी, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन घटेगा और पर्यावरण अनुकूल आधुनिक परिवहन का विकल्प मिलेगा। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से हिमाचल को स्विट्जरलैंड की तर्ज पर पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जाएगा और युवाओं के लिए हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### धरातल पर उतारी जाएंगी नई परियोजनाएं

**उपमुख्यमंत्री** ने कहा कि पर्यटन कनेक्टिविटी की दिशा में कुल्लू के ढालपुर से पीज रोप-वे का काम तेजी से चल रहा है। इस परियोजना पर 80 करोड़ रुपए खर्च होंगे और इसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। इसके अलावा शिमला से परवाणु तक 38 किलोमीटर लंबी रोप-वे परियोजना की भी योजना बनाई गई है। 5602.56 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली यह परियोजना पब्लिक-प्राइवेट मोड पर पूरी होगी। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट पूरे देश में वैकल्पिक परिवहन की मिसाल बनेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### गोमा ने की टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री यादविंद्र गोमा ने शुक्रवार देर शाम को दक्षता फाउंडेशन की ओर से प्राचीन शिव मंदिर बरोहल में आयोजित तृतीय गणेश महोत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने दक्षता फाउंडेशन को सफल आयोजन के लिए प्रोत्साहन के रूप में 31 हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने फाउंडेशन की मांग पर प्राचीन शिव मंदिर मंदिर के परिसर में टीन शेड निर्माण के लिए 10 लाख देने का ऐलान किया, ताकि प्रत्येक वर्ष यहां पर भव्य रूप से गणेश महोत्सव मनाया जा सके। उन्होंने फाउंडेशन को अपनी तरफ से हरसंभव सहयोग देने का भी आश्वासन दिया।

### एसओएस पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से मार्च, 2025 में संचालित की गई राज्य मुक्त विद्यालय की दसवीं व जमा दो कक्षा की परीक्षा के पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण के लिए जिन परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, उनका पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण का परिणाम शनिवार को घोषित कर दिया गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन/पुनर्निरीक्षण का परिणाम हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए शाखाओं के दूरभाष नंबर 01892-242158 (पुनर्मूल्यांकन) व (01892-242122 (पुनर्निरीक्षण) पर संपर्क कर सकते हैं।

### खड़ौठ के ऋतिक भारतीय सेना में बने लेफ्टिनेंट



**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** पंचायत खड़ौठ के ऋतिक शर्मा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल कर माता-पिता व पूरे क्षेत्र का नाम चमकाया है। अजय शर्मा की 12वीं तक की शिक्षा जवाहर नवोदय विद्यालय पपरोला से हुई। इसके बाद इन्होंने बीटेक और एमटेक में की पढ़ाई एनआईटी हमीरपुर से की है। अपनी पढ़ाई पूरी करने के पश्चात ऋतिक शर्मा ने सीडीएस की परीक्षा पास कर कमीशन हासिल करके भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट का पद हासिल किया है। ऋतिक के पिता अजय शर्मा धीरा स्कूल में नॉन मेडिकल साइंस के शिक्षक हैं, जबकि माता रीना शर्मा नौरा स्कूल में टीजीटी आर्ट्स की अध्यापिका हैं। ऋतिक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा गुरुजनों को दिया है।

# बिजली बोर्ड ने मांगी दो तीन गाड़ियों की पार्किंग

## एक्सईएन कार्यालय के बाहर कटते हैं उपभोक्ताओं के चालान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला में स्मार्ट रोड किनारे बिजली बोर्ड ने प्रशासन से दो से तीन गाड़ियों की पार्किंग की जगह उपलब्ध करवाने की मांग उठाई है।

विद्युत मंडल धर्मशाला कार्यालय में हर रोज अपने कार्यों के लिए उपभोक्ताओं का आगमन लगा रहता है। ऐसे में कार्यालय के बाहर सड़क किनारे वाहन पार्क करने पर उपभोक्ताओं के चालान काटे जा रहे हैं। इस तरह की शिकायतें लगातार बिजली बोर्ड के एक्सईएन के पास उपभोक्ताओं की ओर से पहुंच रही हैं, जिस पर पुन: प्रशासन से पार्किंग स्पेस उपलब्ध करवाने का आग्रह किया गया है। इससे पहले भी बिजली बोर्ड की ओर से नगर निगम व जिला प्रशासन की बैठक में इस मामले को उठाया गया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। गौरतलब है कि विद्युत मंडल कार्यालय धर्मशाला के साथ ही एसडीओ कार्यालय भी हैं। जहां पर हर दिन उपभोक्ता नए मीटर लगवाने, बिजली कनेक्शन लेने संबंधी जानकारी लेने और विद्युत बोर्ड से संबंधित अपनी शिकायतों के निवारण के लिए आते हैं, जिन्हें अपने वाहन सड़क किनारे पार्क करने पड़ते हैं, जिनके चालान कट जाते हैं। ऐसे में बिजली बोर्ड ने उपभोक्ताओं के हित को देखते हुए मंडल कार्यालय के बाहर दो से तीन वाहनों की पार्किंग चिन्हित करने का आग्रह पुन:नगर निगम व जिला प्रशासन से किया है।

**पहले भी नगर निगम व जिला प्रशासन की बैठक में उठाया था मामला**

> **प्रशासन** से कार्यालय के बाहर दो से तीन वाहनों की पार्किंग के लिए स्थान चिन्हित करने का आग्रह किया गया है, जिससे कि चिन्हित पार्किंग स्थल में वाहन पार्क करने पर उपभोक्ताओं को चालान कटने की समस्या से निजात मिल सके।
> **-विकास ठाकुर, एक्सईएन, विद्युत मंडल धर्मशाला।**

# विधायक निधि से होने वाले विकास कार्यों को दें प्राथमिकता : पठानिया



उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सुनी लोगों की समस्याएं।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

**शाहपुर** के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि विधायक निधि से किए जाने वाले विकास कार्यों को अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर करवाएं, ताकि पात्र लोगों को इसका लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने शनिवार को रैत स्थित कांग्रेस कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया।

पठानिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में बिजली, पानी और सडक़ों से संबंधित कार्यों को शीघ्रता से पूरा किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# कांग्रेस का अंतिम संस्कार करके ही छोड़ेंगे राहुल गांधी : शांता

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार ने प्रेसवार्ता में कहा कि मैंने उम्र के इस पड़ाव में साठ साल सक्रिय राजनीति की है। मैंने कठिन परिस्थितियों में भी मूल्य आधारित राजनीति की है। कई कड़े फैसले भी लेने पड़े, लेकिन मैंने सत्य का साथ नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि उस वक्त की राजनीति व आज की राजनीति में बहुत बदलाव आ गया है। मैंने केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री रहते हुए प्रदेश तथा देश के विकास के लिए बहुत कार्य किया है। बहुत सारी योजनाएं हिमाचल को लाई थी, जिसका आज भी प्रदेश को फायदा हो रहा है।

मैंने हमेशा देश व प्रदेश हित में कार्य करने वाले राजनीतिज्ञों की प्रशंसा करता हूं। मेरी सत्ता चली गई पर मैंने सत्य का साथ नहीं छोड़ा। आज मेरी आत्मकथा की पुस्तक जो कि हिंदी व अंग्रेजी भाषा में छपी है, उसे पूरे देश के लोग पड़ रहे है, जल्द ही यह पुस्तक पंजाबी में भी छपने जा रही है, जिसका 17 सितंबर को विमोचन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब मैंने सक्रिय राजनीति से किनारा कर लिया है। मैंने लोगों के सहयोग से विवेकानंद ट्रस्ट का गठन किया, जिसमें सौ करोड़ की चार संस्थाएं काम कर रही हैं। शांता ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या तथा अंधाधुंध विकास ही हिमाचल में आ रही आपदा का मुख्य कारण है। अब इस आपदा से निपटना आसान नहीं है। आपदा के लिए केंद्र से फंड आ रहा है वे बहुत कम है। शांता ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि जब कहने को कोई मुद्दा नहीं होता है, तब वह कोई न कोई झूठा प्रचार शुरू कर देते हैं, जिसकी सुप्रीम कोर्ट से भी लताड़ सुननी पड़ती है। राहुल गांधी महात्मा गांधी के समय की देश की सबसे बड़ी व पुरानी कांग्रेस पार्टी का अंतिम संस्कार कर के ही छोड़ेंगे।

# मांझी खड्ड में मिला व्यक्ति का शव

**चार सितंबर से लापता था मृतक**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला के तहत शीला चौक के समीप मांझी खड्ड में पुलिस ने एक शव बरामद किया है। मृतक की पहचान 48 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र जैसी राम निवासी खनियारा के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लिया है। वहीं, आसपास के लोगों के बयान भी कलमबद्ध किए। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि शीला चौक के समीप मांझी खड्ड में एक शव पड़ा है, जिस पर पुलिस टीम मौका पर पहुंची और शव को खड्ड से बाहर निकाला। मांझी खडड में शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिवार सदस्य भी मौका पर पहुंचे थे, जिन्होंने शव की शिनाख्त की। जानकारी के अनुसार मृतक अनिल कुमार 4 सितंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट धर्मशाला थाना में उनके भाई सुनील कुमार की ओर से दर्ज करवाई गई थी। परिवार सदस्यों के अनुसार अनिल कुमार मानसिक बीमारी से पीड़ित था और आस-पास के इलाकों में घूमता रहता था। उधर, एएसपी जिला कांगड़ा हितेष लखनपाल ने पुष्टि करते हुए बताया कि शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। मृतक के परिजनों व मौका पर मौजूद लोगों के बयान कलमबद्ध किए गए हैं।

# कांगड़ा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता 13 से

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

**कांगड़ा** में दो दिवसीय 22वीं राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन 13 और 14 सितंबर को बज्रेश्वरी यात्री सदन नजदीक माता मंदिर कांगड़ा में हिमाचल योग एसोसिएशन की इकाई कांगड़ा योग एसोसिएशन व त्रिगर्त दिव्य योग सेवा समिति के सहयोग से किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 8 वर्ष से लेकर 65 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी जूनियर व सीनियर वर्ग में हिस्सा लेंगे। विजेता प्रतिभागी योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की योग आसन खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशा मुक्त रखने के साथ संस्कार व सनातन संस्कृति से युक्त करना है। इस अवसर पर आचार्य मोहिंदर शर्मा, आचार्य रमण शर्मा, योगी रणजीत सिंह, विरेंद्र चौधरी, नरेंद्र त्रेहन, सचिन कौल, कुशल असित, सुमन कौंडल, राकेश मेहरा, प्रिंस मोहन उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता में 8 से 65 वर्ष आयु वर्ग तक प्रतिभागी ले सकेंगे हिस्सा**

### भवारना और बारी में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल भवारना के सहायक अभियंता इंजीनियर मयंक शर्मा ने प्रेस बयान में कहा कि विद्युत लाइनों व उपकरणों के आवश्यक रखरखाव के लिए 132/33/11 केवी दैहण से विद्युत आपूर्ति 8 सितंबर सोमवार को बाधित रहेगी। 11 केवी खैरा फीडर के तहत आने वाले क्षेत्र क्रमशः सैनिक वेलफेयर कॉलोनी ठाकुरद्वारा, भवारना, बारी, सिहोल, वडगुहार हैंजा, भाडलदेवी, ठंबा, कथियाड़ा ,सुतरेहड़, ओडर, खैरा रोड़, हिम दर्शन, मालग, आरठ, घोर-नड्ड, चन्जेड़, अपर व लोअर पुन्नर, कनाल पट्ट, डकरेर व मालनू इत्यादि गांवों की बिजली आपूर्ति 8 सितंबर को सुबह 9 से लेकर काम समाप्ति तक बाधित रहेगी। बारिश होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएगा।

# सम्मेलन: भविष्य में भारत-तिब्बत संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर बल



धर्मगुरु दलाईलामा ने भारत और तिब्बत संबंधों पर आयोजित विशेष सम्मेलन में की शिरकत। प्रमुख इतिहासकार व शोधकर्ता रहे मौजूद।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**बौद्ध** नगरी मैक्लोडगंज स्थित दलाईलामा निवास में धर्मगुरु दलाईलामा ने भारत और तिब्बत संबंधों पर आयोजित विशेष सम्मेलन में शिरकत की। इस अवसर पर तिब्बत और हिमालयी क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख इतिहासकार और शोधकर्ता उपस्थित रहे। दलाईलामा ने उनसे मुलाकात कर उनके कार्यों की सराहना की और भविष्य में भारत-तिब्बत संबंधों को और सुदृढ़ बनाने पर बल दिया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था कि दोनों देशों की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंधों को उजागर करना तथा आने वाली पीढ़ियों तक इस धरोहर को पहुंचाना।

# पंचायतों के समग्र विकास के लिए कारगर कदम उठाएं अधिकारी : बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**प्रदेश** पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने नगरोटा विस क्षेत्र की पंचायतों के समग्र विकास के लिए अधिकारियों को कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। नगरोटा आईपीएच विश्राम गृह पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान उन्होंने कहा कि नगरोटा विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायतों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

उन्होंने विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव और गरीब के विकास कार्यों में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र में बड़े विकास कार्यों के साथ-साथ गांव और गरीबों तक विकास पहुंचाना, सबसे महत्वपूर्ण कार्य है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं पहुंचाई जा सके। टिम्बर हार पठियार प्राइमरी स्कूल जिसे पूर्व में बच्चों की संख्या कम होने के चलते मर्ज कर दिया गया था। स्थानीय लोगों ने स्कूल में पुन: बच्चों की संख्या बढ़ा ली है और इस स्कूल को पुन: शुरू करवाने को लेकर स्थानीय लोग स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के साथ आरएस बाली के पास मिलने पहुंचे। आरएस बाली ने इन छोटे बच्चों और स्थानीय लोगों को निराश नहीं किया। उन्होंने स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की हिमाचल प्रदेश शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से वीडियो कॉल के माध्यम से बात करवाई, ताकि इस स्कूल को पुन: खोलने के लिए कदम उठाए जा सकें।

**बोले- विकास कार्यों में कोताही नहीं होगी बर्दाश्त**

### दल बहादुर मेमोरियल फुटबाल समिति की नई कार्यकारिणी गठित

# पालन जंग अध्यक्ष, नरेश को महामंत्री की कमान



ऑल इंडिया शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं दल बहादुर मेमोरियल फुटबाल समिति ने किया सम्मान एवं कृतजता समारोह का आयोजन।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**ऑल** इंडिया शहीद मेजर दुर्गा मल्ल एवं दल बहादुर मेमोरियल फुटबाल समिति धर्मशाला की ओर से सम्मान एवं कृतजता समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समिति की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी (सत्र 2025-26 से 2026-27) का औपचारिक स्थापना समारोह हुआ। पालन जंग प्रधान को अध्यक्ष, विश्व विजय राणा को उपाध्यक्ष, नरेश सिंह मनकोटिया को महामंत्री, विकास वत्स कोषाध्यक्ष, सेवानिवृत्त सहायक कमांडेंट राजेश थापा को संयुक्त सचिव बनाया गया। नवनिर्वाचित टीम ने घोषणा की कि जल्द उपसमितियों का गठन किया जाएगा। यह टूर्नामेंट 1989 से हर वर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिसमें पूरे भारत से टीमें भाग लेती हैं।

### समिति के सदस्यों को किया सम्मानित

**समारोह** में पहली बार नवनिर्वाचित समिति ने 1989 में आयोजित पहले टूर्नामेंट की आयोजन समिति के सदस्यों को सम्मानित किया। इस दौरान विशेष रूप से राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला की बालिका फुटबाल टीम, जिन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय फुटबाल चैंपियनशिप 2024-25 जीती को भी सम्मानित किया गया। यह पहल न केवल बेटियों को प्रोत्साहित करती है, बल्कि समिति की महिला खेलों के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है।

**सराहनीय** अभी तक 187 बसों से 8120 यात्रियों को चंबा से पठानकोट और कांगड़ा पहुंचाया : अजय

# मणिमहेश यात्रियों की वापसी को एचआरटीसी प्रयासरत

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान**

**कांगड़ा।** एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने चंबा से एचआरटीसी की चल रही नि:शुल्क बस सेवा की जानकारी देते हुए बताया कि बस 29 अगस्त से लगातार हर रोज एचआरटीसी चंबा-भरमौर में फंसे श्रद्धालुओं को निशुल्क सुरक्षित लाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया अभी तक 187 बसों से लगभग 8120 यात्रियों को चंबा से पठानकोट और कांगड़ा पहुंचाया गया। अजय वर्मा ने एचआरटीसी के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपदा के समय में भी हमारे सभी कर्मचारियों और अधिकारियों ने सभी श्रद्धालुओं को घर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया यह इस समय एकजुट होकर प्रदेश की सेवा करने का है और हम सभी को मिलकर इसमें अपना योगदान देना चाहिए।



अजय ने एचआरटीसी के सभी कर्मचारियों अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

एचआरटीसी ने चंबा में ही नहीं बल्कि थुनाग मंडी में हुई आपदा में भी निशुल्क सेवा देकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है। उन्होंने कांगड़ा विधानसभा में बारिश के दौरान हुए नुकसान की जानकारी भी साझा करते हुए बताया कि लोक निर्माण विभाग में लगभग 8 करोड़, जल-शक्ति विभाग में करीब 14.58 करोड़, वन विभाग में 18 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ साथ भारी बारिश से 16 कच्चे मकान और 156 गोशाला ध्वस्त है और सभी कांगड़ावासियों को भरोसा दिलवाते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी किए गए निर्देशों के अनुसार सभी को राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा प्रदेश जीबी के यशस्वी मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रत्येक श्रद्धालु को घर पहुंचाने की मुहिम जारी रहेगी और साथ ही आपदाग्रस्त प्रत्येक व्यक्ति को लाभ देने का कार्य किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कर्मी व सहायिका पदों को साक्षात्कार 30 को

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी भवारना स्थित पालमपुर के तहत 7 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 20 आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों के लिए 30 सितंबर को उपमंडल अधिकारी नागरिक पालमपुर के कार्यालय में साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुमारी रीना ने बताया कि उपरोक्त पदों को भरने के लिए आवेदनकर्ता 27 सितंबर शाम 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी भवारना स्थित पालमपुर कार्यालय में आवेदन जमा करवा सकते हैं। आंगनबाड़ी केंद्र लोअर बल्ला, अपर डाढ़, बल्ला, आरठ, गुजरेहड़ा, नच्छीर व नगर निगम के वार्ड नंबर 4 के चौपाटी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद भरे जाएंगे। वहीं, आंगनबाड़ी केंद्र गदियाड़ा-1, थला, पदरा, दरंग-1, इंद्रपुर, रोडी, अप्पर चौकी, कुलायकड़, अपर डाढ़, रठां, समरियाल, समूला खास, भौंटा, बगीची, न्याड़, बेहड़ू, रोपा, जमीर, अपर दत्तल और आरठ में सहायिका के पद भरे जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास रखी गई है। उम्मीदवार की आयु 21 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए और परिवार की सालाना आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए।

# राष्ट्र को आगे बढ़ाने में दें अपना योगदान : सुरेंद्र

## सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी ने मनाया स्थापना दिवस



संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने सेवाएं प्रदान कर रहे अध्यापकों को सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभा रहे सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रो होम्योपैथी धर्मशाला स्थित बगली ने अपना द्वितीय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में यहां सेवाएं प्रदान कर रहे शिक्षकों को सम्मानित किया और कहा कि आज हम सभी मिलकर इस राष्ट्र को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। उन्होंने संस्थान में पढ़ाई करने वाले छात्रों को भी प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शिक्षक को राष्ट्र निर्माता कहा जाता है, जो अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देता है। संस्थान के प्राचार्य डॉ. अशोक भारद्वाज ने बताया कि हमें अपने पूर्वजों को याद करते हुए उनके द्वारा दिए गए योगदान को देखकर उनका स्मरण करना चाहिए। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भी विचार रखे और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। प्रबंधन समिति की ओर से इस संस्थान में असहाय, जरूरतमंद और अपंग रोगियों को नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा प्रदान करने की घोषणा की है।

# कांगड़ा हवाई अड्डा आपदा प्रबंधन में निभा रहा महत्वपूर्ण भूमिका

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा हवाई अड्डे ने सैन्य हेलिकॉप्टरों की लैंडिंग और टेकऑफ की सुविधा के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) और हवाई अड्ड के संचालन को ड्यूटी घंटे से अधिक समय तक प्रदान करके एक उल्लेखनीय समर्थन प्रदर्शित किया है।

ये हेलिकॉप्टर हिमाचल प्रदेश के दूरस्थ और असंबद्ध क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री, जिसमें राशन और दवाएं शामिल हैं, के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कांगड़ा एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि हवाई अड्डे के प्रयास, जिला प्रशासन के साथ घनिष्ठ समन्वय में, जरूरतमंद लोगों तक महत्वपूर्ण सहायता की समय पर पहुंच सुनिश्चित कर रहे हैं। यह पहल समुदाय का समर्थन करने और समय के दौरान दूरस्थ क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए हवाई अड्डे की प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

# शाहपुर और कृषि विवि के पास भी होगा आईटीएमएस का पहरा

## गगल थाना के पास भी की गई है स्थापना, धर्मशाला में सात में से दो की चल रही टेस्टिंग

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**धर्मशाला।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर नजर रखने के लिए जिला पुलिस इंटेलीजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) का दायरा बढ़ा रही है। इसकी शुरुआत जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला से की गई थी, जबकि अब शाहपुर और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पास भी आईटीएमएस का पहरा रहेगा।

इसके लिए आईटीएमएस स्थापित करने वाली कंपनी से जिला पुलिस द्वारा पत्राचार किया जा रहा है। वहीं, हाल ही में गगल पुलिस थाने के बाहर भी आईटीएमएस स्थापित कर दिया गया है। आईटीएमएस यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डाटा विश्लेषण और कैमरों का उपयोग करने वाली एक प्रणाली है। इसके द्वारा यातायात प्रवाह को अनुकूलित किया जाता है। सड़क सुरक्षा में सुधार किया जाता है और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान घर भेजे जाते हैं। आईटीएमएस सड़क हादसों को कम करने और सड़क सुरक्षा उपायों को मजबूत करने में मदद करता है। यह यातायात उल्लंघनों जैसे बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट या रेड सिग्नल तोड़ने पर स्वचालित रूप से चालान उत्पन्न करता है। इसे एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र से जोड़ा जाता है, जिससे पूरे शहर की यातायात व्यवस्था पर एक साथ नजर रखी जा सकती है।



यातायात अवहेलना करने वालों पर नजर रखने को आईटीएमएस का बढ़ाया जा रहा दायरा।

> जिले में वर्तमान में 8 आईटीएमएस हैं, जिनमें से धर्मशाला में स्थापित 7 आईटीएमएस में से 4 सक्रिय हैं, जबकि दो की टेस्टिंग चल रही है। हाल ही में गगल थाना के पास भी आईटीएमएस स्थापित किया गया है, जबकि शाहपुर और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के पास आईटीएमएस स्थापना हेतू पत्राचार जारी है।
>
> **-हितेष लखनपाल, एएसपी, जिला कांगड़ा।**

## पर्यटकों व श्रद्धालुओं से खड्डों के किनारे न जाने की अपील

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला पुलिस द्वारा कांगड़ा घाटी आने वाले पर्यटकों व श्रद्धालुओं से खड्डों किनारे न जाने की अपील की जा रही है। हाल ही में प्रदेशभर में बादल फटने व एकाएक खड्डों व नालों का जलस्तर बढ़ने जैसी घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिला पुलिस की मानें तो खड्डों का पानी देखने में कम लगता है, लेकिन ऊपरी पहाड़ियों पर देखते ही देखते जलस्तर बढ़ने से जान का नुकसान हो सकता है। कई ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को खड्डों में न जाने के बारे में चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। इसके बावजूद लोग खड्डों में जाने से गुरेज नहीं करते। इस तरह के कई हादसे जिले में सामने आ चुके हैं। ऐसे में जिले के पंचायत प्रधानों को भी इस संदर्भ में पत्र लिखा जाएगा, जिससे बरसात के दौरान नदी-नालों में जाने से होने वाली घटनाओं को रोका जा सके। जिला पुलिस का कहना है कि पर्यटकों व श्रद्धालुओं को भी इसके प्रति जागरूक होना जरूरी है। एएसपी हितेश लखनपाल का कहना है कि पर्यटकों व श्रद्धालुओं को पानी के बहाव का आकलन कर पानी में नहीं उतरना चाहिए, क्योंकि पहाड़ियों पर बारिश होने पर एकाएक जलस्तर बढ़ जाता है। कई जहों पर चेतावनी बोर्ड भी लगाए गए हैं तथा इस बारे पंचायत प्रतिनिधियों को भी पत्र लिखा जाएगा, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्रों में खड्डों में जलस्तर बढ़ने से होने वाली घटनाओं से बचा जा सके।

# प्राथमिक कृषि सहकारी सभाएं चरणबद्ध तरीके से होंगी कंप्यूटरीकृत : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** जिले में सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को चरणबद्ध तरीके से कंप्यूटरीकृत किया जाएगा, ताकि इन सहकारी समितियों में कामकाज निपटाने में आसानी हो सके और सभी कार्यों में पारदर्शिता लाई जा सके।

यह बात एडीसी विनय कुमार ने शनिवार को डीसी कार्यालय के सभागार में जिला सहकारी विकास समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिले में 611 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां हैं, इनमें प्रथम चरण 161 समितियों में कंप्यूटरीकृत कर दी गई हैं। इसी तरह से जिले में 1134 को-ऑपरेटिव सोसाइटी में से 1105 का डाटा नेशनल को-ऑपरेटिव डाटाबेस पोर्टल अपलोड कर दिया गया है।

### सभाओं में लोकमित्र संचालन शुरू

**एडीसी** ने कंप्यूटरीकृत कार्य में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं को आर्थिक तौर पर सुदृढ़ करने के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहकारी सभाओं को लोकमित्र केंद्र खोलने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले में प्रथम तथा दूसरे चरण में अब 370 सभाओं ने लोकमित्र केंद्र संचालित करना आरंभ किए गए हैं। इसके साथ ही सहकारी सभाओं को जन औषधी केंद्र, किसान समृद्धि केंद्र, एलपीजी वितरण, पेटोल, डीजल के वितरण केंद्र खोलने का प्रावधान भी किया गया है। सहकारी सभाओं को इन क्षेत्रों में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि सहकारी सभाओं को और भी मजबूत किया जा सके।

### किसान उत्पादक संगठन बनाने पर जोर

**एडीसी** ने जिले में किसान उत्पादक संगठन बनाने पर जोर देते हुए कहा कि सामूहिक तौर पर कृषि उत्पाद तैयार करने के दिशा में भी सभाओं को आगे आना चाहिए। जिले में अब देहरा उपमंडल के ध्वाला में एक किसान उत्पादक संगठन पंजीकृत हुआ है। इसी तरह से जिले के अन्य क्षेत्रों में किसान उत्पादक संगठन तैयार करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं। विभिन्न मदों पर सुधार को सुझाव : बैठक में डीडीएम नाबार्ड हिमांशु शाह ने सहकारी सभाओं एवं प्राथमिक कृषि सहकारी सभाओं से संबंधित विभिन्न मदों पर सुधार के लिए सुझाव दिए। इससे पहले सहायक पंजीयक राकेश कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिरिक्त पंजीयक राहुल चैहान ने सहकारी सभाओं को खाद्य संरक्षण भंडार स्थापित करने की संभावनाओं पर भी विचार करना चाहिए इस के लिए सुचारू कार्य योजना तैयार की जाए।

# महाकाल मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

## भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**

**बैजनाथ।** महाकाल मंदिर में भाद्रपद माह के चौथे शनिवार मेले को हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल, शनिदेव जी के दर्शन कर पुण्य फल प्राप्ति की। सुबह से ही मंदिर परिसर में भीड़ जुटने शुरू हो गई थी भारी भीड़ के कारण मंदिर में दर्शन करने वालों को कंट्रोल करना मुश्किल हो गया। मगर मंदिर प्रशासन, ट्रस्ट सदस्यों के साथ-साथ पुलिस बल द्वारा किए गए पुख्ता प्रबंध के चलते सभी को सुगमता से दर्शन करवाए गए। इसी बीच महिलाओं भजन कीर्तन कर ने भोलेनाथ का खूब गुणगान किया। चौथे शनिवार को मंदिर के द्वारा सुबह चार बजे खुलने के साथ भक्तों का आवागमन शुरू हो गया। इसी बीच हजारों लोगों ने बाबा महाकाल मंदिर में दर्शन कर शनिदेव जी के दर्शन किए। लोगों ने शनि शिला पर तेल माह काले वस्त्र तिल अर्पित किए। सुबह 4 बजे मंदिर के कपाट खुलते ही सैकड़ों श्रद्धालुओं का तांता मंदिर परिसर में लगना शुरू हो गया था।

### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हर और पैनी नजर

**मंदिर** अधिकारी रमन ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बेहतर दर्शनों का प्रबंध किया गया था, जबकि सुरक्षा के चलते महिला व पुरुष पुलिसकर्मी मंदिर परिसर पर पैनी नजर रखे हुए थे। मंदिर अधिकारी ने बताया कि चौथे शनिवार मेले में भारी संख्या को देखते हुए मंदिर न्यास द्वारा पुख्ता व्यवस्थाएं की गई थी। इसके अलावा स्थानीय लोगों के सहयोग से लाइनों में लगे श्रद्धालुओं को पानी की व्यवस्था में सहयोग दिया गया। चौथे शनिवार मेले के दिन करीब पांच हजार श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### सैकड़ों लोगों ने करवाया मेडिकल चेकअप

**मंदिर** परिसर में बीएमओ महाकाल द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने हेल्थ चेकअप करवाया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क दवाइयां दी गईं।

## महाकाल में 3 महिलाओं को रंगड़ों ने काटा, एक टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** उपमंडल की बही पंचायत की तीन महिलाओं को शनिवार को रंगड़ों ने काट लिया, जिसमें एक युवती की हालत गंभीर होने के कारण उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। पंचायत के प्रधान बलबीर ठाकुर ने बताया कि शनिवार दोपहर 2 बजे तीन महिलाओं को महाकाल मंदिर में रंगड़ों ने काट लिया, जब महाकाल मंदिर में शनि मेले के बाद घर लौट रही थी। उन्होंने बताया कि जिन 3 महिलाओं को काटा है, उनमें 64 वर्षीय विक्रमा देवी, 37 वर्षीय ओरनिशा देवी तथा 18 वर्षीय दिव्य है। तीनों को उपचार के लिए बैजनाथ के नागरिक चिकित्सालय भर्ती करवाया गया, जिसमें दिव्या की हालत नाजुक होने के कारण टांडा अस्पताल में शिफ्ट किया गया है।

## गरली में मां अन्नपूर्णा मंदिर मार्ग पर गिरा वट वृक्ष, घंटों तक बंद रहा रास्ता

**सालबिया शर्मा, अनंत ज्ञान, गरली।** गरली पंचायत में शनिवार सुबह मां अन्नपूर्णा मंदिर जाने वाले मुख्य मार्ग पर विशाल वट वृक्ष गिर गया। पेड़ की मोटी-मोटी टहनियां प्राइमरी स्कूल और बालिका आश्रम की सुरक्षा दीवार पर गिरीं। वहीं, मंदिर का सारा रास्ता ठप हो गया और श्रद्धालुओं सहित ग्रामीणों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ा। पंचायत प्रधान शशिलता ने मौके पर पहुंचीं और एसडीएम देहरा कुलवंत व पीडब्ल्यूडी एसडीओ से तुरंत संपर्क साधा। वही, कई घंटों की मशक्कत के बाद विशाल पेड़ को काटकर हटाया गया।

## जेओए आईटी कर्मचारी संघ ने प्रदेश सरकार को चेताया

# अधिसूचना को रद्द करे सरकार नहीं तो प्रदेशभर में होगा प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**प्रदेश** सरकार द्वारा शुक्रवार को जारी अधिसूचना में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जेओए आईटी) सहित विभिन्न क्लास-3 संवर्गों को नियमित सेवा के दो वर्ष पूर्ण होने पर मिलने वाले उच्च वेतनमान को वापस ले लिया है। यह प्रावधान पूर्व सरकार द्वारा 3 जनवरी, 2022 को लागू किया गया था।

प्रदेश जेओए आईटी कर्मचारी संघ ने सरकार को चेताया कि जारी अधिसूचना को रद्द नहीं किया गया तो प्रदेशभर में आंदोलन शुरू किया जाएगा। संघ के कांगड़ा जिले के उपप्रधान अनिल कौंडल ने कहा कि इस निर्णय से प्रदेशभर के हजारों कर्मचारियों के वेतन में लगभग 30 प्रतिशत तक की कटौती हो जाएगी। खासकर क्लास-3 कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति पर इसका गंभीर असर पड़ने वाला है। जिन परिवारों की पूरी आजीविका मासिक वेतन पर निर्भर है, उन्हें अब आर्थिक संकट और असुरक्षा का सामना करना पड़ेगा।

**दो वर्ष नियमित कार्यकाल उपरांत मिलने वाले उच्च वेतनमान को लिया वापस**

### सरकार से कर्मचारी हित रक्षा की आस

**कर्मचारी** संगठनों का कहना है कि यह फैसला शासन की निष्पक्षता और कर्मचारियों के विश्वास पर गहरा आघात है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार कर्मचारियों के हितों की रक्षा करते हुए इस अधिसूचना को रद्द करेगी।

### कर्मचारियों का टूटेगा मनोबल

**संघ** ने आरोप लगाया कि पूर्व में सुनिश्चित वेतन संरचना के आधार पर वे अपने पारिवारिक खर्च और जिम्मेदारियों की योजना बना चुके थे, लेकिन अचानक हुए इस बदलाव से गंभीर वित्तीय अस्थिरता उत्पन्न होगी। इससे न केवल उच्च और अधीनस्थ सेवाओं के बीच असमानता और गहरी होगी बल्कि कर्मचारियों का मनोबल भी टूटेगा। संघ ने इस निर्णय को मनमाना, अन्यायपूर्ण और असंवैधानिक करार देते हुए सरकार से अधिसूचना को तत्काल वापस लेने की मांग की है। यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो प्रदेशभर में व्यापक असंतोष और न्यायालयीन विवाद खड़े होंगे।

## हैप्पी बर्थडे



जिज्जर के मयंक ठाकुर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## सीयू के निर्माणाधीन परिसर से 9 साल का बच्चा लापता

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** देहरा में निर्माणाधीन सीयू परिसर से एक 9 साल का बच्चा अचानक गायब हो गया, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। बच्चे के माता-पिता मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं और पिछले 4 महीने से मजदूरी के लिए यहां आए हैं। अमीश बुधवार दोपहर खाना खाकर खेलने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। आशंका जताई जा रही है बच्चा अपने हम उम्र के दोस्तों के साथ परिसर के साथ लगती खड्ड में नहाने चले गया होगा। 4 सितंबर को देहरा पुलिस स्टेशन में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। पुलिस ने सीयू परिसर पहुंचकर मजदूरों और सुरक्षा कर्मियों से पूछताछ की, लेकिन बच्चे का कुछ पता नहीं चल पाया है। एसपी देहरा मयंक चौधरी ने टीम बनाई है और सर्च ऑपरेशन जारी है। इसमें डॉग स्क्वायड और ड्रोन की सहायता भी ली जा रही है।

## शाहपुर विस क्षेत्र में विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ करने पर व्यय होंगे 7.74 करोड़ : केवल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**विद्युत** वितरण प्रणाली को मजबूत एवं उपभोक्ता हितैषी बनाने के उद्देश्य से आरडीएसएस के अंतर्गत नॉर्थ जोन की समीक्षा बैठक का आयोजन शनिवार को धर्मशाला में विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता के कार्यालय के बैठक कक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपमुख्य सचेतक एवं शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने की।

इस दौरान आरडीएसएस योजना से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। केवल पठानिया ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रदेश में विद्युत ढांचे को अत्याधुनिक बनाया जा रहा है। पुराने ट्रांसफॉर्मरों और तारों का नवीनीकरण, नई लाइनों का निर्माण तथा स्मार्ट मीटरिंग को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे न केवल बिजली आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाया जाएगा, बल्कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण और निर्बाध बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में विद्युत प्रणाली को सुदृढ़ करने एवं लाइन लॉस को कम करने के लिए विभिन्न कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों पर कुल 7.74 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। स्वीकृत कार्यों में केबलिंग, फीडर बाइफरकेशन, नई एचटी लाइनें, ट्रांसफार्मरों का सुदृढ़ीकरण, एलटी लाइनों का उन्नयन, नई 33 केवी लाइन, तथा 11 केवी लाइनों का पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण शामिल हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे उपभोक्ताओं की शिकायतों के निवारण में संवेदनशीलता और तत्परता बरतें। उन्होंने कहा कि कंपनियों को सीएसआर के अंतर्गत सामाजिक उत्थान जैसे क्षेत्रों में कार्य करने को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि स्थानीय जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग के विभिन्न कार्यों में लगी कंपनियों में आईटीआई के प्रशिक्षुओं की सेवाएं लेने के लिए संबंधित आईटीआई संस्थानों के प्राचार्यों का भी सहयोग लिया जाए, ताकि युवाओं को व्यावहारिक अनुभव मिल सके और स्थानीय स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा मिले।

# पौंग बांध खतरे के निशान से ऊपर

## शाम तक जलस्तर में 0.60 फुट की गिरावट, इनफ्लो घटकर 54,695 क्यूसेक पहुंचा

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

**पौंग** बांध (महाराणा प्रताप सागर) के मेन गेट पिछले एक माह दो दिन से लगातार खुले हुए हैं। शनिवार शाम तक भी बांध खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। सुबह 9 बजे जलस्तर 1394.52 फुट दर्ज किया गया था, जबकि शाम 6 बजे तक यह घटकर 1393.92 फुट रह गया यानी नौ घंटे में जलस्तर में लगभग 0.60 फुट की गिरावट आई है।

शनिवार शाम बांध में पानी का इनफ्लो 54,695 क्यूसेक दर्ज किया गया, जबकि कुल डिस्चार्ज 99,889 क्यूसेक रहा। इसमें टर्बाइन से 16,892 क्यूसेक और स्पिलवे से 82,997 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसके अलावा एमएचसी से 11,500 क्यूसेक डिस्चार्ज किया गया। डाउनस्ट्रीम रनबर पर 88,389 क्यूसेक पानी ब्यास दरिया में दर्ज किया गया। बीबीएमबी अधिकारियों का कहना है कि बांध के जलस्तर को 1389 फुट से नीचे लाने का लक्ष्य रखा गया है और जब तक यह स्तर हासिल नहीं होता, गेट खुले रहेंगे। सुबह से बादल छाए रहने के बाद शाम तक मौसम साफ हो गया है।



फतेहपुर-इंदौरा के कई गांवों में पानी घुसने से हालात खराब हुए हैं।

### गांवों में पानी घुसा, लोग शिफ्ट

**बांध** से छोड़े गए पानी का असर हिमाचल के फतेहपुर और इंदौरा क्षेत्रों के साथ-साथ पंजाब के होशियारपुर और पठानकोट जिलों में साफ नजर आ रहा है। खेत-खलिहान डूब चुके हैं और कई घरों में पानी घुस गया है। प्रशासन ने प्रभावित गांवों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है।

### प्रशासन अलर्ट, एनडीआरएफ तैनात

**एसडीएम** फतेहपुर विश्रुत भारती ने कहा कि प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं, एसडीएम इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि राहत और बचाव कार्यों के लिए एनडीआरएफ व प्रशासनिक टीमें 24 घंटे तैनात हैं और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है।

## नशा नहीं, जोश चाहिए, के नारे के साथ राइज फॉर युवा मिशन का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**युवा** हिमाचल प्रदेश कांगड़ा टीम ने शनिवार को राइज फॉर युवा मिशन का शुभारंभ किया, जिसका मुख्य नारा है, नशा नहीं, जोश चाहिए। इस मिशन का उद्देश्य युवाओं को नशे और मादक पदार्थों की लत से दूर रखते हुए सकारात्मक ऊर्जा, नेतृत्व और सामाजिक परिवर्तन की ओर प्रेरित करना है। इस अवसर पर गुंजन संगठन फॉर कम्युनिटी डेवलपमेंट के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो नशा मुक्त भारत अभियान (समाज न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार) के अंतर्गत संपन्न हुई। यह कार्यशाला राइज फॉर युवा अभियान का एक हिस्सा थी, जिसे युवा हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रारंभ किया गया है। कार्यशाला का विषय युवा/स्वयंसेवक नेताओं के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम रहा, जिसमें युवा हिमाचल प्रदेश के 25 प्रेरित परिवर्तनकारी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। युवा कांगड़ा टीम के सक्रिय सदस्य आर्चित, समीक्षा, रीतिका, कमलेश, रजत, मेहक, समीक्षा कपूर, श्यामली, एप्शिता, सुरांश, तुषार, अंशिका, अशिव, विपेन, वैष्णवी, नेहा, शगुन, ऋषिका, आकृति, नंदनी, प्रियांका और गौरव इस दौरान मौजूदरहे। इनके अतिरिक्त युवा कांगड़ा टीम के अन्य सदस्य भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## राजेंद्र गोगा के प्रदेश व्यापार बोर्ड के सदस्य बनने पर जताई खुशी

**शिवम शर्मा, अनंत ज्ञान, परागपुर।** डाडासीबा के व्यापार मंडल प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा को हिमाचल प्रदेश व्यापार बोर्ड का सदस्य नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है और व्यापारियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव की उपलब्धि बताया है। राजेंद्र सिंह गोगा ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा कामगार एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष का विशेष आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें व्यापारियों की सेवा और समस्याओं को दूर करने के लिए मिली है। वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ प्रदेशभर के व्यापारियों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। व्यापार मंडल डाडासीबा के सदस्यों ने कहा कि गोगा की नियुक्ति से अब क्षेत्र के व्यापारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं को दूर करवाने की उम्मीद जगी है।

## गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन



अनंत ज्ञान, गगल। गगल के युवा गणेश महोत्सव का समापन शनिवार को हो गया। इस दौरान गणपति बप्पा की प्रतिमा का बनेर में विसर्जन किया गया। विसर्जन से पहले सैकड़ों गणेश भक्तों ने शोभायात्रा की शुरुआत गगल चौक से इच्छी, मटौर से होते हुए बनेर नदी तक पहुंची। विसर्जन से पूर्व विधिवत्त पूजा-अर्चना की गई और आयोजकों ने प्रतिमा का विसर्जन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

## पंडोल रोड पंडाल से खीर गंगा घाट तक निकाली शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**गणेश** उत्सव पंडोल रोड की ओर से पिछले 10 दिनों से मनाए जा रहे श्री गणेश उत्सव का विधिवत पूजा अर्चना के साथ समापन हो गया। श्री गणेश उत्सव के आयोजकों द्वारा लिए गए निर्णय की इस बार पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए, निर्णय लिया है गया कि अब से श्री गणेश जी का विसर्जन नहीं किया जाएगा। इसके चलते आयोजकों गणेश उत्सव समिति अध्यक्ष मनोज कपूर एवं उत्सव समिति सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद पंडोल रोड पंडाल से खीर गंगा घाट तक शोभायात्रा निकाली, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। गणपति बप्पा जी की जय जयकार व गुलाल उड़ाते हुए महिलाओं युवाओं ने खूब धमाल मचाया। श्री गणेश जी की पूजा-अर्चना कर स्नान करवाया, बाद में श्री गणेश मूर्ति को मंदिर में स्थापित किया गया। उत्सव समिति के अध्यक्ष मनोज कपूर ने बताया कि इस बार हमने चार लाख 50000 रुपए की लागत से श्री गणेश जी की मूर्ति लाई थी। सेहल गांव में मंदिर का निर्माण किया है इस मूर्ति को वहां स्थापित किया जाएगा। वहीं, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**राहत** डीसी बोले- प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है प्रशासन, धैर्य बनाए रखने की अपील

# बड़ा भंगाल में हेलिकॉप्टर से पहुंचाई राहत सामग्री

**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/बैजनाथ**

**जिला** प्रशासन कांगड़ा की ओर से राहत और बचाव कार्यों को निरंतर गति दी जा रही है। शनिवार को सेना के हेलिकॉप्टर की मदद से सरकार तथा जिला प्रशासन ने बाढ़ से प्रभावित जिले के अति दुर्गम बड़ा भंगाल क्षेत्र में लोगों तक राशन, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई। राहत सामग्री पहुंचने से प्रभावित लोगों को बड़ी राहत मिली है।

डीसी हेमराज बेरवा ने कहा कि शुक्रवार को हेलिकॉप्टर के माध्यम से सामग्री पहुंचाने का प्रयास किया गया था, लेकिन भौगोलिक एवं मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण बड़ा हेलिकॉप्टर बड़ा भंगाल क्षेत्र में उतर नहीं पाया।

इसके उपरांत वायुसेना के छोटे हेलिकॉप्टर को लगाया गया, जिसके माध्यम से आज प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सामग्री सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई। डीसी ने बताया कि प्रशासन प्रभावित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों तक राहत सामग्री की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर तुरंत प्रशासन को सूचित करें।



बड़ा भंगाल क्षेत्र में हेलिकॉप्टर से राशन, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री पहुंचाई।

### 42 संपर्क मार्ग, 11 पेयजल योजनाएं बाधित

**डीसी** ने कहा कि जिले में अब केवल 42 संपर्क मार्ग तथा 11 पेयजल योजनाएं बाधित हैं। इनकी मरम्मत का कार्य तीव्र गति से हो रहा है। इंदौरा क्षेत्र में भी बाढ़ प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सभी अधिकारी रात-दिन जुटे हैं, ताकि लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो।

### मुख्यमंत्री स्वयं कर रहे मॉनिटरिंग

**डीसी** ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांगड़ा जिले के बड़ा भंगाल तथा आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत तथा पुनर्वास कार्यों को लेकर नियमित तौर पर पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं और शीघ्र ही बड़ा भंगाल क्षेत्र का दौरा करेंगे और वहां हुए नुकसान का व्यक्तिगत रूप से जायजा लेंगे। इससे पहले बाढ़ प्रभावित इंदौरा क्षेत्र का हवाई निरीक्षण भी कर चुके हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गोबिंदसागर झील में मूर्ति विसर्जन को लेकर आदेश जारी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में लगातार हो रही वर्षा तथा गोबिंदसागर झील के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जनसुरक्षा के दृष्टिगत जिला दंडाधिकारी-एवं-अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, बिलासपुर राहुल कुमार ने आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की धारा-34 के अंतर्गत मूर्ति विसर्जन को लेकर आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के तहत गोबिंदसागर झील के किनारे मूर्ति विसर्जन हेतु 50 मीटर की परिधि में केवल 2 से 3 व्यक्तियों को ही अनुमति होगी। इससे अधिक भीड़ सख्ती से वर्जित है। मूर्ति विसर्जन केवल चिन्हित एवं सुरक्षित स्थलों पर, स्थानीय प्रशासन, पुलिस तथा गृह रक्षक की निगरानी में ही किया जाएगा, साथ ही किसी भी व्यक्ति अथवा समूह को झील के गहरे जल अथवा अनधिकृत क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने एसडीएम एवं स्थानीय पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि इन प्रतिबंधों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। आदेश का उल्लंघन होने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005, भारतीय दंड संहिता की धारा-188 तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### घुमारवीं में खाली तहसीलदार का पद : मनोहर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** आजाद हिंद क्रांतिकारी पार्टी संस्थापक, राष्ट्रीय अध्यक्ष और बीजेपी समर्थक सदस्य मनोहर शर्मा ने सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को झूठे वादों के सहारे गुमराह किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के नाम पर केवल छल किया है और उन्हें बेरोजगारी की खाई में धकेल दिया है। शर्मा ने बताया कि जिला बिलासपुर की घुमारवीं तहसील में पिछले 2 महीने से तहसीलदार का पद खाली पड़ा है, लेकिन न तो स्थानीय मंत्री राजेश धर्माणी इस पर कोई कार्रवाई कर रहे हैं और न ही राज्य सरकार इसकी सुध ले रही है। उउन्होंने आरोप लगाया कि जब मंत्री धर्माणी को फोन किया जाता है तो वे जनता से बात करना भी उचित नहीं समझते। शर्मा ने कहा कि भाजपा शासनकाल में हुए विकास कार्यों को भी सुक्खू सरकार ने ठप कर दिया। अंत में शर्मा ने केंद्र सरकार से मांग की कि प्रदेश सरकार पर जांच बैठाई जाए, ताकि जनता के साथ न्याय हो सके।

### कुठेड़ा से बिलासपुर तक निकली मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा



**अनंत ज्ञान, कुठेड़ा (बिलासपुर)।** द्वादश ज्योति लिंग शिव धाम पन्याला के सौजन्य से शनिवार को गणेश विसर्जन के अवसर पर एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुठेड़ा से आरंभ होकर बिलासपुर तक पहुंची। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं, स्कूली बच्चों और महिला मंडलों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया। बैंड-बाजों की धुन, धार्मिक झांकियों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर द्वादश ज्योति लिंग शिव धाम पन्याला के प्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं से पर्यावरण संरक्षण और जलस्रोतों को स्वच्छ रखने की अपील की। गणेश विसर्जन यात्रा के समापन पर पन्याला शिव धाम में विशेष पूजा-अर्चना और भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बाबा विश्वकर्मा मंदिर में गणेशोत्सव का समापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** बाबा विश्वकर्मा मंदिर परिसर में 10 दिन तक चले 27वें गणेश उत्सव का समापन भंडारे के साथ संपन्न हुआ।। बिलासपुर सदर क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने आज इस उत्सव के अंतिम दिन विशेष रूप से शिरकत की। समिति के प्रवक्ता अनीश ठाकुर ने कहा कि बाबा विश्वकर्मा मंदिर (महिला) संकीर्तन मंडल की सभी सदस्यों ने न केवल इस आयोजन को सफल बनाने में अपितु मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य में आर्थिक सहायता प्रदान करके इस पुण्य कार्य में आहुति दी है, जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समिति के प्रधान मदन राणा ने कहा कि इस मंदिर परिसर के निर्माण में एक ओर जहां बिलासपुर के सभी व्यवसाई भाइयों का योगदान महत्वपूर्ण रहा है, वहीं दूसरी ओर नारी शक्ति में भी इस कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान दिया है।



### झंडूता में पीएम आवास योजना के प्रशस्ति पत्र बांटे

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बैहना-ब्राह्मणा पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शनिवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि विधायक जीतराम कटवाल ने क्षेत्र की 8 पंचायतों के लगभग 140 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किए। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों को केवल छत नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की राह भी देती है। अब तक क्षेत्र में करीब 590 घर आवंटित हो चुके हैं, जबकि 2200 नए घरों की जियो-टैगिंग हो चुकी है। विधायक ने डाहड पंचायत के आपदा प्रभावित इलाकों का भी दौरा कर प्रभावित परिवारों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

### आपदा में एसो. निशुल्क देगी सुरक्षा उपकरण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** आपदा की घड़ी में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए गोबिंदसागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने जिला प्रशासन को अपने सभी सुरक्षा उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराने की पेशकश की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सराज अख्तर और कोषाध्यक्ष निर्मला राजपूत ने उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार (IAS) को पत्र सौंपकर अवगत कराया कि भारी बारिश के चलते गोबिंदसागर झील का जलस्तर खतरे की निशान तक पहुंच चुका है, ऐसे में यदि किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति उत्पन्न होती है तो एसोसिएशन प्रशासन को अपनी रेस्क्यू बोट, लाइफ जैकेट, लाइव बॉय सहित सभी सुरक्षा उपकरण पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराएगा। इस मौके पर एसोसिएशन के पदाधिकारी प्रेम, अनिल एवं हेमराज ठाकुर भी मौजूद रहे। गोविंद सागर एडवेंचर एंड वॉटर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की यह पहल क्षेत्र में आपदा प्रबंधन और जनसेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश करती है।

## बिलासपुर शहर कभी भी बन सकता है एक बड़ी दुर्घटना का गवाह
# सूखे पेड़ बने 'टाइम बम', दी चेतावनी

**अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के रिहायशी इलाकों में खड़े दर्जनों सूखे पेड़ अब स्थानीय लोगों के लिए जानलेवा खतरा बन चुके हैं। इनमें से कई पेड़ बिजली के खंभों और तारों के सहारे खड़े हैं, जबकि कई की शाखाएं तारों में उलझ चुकी हैं। ऐसे में यदि अचानक तेज हवा चली या बारिश हुई तो यह पेड़ गिरकर जनहानि, बिजली आपूर्ति ठप होने और संपत्ति के नुकसान का बड़ा कारण बन सकते हैं। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो बिलासपुर शहर कभी भी एक बड़ी दुर्घटना का गवाह बन सकता है। सूखे पेड़ अब सिर्फ पेड़ नहीं रहे, वे 'चलते-फिरते टाइम बम' बन चुके हैं।

**अस्पताल परिसर में भी खतरा :** सबसे गंभीर स्थिति जिला अस्पताल बिलासपुर की ओपीडी के पास देखी जा सकती है। यहां एक विशाल सूखा पेड़ न केवल अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों व परिजनों के लिए खतरा है, बल्कि आसपास बने आवासीय परिसरों और खड़ी गाड़ियों के लिए भी स्थायी खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि बच्चे पूरे दिन इसी परिसर में खेलते हैं। यदि यह पेड़ गिरा तो नतीजे बेहद खतरनाक होंगे।

**नागरिकों की चेतावनी :** शहरवासी सुशील कुमार, अरुण गौतम, ओम प्रकाश, सुषमा देवी, अश्विनी कुमार, पवन कुमार शर्मा, सुरेश शर्मा, विनोद शर्मा सहित अन्य लोगों ने बताया कि विभाग को बार-बार सूचित करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि 'अब और इंतजार नहीं, प्रशासन तुरंत कदम उठाए।' लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर हादसा हुआ तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर परिषद और प्रशासन की होगी।

**प्रशासन की नींद पर सवाल :** हैरानी की बात यह है कि जिन पेड़ों के गिरने का खतरा सबके सामने है, उन्हें हटाने में विभाग महीनों लगा रहा है। यह प्रशासनिक लापरवाही सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है।

**जनता की मांग :** स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि नगर परिषद और प्रशासन तुरंत संयुक्त अभियान चलाकर सभी सूखे पेड़ों की पहचान करे और उन्हें हटाए, ताकि शहर को संभावित दुर्घटनाओं से बचाया जा सके।



बिजली की तारों को छूते सूखे पेड़ जो कभी भी किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकते हैं।

### विभागों में तालमेल का अभाव

इस मामले पर बिजली बोर्ड के सहायक अभियंता दिनेश कौंडल ने बताया कि सूखे पेड़ों को हटाना नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने कहा कि पेड़ों को काटने के लिए परिषद को पत्र भेजा गया है, लेकिन अब तक अनुमति नहीं मिली है। वहीं, नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम ने कहा कि यह मामला अब उनके संज्ञान में आया है और शीघ्र ही कार्रवाई की जाएगी ताकि शहरवासियों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## सिक्योरिटी गार्ड की सतर्कता से एम्स बिलासपुर में चिट्टे के साथ युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- पुलिस ने की मामले की छानबीन शुरू
- लोगों ने की सुरक्षा जांच का और सख्त करने की मांग

एम्स बिलासपुर जैसे संवेदनशील संस्थान में सुरक्षा व्यवस्था की पोल उस समय खुल गई, जब साईकेट्रिक वार्ड में चिट्टा लेकर पहुंचे युवक को सिक्योरिटी गार्ड ने धर दबोचा। चैकिंग के दौरान युवक से 0.15 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एम्स बिलासपुर के साईकेट्रिक वार्ड में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात मिलाप चंद (निवासी गांव गगेड़ी, डॉ. समीरपुर, तहसील टौणी देवी, जिला हमीरपुर) ने यह कार्रवाई अंजाम दी। बताया जा रहा है कि जब एक युवक वार्ड में जाने लगा तो गार्ड ने उसे रोककर चैकिंग की। अचानक घबराए युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 0.15 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। गार्ड ने तुरंत इसकी सूचना एम्स प्रबंधन और उच्च अधिकारियों को दी। इसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी युवक की पहचान दीपक कुमार (उम्र 22 वर्ष, निवासी गांव बामटा, तहसील सदर, जिला बिलासपुर) के रूप में की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी हेडक्वार्टर मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। उन्होंने कहा कि नशा माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

स्थानीय लोगों का कहना है कि एम्स जैसे महत्वपूर्ण संस्थान में चिट्टा पकड़ा जाना गंभीर सवाल खड़े करता है। यह न केवल सुरक्षा व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है, बल्कि नशे के नेटवर्क के शहर तक फैले होने की भी आशंका जताता है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अस्पताल और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच को और सख्त किया जाए, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

## जनसेवा का जज्बा : निर्मल ने खुलवाई बंद सड़कें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले की नयना देवी विधानसभा क्षेत्र में युवक मंडल मझेड़ के अध्यक्ष निर्मल सिंह ने ऐसा कार्य कर दिखाया है, जिसने पूरे इलाके में उनके जनसेवा के जज्बे की गूंज पैदा कर दी है। स्वारघाट से पंजपीरी, कैरियां, संमलेटू, मझेड और भागछाल मार्ग महीनों से बंद पड़े थे। स्थानीय लोगों की मुश्किलें दिन-ब-दिन बढ़ रही थीं, लेकिन इस पीड़ा को समझते हुए निर्मल सिंह ने अपने निजी खर्चे पर जेसीबी मशीन लगवाई और रात-दिन मेहनत करके रास्तों को खुलवाने का बीड़ा उठाया।

यह कार्य उन्होंने न किसी सरकारी मदद से किया और न किसी राजनीतिक स्वार्थ से, बल्कि शुद्ध समाजसेवा की भावना से। अब तक वे इस काम के लिए मशीन ऑपरेटर को 10 हजार रुपए अपनी जेब से अदा कर चुके हैं और कार्य निरंतर जारी है। स्थानीय लोग निर्मल सिंह को नायक की तरह देख रहे हैं, क्योंकि उनका यह प्रयास न केवल राहत लेकर आया है, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए अनुकरणीय उदाहरण भी बन गया है।

गौरतलब है कि निर्मल सिंह इंटर एजेंसी ग्रुप के सक्रिय सदस्य भी हैं और हमेशा आपदा, संकट या जरूरतमंदों की मदद में सबसे आगे रहते हैं। उनकी निस्वार्थ सेवा और जनहितैषी सोच यह साबित करती है कि अगर इरादे नेक हों तो अकेला इंसान भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है। निर्मल सिंह को जनसेवा की इस अद्भुत मिसाल के लिए पूरे क्षेत्र ने सादर नमन किया है।



रात को भी जेसीबी चलाकर बंद सड़क को खुलवाते हुए निर्मल सिंह।

## नाका चेकिंग में मंडी भराड़ी में दो युवक चिट्टे समेत गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

- पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए अभियान में मांगा सहयोग

बिलासपुर सदर थाना पुलिस ने मंडी भराड़ी में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो युवकों को चिट्टे के साथ दबोच लिया। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 4.92 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, सदर थाना पुलिस की टीम ने मंडी भराड़ी क्षेत्र में नाका लगाया हुआ था। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक पुलिस की नजरों में आए। शक के आधार पर उन्हें रोका गया और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से चिट्टा बरामद हुआ, जिसके बाद दोनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। गिरफ्तार युवकों की पहचान मिंटू (28) निवासी वार्ड नंबर-12, कुराली, जिला एसएएस नगर मोहाली, पंजाब और लाडी (32) निवासी गांव अकरोट, डा. ठट्टल, तहसील व थाना अंब, जिला ऊना के रूप में हुई है।

पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और इस तरह की कार्रवाई आगे भी होती रहेगी। पुलिस प्रशासन ने लोगों से भी अपील की है कि अगर उन्हें कहीं भी नशे का कारोबार होता दिखाई दे तो इसकी तुरंत सूचना दें। सूचना देने वाले का हमेशा नाम गुप्त रखा जाता है ताकि समाज से इस नशे जैसी बुराई को हमेशा के लिए खत्म किया जा सके।

## जिले में हिम कृषि योजना पर 80 लाख खर्च होंगे : डीसी

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपायुक्त राहुल कुमार ने बताया कि हिम कृषि योजना के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में बिलासपुर जिले में 80 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य छोटे व सीमांत किसानों की उत्पादकता बढ़ाना और उन्हें संगठित करना है।

जिले में कुल 72 क्लस्टर पहचाने गए हैं, जिनमें से इस वर्ष 8 क्लस्टरों पर कार्य होगा। प्रत्येक क्लस्टर पर 10 लाख रुपए खर्च होंगे। योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, तकनीकी सहयोग और विपणन में सहायता दी जाएगी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजना का धरातल पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि किसानों को वास्तविक लाभ मिल सकें।

## विधायक जम्वाल ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने शनिवार को शहर के धौलरा, लखनपुर, रघुनाथपुरा, बरमाणा, कंदरौर व मल्यावर पंचायत समेत कई क्षेत्रों का दौरा कर आपदा से हुए नुकसान का जायजा लिया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार राहत के नाम पर केवल ढिंढोरा पीट रही है, जबकि पीड़ितों को अब तक तिरपाल तक नहीं मिले। विधायक ने प्रशासन को निर्देश दिए कि सभी प्रभावित परिवारों तक तुरंत राहत सामग्री व मुआवजा पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त मकानों, रसोईघरों व मवेशीखानों से बेघर हुए लोगों का पुनर्वास प्राथमिकता से होना चाहिए और राहत वितरण में किसी भी तरह का भेदभाव सहन नहीं किया जाएगा।

इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष कमल गौतम, पार्षद मनोज पिल्लई, सहायक अभियंता अजय शर्मा व कनिष्ठ अभियंता मोहित शर्मा मौजूद रहे।



नुकसान का जायजा लेते विधायक त्रिलोक जम्वाल।

## संस्कृत शिक्षक परिषद ने सौंपा मांग पत्र

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** हिमाचल राजकीय संस्कृत शिक्षक परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा उपनिदेशक (प्रारंभिक) नरेश कुमारी चंदेल से मुलाकात कर उन्हें शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं और शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौंपा। उपनिदेशक ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## पेंशनर्स संघ ने भंडारी के निधन पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने पूर्व पुलिस महानिदेशक एवं संगठन के आजीवन सदस्य आईडी भंडारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष जगदीश दिनेश, महासचिव नरोत्तम धीमान, वरिष्ठ उपप्रधान कर्मदेव गौतम, अतिरिक्त महासचिव प्रकाश चंद ठाकुर, उपप्रधान देवी राम चौहान, महिला विंग उपप्रधान तारा चंदेल, मुख्य सलाहकार अमरनाथ भारद्वाज, कोषाध्यक्ष सुरेश जोशी, मुख्यालय सचिव सुमन शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने कहा कि उनका जाना संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकग्रस्त परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।

## प्रभावितों को समयबद्ध उपलब्ध करवाई जाए फौरी राहत : धर्माणी

**भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि वर्षा प्रभावित परिवारों को समयबद्ध फौरी राहत एवं आवश्यक राहत सामग्री सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षा प्रभावित कोई भी परिवार फौरी राहत व सामग्री से वंचित नहीं रहना चाहिए। राजेश धर्माणी घुमारवीं स्थित लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में अधिकारियों के साथ वर्षा प्रभावितों को लेकर एक समीक्षा बैठक कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों से वर्षा के कारण हुए व्यापक नुकसान तथा प्रभावित परिवारों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में अब तक 30 हजार रुपए की फौरी राहत प्रभावित परिवारों को वितरित की जा चुकी है, साथ ही प्रभावित परिवारों को 450 तिरपाल, 10-10 गद्दे व चादरें, 8 राशन किट तथा एक गैस सिलेंडर भी उपलब्ध करवाया है। इसके अतिरिक्त प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर भी स्थापित किए हैं, जिनमें लगभग 30 लोगों को ठहराया गया है। उन्होंने अधिकारियों को भारी बरसात के कारण हुए व्यापक नुकसान का जल्द आकलन कर रिपोर्ट तैयार करने तथा प्रभावितों को सरकार द्वारा जारी राहत मैन्युअल के तहत जल्द राहत उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

तकनीकी शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को स्वयं फील्ड में उतरकर भारी बरसात के कारण लोगों को हुए नुकसान का व्यापक जायजा लेकर वास्तविक रिपोर्ट तैयार करने को भी कहा ताकि कोई भी वर्षा प्रभावित परिवार सरकारी मदद से वंचित न रहे। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को भारी बारिश के कारण बंद हुई विभिन्न सड़कों को पुन: बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने के भी निर्देश दिए, साथ ही जलशक्ति विभाग को प्रभावित हुई सभी पेयजल आपूर्ति योजनाओं को जल्द बहाल करने के भी निर्देश दिए ताकि लोगों को लंबे समय तक असुविधा का सामना न करना पड़े।

इस दौरान उन्होंने सिविल अस्पताल घुमारवीं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को अस्पताल में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपदा की दुखद घड़ी में प्रदेश सरकार प्रत्येक पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है तथा उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाई जाएगी।



घुमारवीं में अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

## देवली पंचायत की दुर्दशा पर सवाल गोद लिया गांव आज अनाथ क्यों?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर विधानसभा क्षेत्र की देवली पंचायत की बदहाल स्थिति ने एक बार फिर राजनीति और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले दस वर्षों से यह पंचायत लगातार उपेक्षा का शिकार रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने अपने राज्यसभा सदस्य कार्यकाल में इस गांव को गोद लिया था, लेकिन आज हालात यह हैं कि यहां बुनियादी सुविधाओं का अभाव साफ झलकता है।

सड़कें टूटी पड़ी हैं, पंचायत घर की स्थिति जर्जर है और श्मशानघाट की दुर्दशा इतनी खराब है कि अंतिम संस्कार करने आए लोग भी परेशान हो जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सात-आठ पंचायतों के लोग यहां अंतिम संस्कार के लिए आते हैं, लेकिन ऐसी बदइंतजामी किसी भी अन्य पंचायत में देखने को नहीं मिलती। देवली-घागस सड़क की खस्ता हालत और फिशरीज फार्म हाउस का उपेक्षित स्वरूप भी विकास के नाम पर सवाल उठाते हैं। कभी यहां राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र रहने वाला रेस्ट हाउस अब सुनसान पड़ा है।

ठाकुर हीरापल सिंह ने देवली क्षेत्र का दौरा कर हालात पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इतने बड़े गांव और चार-पांच पंचायतों के केंद्र में आज तक एक ढंग का श्मशानघाट भी नहीं बन पाया है, जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगा। संगठन का कहना है चुने हुए प्रतिनिधि चाहे प्रधान हों, सांसद, विधायक या पंचायत समिति सदस्य, अपनी जिम्मेदारियां निभाने में नाकाम साबित हुए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अब जब नेता वोट मांगने आएंगे तो उन्हें कड़े विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**उपलब्धि** जिला लघु उद्योग संघ ने किया बिलासपुर की बेटी का सम्मान

## अब एशियन चैंपियनशिप में दमखम दिखाएगी साक्षी ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

औद्योगिक क्षेत्र बिलासपुर स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर में आयोजित एक सादे समारोह में जिला लघु उद्योग संघ ने जामली की होनहार बेटी साक्षी ठाकुर को सम्मानित किया। संघ के अध्यक्ष प्रेम डोगरा और महामंत्री इंद्र ठाकुर सहित अन्य गणमान्यों ने साक्षी को प्रोत्साहित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर कोच बृजलाल चौहान, नंद प्रकाश बोहरा, हर्ष दबड़ा, इंद्र डोगरा, संजीव शर्मा भी मौजूद रहे। बिलासपुर की इस बेटी की उड़ान अब एशिया स्तर तक पहुंच चुकी है और जिले की उम्मीदें उसके हर वार और हर कदम से जुड़ चुकी हैं। अब यही बेटी जिले का मान बढ़ाने के लिए पेंचक सिलाट एशियन चैंपियनशिप में अपना दमखम दिखाने जा रही है। यह प्रतियोगिता 25 से 30 सितंबर तक श्रीनगर में आयोजित होगी। साक्षी ठाकुर पुत्री बलदेव ठाकुर व पुष्पा देवी, वर्तमान में क्रिसेंट पब्लिक स्कूल बिलासपुर में आठवीं कक्षा की छात्रा है और चयन से लेकर तैयारियों तक पूरी तन्मयता से जुटी हुई हैं।

**कोच और परिवार को श्रेय :** साक्षी ने कहा कि उनकी सफलता उनके माता-पिता के आशीर्वाद और कोच बृजलाल चौहान के मार्गदर्शन की देन है। उन्होंने संकल्प लिया कि एशियन चैंपियनशिप में भी देश की झोली में मेडल लाने के लिए वह पूरी मेहनत करेंगी।

**हर बार अपनी सीमाओं को तोड़कर आगे बढ़ती है साक्षी :** साक्षी के कोच बृजलाल चौहान का कहना है कि साक्षी की मेहनत, अनुशासन और जज्बा ही उसकी असली ताकत है। वह हर बार अपनी सीमाओं को तोड़कर आगे बढ़ती है।

मुझे पूरा विश्वास है कि जिस तरह उसने राष्ट्रीय स्तर पर चमक बिखेरी है, उसी तरह एशियन चैंपियनशिप में भी भारत का तिरंगा ऊंचा करेगी। साक्षी जैसी बेटियां आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं कि सपने चाहे कितने बड़े क्यों न हों, उन्हें सच्ची मेहनत से हासिल किया जा सकता है।



साक्षी को सम्मानित करते जिला लघु उद्योग संघ के पदाधिकारी

### साक्षी की पदक जीतने की लंबी सूची

साक्षी ने अब तक राष्ट्रीय स्तर पर कई बार अपनी प्रतिभा साबित की है।

- 2024 पटना नेशनल गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता।
- छत्तीसगढ़ कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता।
- बेंगलुरु कराटे में गोल्ड मेडल जीता।
- पेंचक सिलाट 2024 में सिल्वर मेडल जीता।
- चंडीगढ़ कराटे में गोल्ड मेडल जीता।
- अस्मिता पेंचक सिलाट 2025 सब जूनियर में गोल्ड मेडल जीता।
- खेलो इंडिया में विजेता रही।
- हाल ही में लद्दाख में 9वां पेंचक सिलाट फेडरेशन कप जूनियर 2025 में सिल्वर मेडल जीता है।

## आपदा राहत के नाम पर राजनीति प्रशासन नींद में : रणधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र से विधायक रणधीर शर्मा ने सर्किट हाउस बिलासपुर में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सरकार और प्रशासन पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारी बारिश और भूस्खलन से पूरा हिमाचल हिल गया है, लेकिन सरकारी तंत्र की सुस्ती और लापरवाही ने पीड़ित जनता की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। विधायक ने कहा कि नयना देवी क्षेत्र की कई पंचायतें आपदा से बुरी तरह प्रभावित हैं, लेकिन अब तक न तो सड़कें बहाल हो पाई हैं और न ही प्रभावित परिवारों को पर्याप्त सहायता मिल रही है। यहां तक कि कई जगहों पर लोगों को तिरपाल तक नसीब नहीं हुए।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब सिस्टम में स्पष्ट प्रावधान है कि राहत सामग्री हर पटवार सर्किल तक पहुंचे, तो फिर लोग शिकायतें क्यों कर रहे हैं? रणधीर शर्मा ने बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि आपदा राहत को भी राजनीतिक तमाशा बना दिया गया है। उन्होंने खुलासा किया कि कुछ जगहों पर प्रशासन ने पहले राहत के चेक बांटे, लेकिन बाद में एसडीएम ने खुद लोगों से कहा कि ये चेक बैंक में न लगाएं। इससे भी शर्मनाक यह कि एक हारा हुआ नेता रेस्ट हाउस में बैठकर चेक बांटता नजर आया। विधायक ने इसे जनता के साथ सीधी धोखाधड़ी और प्रशासन की असंवेदनशीलता करार दिया। उन्होंने कहा कि आपदा की शुरुआत से ही सरकार का रवैया गंभीर नहीं था, जिसका असर नीचे तक साफ दिख रहा है।

कई विभागों के अधिकारी आज भी स्थिति की गंभीरता को समझने को तैयार नहीं हैं। रणधीर शर्मा ने कहा कि इस समय राजनीति या दिखावा नहीं, बल्कि पीड़ितों की मदद ही पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रशासन को चेताया कि राहत कार्यों में और देरी हुई तो जनता का गुस्सा सड़कों पर फूटेगा। प्रेस वार्ता के दौरान जिला मीडिया प्रभारी सोनल शर्मा भी मौजूद रहे।

# अंतिम दिन एयरलिफ्ट किए 64 श्रद्धालु

## मणिमहेश यात्रियों के लिए चलाया गया विशेष बचाव अभियान आधिकारिक तौर पर संपन्न

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन चंबा द्वारा संचालित मणिमहेश बचाव अभियान 6 सितंबर को आधिकारिक रूप से संपन्न हो गया। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि अभियान के अंतिम दिन एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद से शेष 64 श्रद्धालुओं और दो शवों को भरमौर से करियां (चंबा) लाया गया। इस तरह जान गंवाने वालों की संख्या 17 हो गई है। उन्होंने कहा कि अब हेलिकॉप्टर ऑपरेशन बंद कर दिया गया है, लेकिन यदि कोई यात्री अभी तक अपने घर नहीं पहुंचा है तो उनके परिजन प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 98166-98166 पर संपर्क कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले तीन दिनों में ही लगभग 700 यात्रियों को हेलिकॉप्टर से सुरक्षित चंबा पहुंचाया गया। भारतीय वायुसेना के दो चिनूक और एक एमआई-17 हेकलकॉप्टर ने इस रेस्क्यू अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। केवल 5 सितंबर को चिनूक हेलीकॉप्टरों ने 524 यात्रियों और तीन शवों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। इसके अगले दिन एमआई-17 हेलीकॉप्टर ने 64 यात्रियों और दो शवों को एयरलिफ्ट किया। इस यात्रा के दौरान विभिन्न कारणों से कुल 17 श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई।

उपायुक्त ने बताया कि फंसे श्रद्धालुओं को 29 अगस्त से एचआरटीसी की ओर से मुफ्त परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इस अवधि में लगभग 195 बसों के माध्यम से पठानकोट, कांगड़ा, नूरपुर, भदरवा लंगेरा और अन्य स्थानों तक लगभग 8500 श्रद्धालुओं को सुरक्षित भेजा गया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से यह अभियान न्यूनतम समय में पूरा किया गया है। साथ ही चंबा-भरमौर राष्ट्रीय राजमार्ग-154 ए को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य जारी है और उम्मीद है कि एक सप्ताह में सड़क मार्ग भी बहाल हो जाएगा।


एमआई-17 हेलिकॉप्टर की मदद से 64 श्रद्धालुओं और दो शवों को भरमौर से करियां (चंबा) लाया गया।

### स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय लोगों ने दिया योगदान

**रेपसवाल** ने बताया कि इस पूरे अभियान में जिला प्रशासन के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं और स्थानीय नागरिकों का भी बड़ा योगदान रहा। कई संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के लिए लंगर और मेडिकल कैंप लगाए, जबकि अनेक ग्रामीणों ने अपने घरों में ठहरने और खाने-पीने की व्यवस्था कर यात्रियों की सेवा की। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार जताते हुए इसे सामूहिक प्रयासों की मिसाल बताया।

# विधायक नीरज नैय्यर ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## प्रभावित सेवाओं को बहाल करने का आश्वासन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सदर चंबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज नैय्यर ने शनिवार को दिनभर अपने विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों की जमीनी हकीकत का जायजा लिया। लगातार हो रही बारिश से क्षेत्र में पेयजल योजनाएं बाधित हो गईं, सड़कें अवरुद्ध हो गईं और कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति भी ठप रही। इन हालातों के बीच विधायक ने स्वयं प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद उनके द्वार तक पहुंचाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई में कुछ समय लगेगा, लेकिन प्रशासन पूरी मुस्तैदी से बहाली कार्य में जुटा हुआ है। चाहे पेयजल योजनाएं हों, सड़कें हों या बिजली की आपूर्ति—हर मोर्चे पर कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अधिकांश क्षेत्रों में सेवाएं बहाल कर दी गई हैं और शीघ्र ही शेष स्थानों पर भी सामान्य स्थिति बहाल कर दी जाएगी।

विधायक नैय्यर ने जनता से आह्वान किया कि जिन क्षेत्रों में अब भी सड़क, पानी या बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बहाल नहीं हो पाई हैं, उनकी जानकारी तुरंत प्रशासन या उनके कार्यालय तक पहुंचाएं ताकि समस्या को प्राथमिकता से हल किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह आपदा हम सभी की साझा चुनौती है और प्रशासन व जनता के सहयोग से हम जल्द ही इस संकट से बाहर निकलकर सामान्य जीवन की ओर लौटेंगे।


विधायक नीरज नैय्यर आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए।

# जीएसटी कटौती से जनता को मिलेगा लाभ: राकेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

- भरमौर के भाजपा युवा कार्यकर्ता ने जीएसटी सुधारों को बताया ऐतिहासिक
- रोजमर्रा की वस्तुओं पर कर कम या शून्य करने से आम जनता को राहत



भरमौर विधानसभा क्षेत्र के त्रिलोचन महादेव मंडल भाजपा युवा कार्यकर्ता राकेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों को दो ही स्तर पर सीमित करना ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से प्रत्येक उपभोक्ता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

राकेश कुमार ने बताया कि बीते 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा किए गए अनेक सुधारों का परिणाम है कि आज अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था सरल हो रही है। जीएसटी में की गई कटौती का सकारात्मक असर मेडिसिन क्षेत्र, किसानों तथा एमएसएमई इकाइयों तक व्यापक रूप से देखने को मिलेगा। सीमेंट सस्ता होने से निर्माण कार्यों को भी गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि गेहूं व आटा जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी पूरी तरह शून्य कर दिया गया है। इसी प्रकार दूध, पनीर, ढाबों में मिलने वाले परांठे, चपाती, दाल, सब्ज़ी और फलों के जूस पर भी टैक्स को बहुत कम या शून्य कर दिया गया है। यह प्रधानमंत्री द्वारा देशवासियों को दी गई एक बड़ी सौगात है, जिससे आम जनता के साथ-साथ सभी वर्गों को राहत मिलेगी।

# विस अध्यक्ष कुलदीप ने किया प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

## प्रभावितों को मिली 1.20 लाख की राहत राशि, राहत व पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भटियात विधानसभा क्षेत्र के मेल, चुहण, तारागढ़, तैंई और समलेऊ गांवों का दौरा कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और तत्काल राहत के रूप में 1.20 लाख की राशि प्रदान की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू स्वयं राहत एवं पुनर्वास कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं और प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि सड़क, पेयजल, बिजली, संचार और स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम पंचायत समलेऊ में लोगों की समस्याएं सुनीं और लोअर समलेऊ में विद्युत बहाली, बाढ़ नियंत्रण कार्यों और मुख्य बाजार में जल निकासी व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार इस कठिन समय में प्रभावित लोगों को अकेला नहीं छोड़ेगी और हर संभव सहायता उनके द्वार तक पहुंचाई जाएगी।

इस अवसर पर सदस्य निदेशक मंडल राज्य वन निगम चेला कृष्ण, पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस समिति विजय कंवर, पूर्व पंचायत समिति अध्यक्ष सुरेश शर्मा, उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीएम) अनिल भारद्वाज, अधीक्षण अभियंता दिवाकर पठानिया, राजेश मोगरा, वन मंडल अधिकारी रजनीश महाजन, परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय जल विद्युत निगम एसके राठौर, तहसीलदार रमेश चौहान, अधिशासी अभियंता राकेश ठाकुर, पंकज राठौर, नरेंद्र चौधरी, खंड विकास अधिकारी अनिल गुरडा सहित स्थानीय पंचायती राज प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भटियात विस क्षेत्र में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए।

# डल्हौजी में बारिश से कई गांव प्रभावित, घर हुए असुरक्षित

**अनंत ज्ञान, डल्हौजी**

- विधायक डीएस ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

डल्हौजी विधानसभा क्षेत्र में भारी बारिश के कारण कई गांव बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। ग्राम पंचायत शेरपुर के ककीयन्ना गांव में जमीन धंसने से घर असुरक्षित हो गए और ग्रामीण विस्थापित होने को मजबूर हैं। इसी तरह मनोला पंचायत के छाणा, बरंगाल और भलेई पंचायत में भी कई परिवारों को नुकसान हुआ है। इस परिस्थिति ने क्षेत्रवासियों में चिंता और भय का माहौल उत्पन्न कर दिया।

डल्हौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने प्रभावित गांवों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझा। विधायक ने प्रभावित परिवारों को मानसिक सहारा देते हुए आश्वासन दिया कि प्रशासन और पार्टी की ओर से उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

### राहत सामग्री वितरित कर प्रभावित परिवारों को दिया सहयोग

**विधायक** डीएस ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश भाजपा के विभिन्न मंडलों की ओर से भेजी गई राहत सामग्री प्रभावित परिवारों में वितरित की। उन्होंने प्रभावितों से कहा कि आपदा की इस कठिन घड़ी में पार्टी और संगठन हर संभव सहायता के लिए उनके साथ खड़े हैं। साथ ही उन्होंने जनता की ओर से प्रदेश भाजपा का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता जल्द ही उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए सुरक्षा और तैयारी के उपाय भी सुनिश्चित किए जाएंगे।

# दो हफ्ते से बंद चूड़ी से राडी सड़क को खोलने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, धरवाला**

पिछले दो हफ्तों से बंद पड़े चूड़ी से राडी रोड को शनिवार को खोलने का काम दोनों तरफ से शुरू किया गया। जिसमें एक ओर से लोक निर्माण विभाग की मशीनरी ने काम किया तथा दूसरी तरफ से अक्षय नामक ठेकेदार ने अपनी मशीन को राडी पंचायत के प्रधान के अनुरोध पर नि:शुल्क भेज दिया।

स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सात किलोमीटर रोड जो जगह-जगह अवरुद्ध हो चुका था। इसमें मुख्य भूमिका यहां के स्थानीय निवासी श्रवण रैना ने निभाई व सबसे बड़ा काम डीजल को यहां तक पहुंचाना था जो लगभग चार से पांच किलोमीटर पैदल सफर था। यह नेक काम मुकेश गॉड रॉकी अरविंद कवि शर्मा अनिल इत्यादि लोगों ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए लोगों में जागरूकता का संदेश दिया।





# वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट रद्द: सुरजीत

**अनंत ज्ञान, पधर।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञप्ति अधिकारी पधर सुरजीत सिंह ने बताया कि उपमंडल पधर में 8 सितंबर को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट की तिथि निर्धारित की गई थी। परंतु हर्डगलू मैदान में 5 से 12 सितंबर तक मेला होने के कारण वाहनों की पासिंग तथा ड्राइविंग टेस्ट को रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी तारीख बाद में निर्धारित की जाएगी और लोगों को समय पर इसकी सूचना उपलब्ध करवाई जाएगी। अधिकारी ने अपील की कि वाहन मालिक व चालकगण इस विषय पर धैर्य रखें और आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।

# एनएच निर्माण समस्याओं को लेकर सामाजिक कार्यकता रमेश चंद करेंगे सांकेतिक हड़ताल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एनएच निर्माण संबंधी आ रही समस्याओं से निजात दिलवाने और केंद्र सरकार से इस संदर्भ में अगली ठोस नीति बनवाने के लिए सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द भारद्वाज कल से प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक, 5 दिन के लिए सेंट्रल पार्क सरकाघाट में सांकेतिक हड़ताल (आंखें खोलो केंद्र सरकार) पर बैठेंगे। उन्होंने आरोप लगाया, कि केंद्र सरकार और नितिन गडकरी तक जनता की आवाज़ पहुंचाने का एक ये भी जरिया बचा है, तो क्यूं न इसे भी अपना लिया जाए। उपमंडल अधिकारी (ना0) ने इस बारे सहायक परियोजना अधिकारी, सड़क परिवहन मंत्रालय को पत्र द्वारा सूचित कर दिया हैं तथा संबंधित अधिकारी को मौके पर भेजने के लिए लिखा हैं।


सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज एनएच निर्माण की समस्याओं से संबंधित एसडीएम को ज्ञापन देते हुए।

# सिक्योरिटी गार्ड के भरे जाएंगे 200 पद

## 10 से 15 तक आयोजित होंगे कैंपस इंटरव्यू: अरविंद चौहान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार कार्यालय बालू चंबा के द्वारा जिला के विभिन्न उप रोजगार कार्यालयों में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 200 पदों को भरा जाएगा।

उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड आरटीए हमीरपुर द्वारा यह कैंपस इंटरव्यू आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा, 11 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय सुंडला, 12 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय डलहौज़ी और 15 सितंबर को उप रोजगार कार्यालय चौवारी में कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।

अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि आयोजित होने वाले कैंपस इंटरव्यू प्रक्रिया में सिर्फ पुरुष अभ्यर्थी ही भाग ले सकते हैं जिसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योगिता मैट्रिक निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार की आयु सीमा 19 से 40 के बीच होनी चाहिए साथ ही चयन के लिए न्यूनतम शारीरिक मानदंड में ऊंचाई 168 सेंटीमीटर और बजन 55 किलोग्राम से 95 किलोग्राम के बीच होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के पश्चात चयनित उम्मीदवारों को एक माह के प्रशिक्षण के पश्चात 17 हज़ार 500 से 24 हज़ार मासिक वेतन एवं अन्य लाभ भी प्रदान किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी इच्छुक एवं योग्य पुरुष अभ्यार्थी मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व बायोडाटा लेकर निर्धारित तिथि व स्थान पर प्रात: 11 बजे उपस्थित हो जाए। सभी आवेदकों को यह भी सूचित किया जाता है कि खराब मौसम/ बारिश होने की स्थिति में कार्यालय के दूरभाष नं 01899-222209 पर संपर्क करें।

# फंड हस्तांतरण पर विरोध, प्रधान संगठन ने विकास खंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** प्रधान संगठन की मुखिया ने विकासखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सरकार के हालिया निर्णय पर चिंता जताई। संगठन का कहना है कि सरकार की कैबिनेट ने 15वें वित्त आयोग से मिलने वाली धनराशि को अब पंचायतों के बजाय जल शक्ति विभाग के माध्यम से खर्च करने का निर्णय लिया है। यह फंड मूल रूप से पंचायतों को प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और पानी की कमी को दूर करने के लिए दिया जाता था।

प्रधान संगठन ने इसे पंचायतों के अधिकारों और विकास कार्यों में हस्तक्षेप माना है। संगठन की ओर से ब्लॉक प्रधान संजय शर्मा ने विकास खंड अधिकारी कार्यालय के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजकर इस निर्णय को पुन: विचारने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि यह फंड सीधे पंचायतों के नियंत्रण में रहेगा, तो स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और पेयजल योजनाओं को तेजी से लागू किया जा सकेगा।

संगठन ने सरकार से अपील की है कि पंचायतों की स्वायत्तता और स्थानीय विकास को ध्यान में रखते हुए फंड हस्तांतरण का निर्णय फिर से लिया जाए।



# भोरंज थाना क्षेत्र में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

- यूरीन टेस्ट पॉजिटिव आने पर पुलिस ने की पुष्टि, जांच जारी

**भोरंज** थाना क्षेत्र में एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 16 जून 2025 को पंकज कुमार पुत्र रणजीत सिंह, निवासी गांव भोटी, डाकघर तरक्काड़ी, तहसील भोरंज, जिला हमीरपुर (हि.प्र.) को पूछताछ के लिए थाना भोरंज बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान संदेह होने पर पंकज कुमार का ड्रग डिटेक्शन किट से यूरीन टेस्ट किया गया। टेस्ट का परिणाम पॉजिटिव आने पर नियमानुसार थाना भोरंज में अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा मामले की आगे जांच जारी है। इसकी पुष्टि थाना एसएचओ प्रशांत सिंह ने की है।

# एसपीयू मंडी में राष्ट्रीय सम्मेलन भविष्य की शिक्षा पर हुआ मंथन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी पुणे के संयुक्त तत्वावधान में भविष्य का विश्वविद्यालय शिक्षा के भविष्य पर एक अंत:विषय संवाद विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में हुआ, जिसमें देश-विदेश के शिक्षाविद, नीति-निर्माता और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए कहा कि भविष्य का विश्वविद्यालय शिक्षा को सबके लिए, हर समय और हर स्थान पर सुलभ बनाने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों, उद्योग, अभिभावकों और सरकार जैसे हितधारकों की अपेक्षाओं को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली में शामिल करना समय की मांग है। सम्मेलन के चार पैनलों में उच्च शिक्षा की बदलती रूपरेखा, अंत:विषय पाठ्यचर्या, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, संस्थागत सुशासन और वैश्विक विश्वविद्यालय का रोडमैप विषयों पर चर्चा हुई। प्रो. अवस्थी ने एआई और तकनीक आधारित शिक्षा को भविष्य का प्रमुख आधार बताया।

# आपदा के कारण बालीचौकी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर युवाओं ने सौंपा ज्ञापन

## बिजली, नेटवर्क व सड़क बंद होने से मुख्य धारा से कटा क्षेत्र

**अनंत ज्ञान, मंडी**

- सेब सीजन प्रभावित किसानों की फसल मंडियों तक पहुंचने में हो रही बाधा

मंडी जिला के बालीचौकी क्षेत्र के युवाओं ने योगराज डोगरा की अध्यक्षता में उपायुक्त मंडी को आपदा के कारण बालीचौकी क्षेत्र में उत्पन्न समस्याओं के समाधान केलिए ज्ञापन सौंपा। जिसमे बालीचौकी क्षेत्र के युवाओं ने बालीचौकी क्षेत्र में आपदा से उत्पन्न समस्याओं को उपायुक्त मंडी के सामने रखा तथा उसके त्वरित समाधान के लिए आग्रह किया।

बालीचौकी क्षेत्र से संबंध रखने वाले योगराज डोगरा ने कहा कि बालीचौकी क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से न कोई बिजली की आपूर्ति है ना ही कोई मोबाइल नेटवर्क काम कर रहा है । जिस कारण बालीचौकी क्षेत्र मुख्य धारा से पूरी तरह से कटा हुआ है। उन्होंने कहा की आपदा के कारण बालीचौकी क्षेत्र की 90 प्रतिशत सड़कें पूरी तरह से बंद है जिस कारण बहुत से गांवों में राशन और आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई पूरी तरह से बंद है और बहुत से गांवों के परिवारों में भुखमरी की स्थिति उत्पन्न होने वाली है ।

इसके साथ ही डोगरा ने कहा कि गाड़ागुसैणी, डाहर के इलाका, थाची के मुराह के गांव, सुधरानी के गांव, पजाई के बहुत से गांव सड़क सुविधा से पूरी तरह कट हो गए है। जिस कारण इन क्षेत्र के गांवों में आवश्यक वस्तुओं और राशन की कमी देखने की मिल रही है ।

उन्होंने कहा की थाची क्षेत्र के लिए सिर्फ़ थुनाग-शैटाधार रोड कनेक्टिविटी का माध्यम बना हुआ है। उन्होंने कहा की इस क्षेत्र की अधिकांश लोग खेती पर निर्भर है और क्षेत्र में सेब सीजन पूरे पीक में है और सभी किसानों का सेब खेतों में ख़राब होने की स्थिति में है इसलिए इस सेब को भी मंडियों तक पहुंचाया जाए । उन्होंने कहा कि सभी युवाओं ने उपायुक्त महोदय के ध्यान में इन सभी समस्याओं में लाया है और इसके त्वरित समाधान का आग्रह किया है। उपायुक्त ने इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर योगराज डोगरा, घनश्याम सोनी, हिमानी, कविता, यमुना, रीतिका, मुकेश, ठाकुर सेन, करण, खुशवंत, सोंदरया ठाकुर, गोपी आदि 62 युवाओं ने भाग लिया।

**IN THE COURT OF KARTAR CHAND, MARRIAGE OFFICER-CUM-SUB DIVISIONAL MAGISTRATE SHAHPUR DISTRICT KANGRA (HP).**

1. Sh. Kunal Mehra S/o Kuldeep Kumar VPO Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP). 2. Smt. Muskan D/o Sheru R/o Near Masjid, VPO Jia Tehsil Bhuntar Distt. Kullu (HP).

*Applicants....*

**V/S**

1. General Public 2. Local Registrar, Gram Panchyat Rehlu.

*Respondents......*

**Subject:- Application for the Marriage registration u/s 8 of registration Marriage Act, 1996.**

Sh. Kunal Mehra S/o Kuldeep Kumar VPO Rehlu Tehsil Shahpur Distt. Kangra (HP) and Smt. Muskan D/o Sheru R/o Near Masjid, VPO Jia Tehsil Bhuntar Distt. Kullu (HP) has filed an application u/s 8 of registration Marriage Act, 1996 along with declaration in which they have stated that they have solemnized their marriage on 13-04-2025 at R/o Near Masjid, VPO Jia Tehsil Bhuntar Distt. Kullu (HP). as per Hindu rites & customs.

Therefore, the general public is hereby informed through this notice that any person who has any objection regarding the registration of this marriage can file an objection personally or in writing before this Court on or before 06-10-2025. After that no objection will be entertained and marriage will be registered accordingly.

**Sd/-**
**Marriage Officer-Cum-Sub Divisional Magistrate Shahpur, Distict Kangra (HP)**

अनंत Classifieds

**नाम परिवर्तन**

**मैं रजनी बाला** पत्नी श्री न. 174325X गुलशन कुमार रैंक WO वर्तमान पता गांव व डाकघर भलाड़, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम राजानी बाला (Rajani Bala) से बदलकर रजनी बाला (Rajni Bala) रख लिया है। रजनी बाला (Rajani Bala) और रजनी बाला (Rajni Bala) एक ही औरत के नाम हैं। सभी संबंधित नोट करें।

**नाम परिवर्तन**

**मैं, संजय कुमार** पुत्र राम सरन निवासी गांव जरल, डाकघर जुगाहण, तहसील सुंदरनगर, जिला मंडी हिमाचल प्रदेश घोषणा करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम कार्तिक चौधरी (Kartik Chaudhary) से बदलकर कृतिक चौधरी (Kritik Chaudhary) रख लिया है। सभी संबंधित नोट करें।

> जितना हम दूसरों के साथ अच्छा करते हैं, उतना ही हमारा हृदय पवित्र हो जाता है और भगवान उसमें बसता है। -स्वामी विवेकानंद

## संपादकीय

# केंद्र से आस

हिमाचल प्रदेश इस बार के मानसून में भयंकर तबाही से गुजर रहा है। लगातार भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने जैसी घटनाओं ने पूरे राज्य की तस्वीर ही बदल दी है। गांव के गांव मलबे में तब्दील हो गए, कई पुल और सड़कें बह गईं। सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके हैं और हजारों परिवार बेघर हो गए हैं। हिमाचल की अर्थव्यवस्था पहले से ही वित्तीय संकट से जूझ रही थी और अब इस आपदा ने उसे और गहरा झटका दिया है। छोटे राज्य की सीमित संसाधन क्षमता इतनी बड़ी त्रासदी का सामना करने के लिए पर्याप्त नहीं है। यही कारण है कि प्रदेश सरकार अपनी पूरी कोशिशों के बावजूद यह मान रही है कि केवल केंद्र सरकार की विशेष मदद से ही इस आपदा से निपटा जा सकता है। मानसून में हिमाचल को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। सबसे ज्यादा असर सड़कों, पुलों, भवनों और बिजली परियोजनाओं पर पड़ा है। पर्यटन जो हिमाचल की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, वह लगभग ठप हो गया है। हजारों होटल और होमस्टे खाली पड़े हैं। टैक्सी चालक, गाइड और छोटे दुकानदार बेरोजगार हो गए हैं। इसी तरह बागवानी क्षेत्र में सेब, नाशपाती और अन्य फसलों की बर्बादी से किसानों को गहरा आर्थिक धक्का लगा है। जिन बागों से वे पूरे साल की आय की उम्मीद करते थे, वे इस बार घाटे का सौदा बन गए हैं।

जलविद्युत परियोजनाएं भी नदी-नालों में आए उफान और मलबे की वजह से प्रभावित हुई हैं, जिससे बिजली उत्पादन में कमी आई है। प्रदेश सरकार ने युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू खुद हालात की निगरानी कर रहे हैं। सेना, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस बलों के सहयोग से प्रभावित इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। राहत शिविर खोले गए हैं, भोजन और दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है और प्रभावित परिवारों को तात्कालिक आर्थिक मदद भी दी जा रही है, लेकिन राज्य सरकार की अपनी सीमाएं हैं। बजट पहले से ही घाटे में चल रहा है और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है। इस पर इतनी बड़ी आपदा का बोझ डालना किसी भी लिहाज से व्यावहारिक नहीं है। यही वजह है कि हिमाचल सरकार लगातार यह मांग उठा रही है कि हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए। राष्ट्रीय आपदा घोषित होने पर केंद्र सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सीधे तौर पर राहत और पुनर्वास कार्यों में शामिल हो जाते हैं। राज्य को विशेष पैकेज और अतिरिक्त बजट मिलता है और पुनर्निर्माण कार्यों की गति तेज हो जाती है। इसका एक बड़ा लाभ यह भी होगा कि प्रभावित परिवारों को समय रहते पर्याप्त मदद मिल सकेगी और उनका पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सकेगा।


भारत में इससे पहले भी जब-जब किसी राज्य में बड़ी आपदा आई है, केंद्र सरकार ने विशेष पैकेज दिए हैं। 2013 की उत्तराखंड त्रासदी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वहां केदारनाथ क्षेत्र में भारी तबाही के बाद केंद्र ने विशेष आर्थिक सहायता दी और पुनर्निर्माण का काम केंद्र की देखरेख में हुआ। इसी तरह ओडिशा और आंध्र प्रदेश में चक्रवातों के बाद केंद्र ने अरबों की राहत दी। बिहार और असम को भी बाढ़ की स्थिति में विशेष सहायता मिलती रही है। फिर हिमाचल को राहत क्यों नहीं? यहां की भौगोलिक स्थिति और पहाड़ी इलाकों में पुनर्निर्माण की कठिनाई को देखते हुए तो मदद की जरूरत और ज्यादा बढ़ जाती है। लोगों की उम्मीदें अब केंद्र सरकार से जुड़ गई हैं, जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, जिनके घर मलबे में बदल गए, जिनकी रोजी-रोटी खत्म हो गई, वे यह उम्मीद कर रहे हैं कि दिल्ली से कोई बड़ी मदद आएगी। हिमाचल के लोग हमेशा आपदाओं से डटकर लड़ते आए हैं, लेकिन इस बार नुकसान का पैमाना इतना बड़ा है कि अकेले उनकी हिम्मत काफी नहीं। उन्हें पूरे देश का सहारा चाहिए। यह समय केवल आर्थिक मदद का नहीं, बल्कि भावनात्मक जुड़ाव का भी है। राष्ट्रीय आपदा घोषित करना एक तरह से यह संदेश देना होगा कि पूरा देश हिमाचल के साथ खड़ा है।

हकीकत यह है कि अगर अभी बड़े कदम नहीं उठाए गए तो हिमाचल की अर्थव्यवस्था वर्षों पीछे चली जाएगी। सड़कें और पुल दोबारा बनाने में समय लगेगा, पर्यटन को पटरी पर लाने में कई सीजन गुजर जाएंगे, किसानों को अपने बागों को फिर से खड़ा करने में लंबा वक्त लगेगा। जलविद्युत परियोजनाओं का नुकसान भी आसानी से नहीं भरेगा। यानी एक छोटी सी चूक राज्य के भविष्य को लंबे समय तक प्रभावित कर सकती है। केंद्र सरकार को चाहिए कि तुरंत पहल करे और हिमाचल की इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे। इससे न केवल विशेष राहत पैकेज मिलेगा, बल्कि एक ठोस और दीर्घकालिक पुनर्वास योजना बनाई जा सकेगी। विशेषज्ञों की मानें तो जलवायु परिवर्तन और अनियंत्रित निर्माण ने पहाड़ों को बेहद नाजुक बना दिया है। आगे भी ऐसी आपदाओं का खतरा बना रहेगा, इसलिए हिमाचल को न केवल तत्काल मदद बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की भी जरूरत है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती


### संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक

**गोपीनाथ** कविराज संस्कृत के विद्वान और महान दार्शनिक थे। योग और तंत्र के प्रकांड विद्वान् डॉ. गोपीनाथ कविराज का जन्म ढाका (अब बांग्लादेश में) जिले के एक गांव में हुआ था। उनकी शिक्षा ढाका, कोलकाता, जयपुर और वाराणसी में हुई। सर्वत्र उन्हें छात्रवृत्ति मिलती रही। संस्कृत और अंग्रेजी के प्रति उनकी रुचि आरंभ से ही थी। जयपुर के प्रवास काल में उन्होंने वहां के समृद्ध पुस्तकालयों का भरपूर लाभ उठाया। एमए में प्रथम आने पर कविराज को लाहौर और अजमेर में अध्यापक का कार्य मिल रहा था, किंतु उनकी योग्यता से प्रभावित क्वींस कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वेनिस ने उन्हें वाराणसी में रोककर कॉलेज के 'सरस्वती भवन' पुस्तकालय का अध्यक्ष नियुक्त कर लिया। इस पुस्तकालय को वर्तमान समृद्ध रूप प्रदान करने का मुख्य श्रेय कविराज जी को है। 1924 में वे क्वींस कॉलेज के प्रधानाचार्य बनाए गए और 1937 तक इस पद पर रहे। 1934 में सरकार ने उन्हें 'महामहोपाध्याय' की उपाधि प्रदान की। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म विभूषण' की उपाधि से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त वे निम्नलिखित सम्मान से भी सम्मानित हो चुके हैं। ■



गोपीनाथ कविराज
जन्म : 7 सितंबर, 1887
मृत्यु : 12 जून, 1976

## कविता



### बहुत पड़ी कुदरत की मार

केशव शर्मा, घुमारवीं (बिलासपुर)

*कहीं जीवन, कहीं घर और कहीं पुल बह गए इस बार,*
*बादल फटे, हुई भारी तबाही,बहुत पड़ी कुदरत की मार।*
*कहीं तो इंसानों की चीखें दब गईं, मिट्टी के ढेरों के नीचे,*
*तो कहीं उनके आंसू बहते रहे, टूटी हुई उम्मीदों के पीछे।*
*धरती कांपी और पर्वत रोए, नदियां बनीं कहर की धार,*
*लोग भागे जान बचाने को, टूट गए उनके सपनों के संसार।*
*कितने घर उजड़ गए, कितनी ही चिताएं जलीं एक साथ,*
*कितनों ने खो दिया अपनों को, शेष रह गई उनकी हर बात।*
*प्रकृति का यह कोप देख, इंसान फिर भी तो कुछ न समझा,*
*कटते जंगल, बिगड़ता मौसम, यह सब उसकी मिली सजा।*
*अब भी समय है, समझ जाओ, बचाओ हरियाली का शृंगार,*
*पेड़ लगाओ, नदियां बचाओ, यही तो जीवन का है आधार।*
*धरती मां की पुकार सुनो, मत दो तुम उसको और संताप,*
*वरना आने वाला कल करेगा, केवल विनाश की ही बात।*
*अब भी समय है पेड़ों को बचाओ, पेड़ हैं धरती का शृंगार,*
*पेड़ों से जीवन सुरक्षित है, पेड़ ही हैं इस जीवन का आधार।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# महिला सशक्तिकरण कल्याण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति का विषय



शिक्षक दिवस उन महान व्यक्तित्वों को सम्मानित करने का अवसर है, जो अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं। इस दिन हम भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले (1831-1897) को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं, जिन्होंने हमारे देश में महिला शिक्षा की नींव रखने के लिए पुराने सामाजिक पूर्वाग्रहों को साहसपूर्वक चुनौती दी थी। ऐसे दौर में जब महिलाओं की शिक्षा को नापसंद किया जाता था और अक्सर हिंसक तरीके से इसका विरोध किया जाता था, सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए स्कूल खोले। उन्होंने केवल पढ़ाया ही नहीं, बल्कि पाठ्यक्रम भी तैयार किए और महिलाओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करने हेतु कविताएं भी लिखीं।



सावित्री ठाकुर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार

उनका जीवन साहस का प्रमाण था। वह रोजाना एक अतिरिक्त साड़ी के साथ स्कूल जाती थीं, क्योंकि रूढ़िवादी पुरुष उन पर कीचड़ और पत्थर फेंकते थे। फिर भी वह डटी रहीं, क्योंकि वह जानती थीं कि भारत का भविष्य उसकी बेटियों की शिक्षा में निहित है। सावित्रीबाई फुले अपने संघर्ष में अकेली नहीं थीं। भारत के समाज सुधार की यात्रा को राजा राम मोहन राय जैसे महान व्यक्तित्वों ने दिशा दी, जिन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाई और महिला शिक्षा का समर्थन किया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने विधवा पुनर्विवाह और बालिका शिक्षा की वकालत की। आगे चलकर महात्मा गांधी ने भी इस बात पर जोर दिया कि 'महिलाओं की शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम है।' इन सभी सुधारकों का मानना था कि जब तक महिलाएं शिक्षा से सशक्त नहीं होंगी, भारत को सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता नहीं मिल सकती। यह विरासत आज भी आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को दिशा दे रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्सर इस बात पर जोर दिया है कि भारत की विकास यात्रा महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास से आगे बढ़ेगी। 'विकसित भारत-2047' का विजन भी इसी सोच पर आधारित है, जिसमें महिलाओं को राष्ट्र निर्माण का समान भागीदार बनाया गया है और इस सशक्तिकरण की नींव शिक्षा है।

**महिलाएं और शिक्षा-अब तक की प्रगति :** स्वतंत्रता के बाद से इस दिशा में हुई प्रगति उल्लेखनीय रही है। महिला साक्षरता, जो 1951 में मुश्किल से 8.86 प्रतिशत थी, आज बढ़कर 65.46 प्रतिशत (2011 की जनगणना के अनुसार) हो चुकी है और हाल के सर्वेक्षणों से स्कूलों में लड़कियों के बढ़ते नामांकन यह इंगित करते हैं कि इसमें लगातार सुधार हो रहा है। एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई+) 2021-22 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) अब लड़कों की तुलना में अधिक है। मोदी सरकार ने 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की, जिसने समाज की सोच बदली, बाल लिंगानुपात में सुधार किया और स्कूली शिक्षा के हर स्तर पर लड़कियों के नामांकन को बढ़ाया।

पोषण अभियान, मिशन शक्ति और सामर्थ्य जैसी पहल मिलकर ऐसा ढांचा तैयार करती हैं, जिसमें शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और अवसर का सहारा मिलता है। यूडीआईएसई+ 2024-25 के आंकड़े बताते हैं कि पहली बार भारत में महिला शिक्षकों की संख्या कुल स्कूली शिक्षकों का 54.2 प्रतिशत हो गई है, जो 2014-15 के 46.9 प्रतिशत से कहीं अधिक है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया है। यह संस्थान महिलाओं और बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों को मजबूत बनाने के लिए क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह सुनिश्चित करता है कि नीतियां जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों।

सावित्रीबाई फुले के नाम के साथ, यह संस्थान शिक्षा और सुधार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उनके विजन के प्रति जीवंत श्रद्धांजलि है। फिर भी कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं। कम उम्र में विवाह, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक कारणों से कई लड़कियां माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ देती हैं। सरकार इन चुनौतियों को दूर करने के लिए छात्रवृत्ति, आवासीय सुविधा, मासिक धर्म स्वच्छता पहल और डिजिटल शिक्षा के अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि हर लड़की बिना रुकावट अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

**राष्ट्र-निर्माता के रूप में शिक्षक :** महिला शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे केवल पढ़ाने का काम नहीं करतीं, बल्कि लाखों बालिकाओं के लिए प्रेरणा और आदर्श भी बनती हैं। इसी तरह वे सावित्रीबाई फुले की मशाल को आगे बढ़ा रही हैं। अध्ययन बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षकों की उपस्थिति से लड़कियों का स्कूल में नामांकन और पढ़ाई जारी रखने की संभावना बढ़ जाती है। गरीबी के चक्र को तोड़ने और परिवारों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाने में उनका योगदान बेहद अहम है।

**विकसित भारत की ओर :** जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, शिक्षा विकास का प्रमुख वाहक बनी हुई है। विशेषकर महिलाओं की शिक्षा, इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देती है। शिक्षित महिलाएं बेहतर स्वास्थ्य सेवा, कम शिशु मृत्यु दर, उच्च पारिवारिक आय और मजबूत समुदाय सुनिश्चित करती हैं। यूनेस्को के अनुसार, एक लड़की की स्कूली शिक्षा का प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष उसकी भविष्य की आय में 10-20 प्रतिशत की वृद्धि करता है। इसलिए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपनी योजनाओं को सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्णशिक्षा) और सतत विकास लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) के अनुरूप बनाना जारी रखे हुए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लड़की पीछे न छूटे। हम शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और कौशल विकास के साथ जोड़कर ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं, जहां महिलाएं विद्यार्थी, शिक्षक, उद्यमी और नेता बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

**सामूहिक संकल्प :** सावित्रीबाई फुले की कहानी हमें इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची प्रगति साहस से ही जन्म लेती है। पुणे की उनकी साधारण कक्षा से लेकर आधुनिक भारत की उन कक्षाओं तक, जहां करोड़ों लड़कियां प्रतिदिन शिक्षा ग्रहण करती हैं, यह यात्रा महिलाओं और शिक्षा के प्रति समाज के दृष्टिकोण में आए व्यापक बदलाव को दर्शाती है, लेकिन यह मिशन अभी अधूरा है। शिक्षक दिवस को मनाते हुए आइए हम उनके विजन और हमारे प्रधानमंत्री के इस आह्वान के प्रति स्वयं को पुन: समर्पित करें कि महिला सशक्तिकरण कल्याण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति का विषय है। यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक लड़की शिक्षित हो, प्रत्येक महिला सशक्त हो और प्रत्येक शिक्षक का सम्मान हो, हम अपने सपनों का भारत बना सकते हैं।

सावित्रीबाई फुले की विरासत केवल इतिहास नहीं है। यह हमारे वर्तमान के लिए जीवंत मार्गदर्शक और भविष्य के लिए प्रकाशस्तंभ है। उनके साहस के प्रकाश में हम यह देख सकते हैं कि विकसित भारत का मार्ग उसके बेटियों और बेटों द्वारा समान रूप से नेतृत्व किया जाएगा।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# स्वास्थ्य सुधार : शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट



भारत जैसे विशाल और विविधताओं से भरे देश में स्वास्थ्य सेवाएं हमेशा से एक जटिल चुनौती रही हैं। सीमित संसाधन, बड़ी जनसंख्या, ग्रामीण-शहरी असमानता और स्वास्थ्य ढांचे की कमजोर स्थिति ने लंबे समय तक इस क्षेत्र को अपेक्षित ऊंचाई तक पहुंचने से रोके रखा। इसके बावजूद हाल के वर्षों में शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज होना उत्साहजनक संकेत है। भारत के महापंजीयक द्वारा जारी आंकड़े बताते हैं कि आम लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ है और सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में देश ने उल्लेखनीय कदम बढ़ाए हैं। देखने में यही आ रहा है कि एक दशक पहले जहां शिशु मृत्यु दर प्रति हजार जीवित जन्म पर 40 थी, वहीं अब यह घटकर 25 तक पहुंच गई है। यह 37.5 प्रतिशत की गिरावट केवल सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, इससे भी आगे योजनाओं और प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।



डॉ. निवेदिता शर्मा
मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य

2014 से पहले भी मातृ-शिशु स्वास्थ्य और टीकाकरण से जुड़ी योजनाएं मौजूद थीं, किंतु उनका लाभ अंतिम छोर तक सीमित रूप से ही पहुंच पाता था। मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद इन योजनाओं को नए दृष्टिकोण के साथ लागू किया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान ने गर्भवती महिलाओं को निशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय देखभाल की सुविधा दी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ने पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की, जिससे वे गर्भावस्था के दौरान पोषण और स्वास्थ्य के प्रति अधिक सजग हो सकें। इसी दिशा में जननी सुरक्षा योजना और जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसे प्रयासों ने सुरक्षित प्रसव की दर बढ़ाई और प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं को घटाया। नतीजतन, शिशु मृत्यु दर में लगातार कमी दर्ज हुई। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण इलाकों में यह दर 44 से घटकर 28 और शहरी क्षेत्रों में 27 से घटकर 18 पर आ गई। यह बदलाव संकेत करता है कि स्वास्थ्य सेवाएं अब गांव-गांव तक पहुँचने लगी हैं। शिशु मृत्यु दर में गिरावट का सबसे अहम कारण टीकाकरण का व्यापक कवरेज है। 2017 में शुरू हुआ इंटेंसिफाइड मिशन इंद्रधनुष बच्चों और गर्भवती महिलाओं के पूर्ण टीकाकरण को सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। जहां पहले टीकाकरण की दर सीमित थी, वहीं अब यह 90 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच चुकी है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने जो 200 करोड़ से अधिक टीके रिकॉर्ड समय में लगाए, भारत के संदर्भ में यह प्रयास स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ ही प्रशासनिक दक्षता का भी उदाहरण है। भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर सराही गई। यानी हम अब टीकाकरण अभियान की निर्णायक भूमिका में पहुंच चुके हैं, जिसके कि आज सार्थक परिणाम भी दिखाई देते हैं।

आज भारत अब ऐसे दौर में प्रवेश कर चुका है जहां स्वास्थ्य सेवाएं केवल इलाज तक सीमित नहीं, बल्कि गरिमामय जीवन और सामाजिक समानता से जुड़ी हुई हैं। यही इस यात्रा का सबसे बड़ा संदेश है। भविष्य की दृष्टि से भारत का लक्ष्य स्पष्ट है। कुपोषण में उल्लेखनीय कमी, मातृ मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर तक लाना और शिशु मृत्यु दर को 12 से नीचे लाना प्रमुख उद्देश्य हैं। वास्तव में बच्चों के हित ये कदम आज के भारत की बहुत बड़ी सफलता है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**AI** (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) आजकल बहुत जरूरी हो गया है क्योंकि यह जीवन के हर क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। **AI** की मदद से काम तेजी से और सटीकता से होता है। यह डेटा का विश्लेषण करके बेहतर निर्णय लेने में मदद करता है। स्वास्थ्य क्षेत्र में **AI** रोगों की पहचान और इलाज को आसान बनाता है। शिक्षा में यह व्यक्तिगत सीखने में सहायक होता है। व्यापार में **AI** ग्राहक सेवा, मार्केटिंग और सुरक्षा को बेहतर बनाता है। सोशल मीडिया, ऑनलाइन खरीदारी और एंटरटेनमेंट में भी **AI** अहम भूमिका निभा रहा है। **AI** से नए रोजगार के अवसर भी बन रहे हैं। हालांकि, इसके साथ-साथ नैतिकता और गोपनीयता की चिंता भी ज़रूरी है। सही उपयोग से **AI** मानव जीवन को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और स्मार्ट बना सकता है।

**-सुमित अवस्थी, बद्दी**

# बड़ा सवाल : जीएसटी पर राहत तात्कालिक या दीर्घकालिक



भारतीय कर व्यवस्था में वर्ष 2017 से लागू हुआ जीएसटी यानी 'गुड्स एंड सर्विस टैक्स' उस समय एक ऐतिहासिक सुधार माना गया था। इसे 'एक देश, एक टैक्स' की संकल्पना के रूप में प्रस्तुत किया गया और जनता को विश्वास दिलाया गया कि इससे कर व्यवस्था सरल होगी, भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। शुरुआत में ही सरकार और उसके आर्थिक सलाहकारों ने ऊंचे टैक्स की दरों को जायज ठहराते हुए बताया था कि यह राष्ट्रहित में है और दीर्घकाल में इससे राजस्व बढ़ेगा, विकास दर तेज होगी तथा राज्यों को भी मजबूती मिलेगी, लेकिन बीते नौ वर्षों में जनता ने देखा कि जीएसटी का बोझ केवल आम उपभोक्ताओं पर बढ़ता गया।



डॉ. सत्यवान सौरभ
रिसर्च स्कॉलर, दिल्ली विवि

जरूरी सामानों से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स दरें ऊंची बनी रहीं। महंगाई लगातार बढ़ती रही और हर घर का बजट बिगड़ता गया। व्यापारी समुदाय ने भी कई बार शिकायत की कि जीएसटी की जटिल व्यवस्था और ऊंचे टैक्स स्लैब ने उनके कारोबार को प्रभावित किया। छोटे और मझोले उद्योगों को तो कई बार अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी पड़ी। अब अचानक वही सरकार यह कह रही है कि जीएसटी की दरें घटाई जाएंगी और इससे जनता को सीधी राहत मिलेगी। नवरात्र के अवसर पर इस घोषणा को 'टैक्स राहत की दिवाली' कहा जा रहा है। निश्चित ही यह कदम आम उपभोक्ता के लिए सुकून भरा संदेश है। जूते, कपड़े, टीवी, डीटीएच जैसी वस्तुओं पर टैक्स घटाना हर परिवार को सीधे प्रभावित करेगा। लोग त्योहारों के समय खरीददारी कर पाएंगे और बाजार में चहल-पहल बढ़ेगी, लेकिन सवाल यह उठता है कि जो तर्क पहले ऊंचे टैक्स के समर्थन में दिए गए थे, वही तर्क आज घटाने के समर्थन में क्यों दिए जा रहे हैं? यह विरोधाभास केवल टैक्स दरों तक सीमित नहीं है। यह सरकार की आर्थिक नीतियों की सोच पर भी सवाल खड़े करता है।

अगर ऊंचे टैक्स ही विकास का आधार थे, तो नौ साल बाद अचानक उन्हें कम करना कैसे विकास के लिए आवश्यक हो गया और यदि वास्तव में कम टैक्स से बाजार और जनता को राहत मिल सकती है, तो इतने वर्षों तक जनता को ऊंचे टैक्स का बोझ क्यों झेलना पड़ा? आम नागरिक इन सवालों का जवाब चाहता है। वह देख रहा है कि टैक्स नीतियां कई बार राजनीति और चुनावी रणनीतियों से जुड़कर बदल जाती हैं। त्योहारों के अवसर पर टैक्स कटौती की घोषणा निश्चित रूप से लोगों को आकर्षित करती है, लेकिन क्या यह दीर्घकालिक समाधान है? कर नीति को समय-समय पर बदलना और हर बार इसे जनता के हित में बताना, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करता है।

आज जब सरकार कहती है कि टैक्स घटाने से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, तो यह बात सही भी है। टैक्स बोझ कम होने पर लोगों की क्रयशक्ति बढ़ती है, उपभोग बढ़ता है और बाजार में रौनक आती है। इससे उत्पादन बढ़ता है और रोजगार सृजन भी होता है, लेकिन फिर वही प्रश्न तो इतने वर्षों तक टैक्स ऊंचे रखकर किस उद्देश्य को साधा गया? क्या उस दौरान जनता केवल राजस्व संग्रह की मशीन बनकर रह गई? सच्चाई यह है कि भारत जैसे विकासशील देश में कर नीति केवल राजस्व जुटाने का साधन नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक संतुलन का आधार भी होनी चाहिए। जरूरी सामानों और रोजमर्रा की वस्तुओं पर टैक्स बोझ कम से कम रखा जाना चाहिए ताकि गरीब और मध्यम वर्ग को राहत मिले, जबकि विलासिता की वस्तुओं पर अपेक्षाकृत ऊंचे टैक्स लगाए जा सकते हैं, लेकिन पिछले वर्षों में हमने देखा कि कई बार यह संतुलन बिगड़ गया और आम नागरिक की जेब पर सीधा असर पड़ा।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि टैक्स में राहत से सरकार के राजस्व पर भी असर पड़ता है। जब राजस्व घटता है तो सरकार या तो घाटा बढ़ाती है या फिर कहीं और से वसूली करती है। ऐसे में जनता को राहत वास्तव में कितनी मिलती है, यह भी एक बड़ा प्रश्न है। यदि बिजली, ईंधन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर सीधे या परोक्ष रूप से टैक्स का बोझ बना रहेगा, तो बाकी वस्तुओं पर टैक्स घटाने का असर सीमित ही होगा। जीएसटी के नाम पर जिस 'एक देश, एक टैक्स' का सपना दिखाया गया था, वह आज भी अधूरा है। अलग-अलग वस्तुओं पर अलग-अलग स्लैब, राज्यों की शिकायतें, जटिल रिटर्न फाइलिंग और बार-बार नियमों का बदलना, ये सब मिलकर इसे जटिल बनाते रहे हैं। टैक्स दरों को घटाने का निर्णय को केवल त्योहारों तक सीमित राहत न बनाया जाए, बल्कि पूरी व्यवस्था को स्थिर और संतुलित बनाया जाए।

सरकार को चाहिए कि वह टैक्स नीतियों को राजनीति से ऊपर उठाकर, दीर्घकालिक आर्थिक दृष्टि से तय करे। लोगों को यह महसूस होना चाहिए कि टैक्स वास्तव में राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान है, न कि केवल बोझ। इसके लिए आवश्यक है कि टैक्स से मिलने वाले राजस्व का सही और पारदर्शी उपयोग हो। यदि जनता देखेगी कि उसके द्वारा दिए गए टैक्स का उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना पर हो रहा है, तो वह टैक्स चुकाने में संकोच नहीं करेगी। आज की टैक्स राहत का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह सवाल भी उठाना जरूरी है कि क्या यह केवल तात्कालिक आकर्षण है या फिर एक दीर्घकालिक सुधार की शुरुआत। जीएसटी जैसे बड़े सुधार को राजनीति और चुनावी लाभ से जोड़कर देखने के बजाय इसे जनता और अर्थव्यवस्था के वास्तविक हित में आगे बढ़ाना होगा। तभी वास्तव में 'टैक्स राहत की दिवाली' हर नागरिक के जीवन में रोशनी ला सकेगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'जनजाति हिंदू नहीं' का शोर अब थम ही जाना चाहिए!



भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। यहां नदियों से लेकर पर्वत तक, पेड़ों से लेकर पत्थरों तक और देवालयों से लेकर घर-घर तक पूजा की परंपरा है। इस विविधता में जनजातीय समाज की आस्था और उनकी धार्मिक मान्यताएं भी सम्मिलित हैं। समय-समय पर यह शोर उठता रहा है कि जनजाति हिंदू नहीं हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के बयान ने इसी बहस को फिर से हवा दी है। उन्होंने कहा कि वे गर्व से स्वयं को जनजातीय मानते हैं, हिंदू नहीं, लेकिन यह प्रश्न उठता है कि क्या सचमुच जनजातीय समाज हिंदू धर्म का अंग नहीं है? क्या उनकी पूजा-पद्धति, देवताओं की मान्यता और जीवन की संस्कार-परंपरा हिंदू धर्म से पृथक है? यदि गहराई से देखा जाए तो इसके उत्तर स्पष्ट रूप से यह दर्शाते हैं कि जनजातीय समाज हिंदू जीवनधारा का अभिन्न हिस्सा है और 'जनजाति हिंदू नहीं' का यह शोर निराधार है, जिसे अब थम जाना चाहिए।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारतीय जनजातीय समाज का धार्मिक जीवन प्रकृति-पूजा पर आधारित है। वे पर्वत, नदी, पेड़-पौधे, सूर्य, चंद्रमा, अग्नि और धरती की पूजा करते हैं किंतु यदि हम हिंदू धर्म की मूल धारा पर दृष्टि डालें तो वही परंपरा वहां भी विद्यमान है। जनजातीय लोग 'बड़ा देव' को मानते हैं, जो उनकी सर्वोच्च सत्ता है। यही अवधारणा हिंदू धर्म में 'महादेव' के रूप में दिखाई देती है। दोनों में न केवल ध्वन्यात्मक साम्यता है बल्कि भावगत एकरूपता भी है। वस्तुत: आज जो हिंदू-जनजाति विवाद पैदा कर रहे हैं, उन्हें यह समझ लेना चाहिए कि यदि जनजातीय समाज हिंदू न होते तब वे इस तरह से देवत्व की उपासना, आहुति और यज्ञ-परंपरा को जीवित न रखते।

एतिहासिक साक्ष्य भी इस दृष्टि से देखे जा सकते हैं, भारतीय जीवन दर्शन में रामकथा और महाभारत जैसी राष्ट्रीय महागाथाओं में जनजातीय समाज का स्थान हमेशा से रहा है। शबरी, जिन्होंने अपने जूठे बेर राम को अर्पित किए, वे जनजातीय समाज से थीं। गोंड, भील, कोल, मुंडा जैसे समुदायों का उल्लेख प्राचीन साहित्य में मिलता है। ये सब उस समय भी सनातन धर्म की परंपराओं के सहगामी रहे। यदि ये समाज हिंदू नहीं होते तो राम जैसे अवतार उनके जीवन और लोककथाओं में क्यों उपस्थित होते? क्यों हनुमान जैसे देवता, जिनकी आराधना सबसे अधिक वनवासी और जनजातीय क्षेत्रों में होती है, इनकी आस्था के केंद्र होते? अत: भारतीय जीवन दर्शन में हिंदू ही जनजाति समाज है।

आज जरूरत इस बात की है कि इस कृत्रिम बहस को समाप्त किया जाए। जो समाज हजारों वर्षों से इसी भूमि की संस्कृति, इसी धर्म के देवताओं और इसी जीवन पद्धति से जुड़ा है, उसे अलग बताना केवल भ्रम फैलाना है। भारत के लिए जनजातीय समाज उसकी आत्मा है। जो उन्हें हिंदू धर्म से अलग करने की कोशिश करता है, वह दरअसल भारत की आत्मा को विभाजित करने की साजिश करता है। इसलिए इस सच्चाई को स्वीकार करना होगा कि जनजाति हिंदू हैं और रहेंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छोटी काशी में गणपति बप्पा का मूर्ति विसर्जन

## हनुमान घाट पर श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, प्रशासन की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण संपन्न हुआ आयोजन

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**मंडी।** छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध मंडी नगर में गणेश उत्सव की धूमधाम के बाद ब्यास नदी के तट पर स्थित हनुमान घाट पर श्रद्धा, उल्लास और भावनाओं से परिपूर्ण गणेश मूर्ति विसर्जन समारोह शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।

सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बड़ी आस्था और उत्साह के साथ अपने आराध्य गणपति बप्पा की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद परंपरागत रीति-रिवाजों से मूर्ति का विसर्जन किया। ब्यास नदी में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रशासन ने चाक-चौबंद इंतजाम किए। मौके पर एसडीआरएफ, पुलिस बल और आपदा प्रबंधन की टीमों को गहरे पानी और तेज बहाव को देखते हुए विशेष रूप से तैनात किया गया था। सभी जवान जीवन रक्षक जैकेट पहनकर तैनात रहे और श्रद्धालुओं की सहायता के लिए हर क्षण सजग दिखाई दिए।

प्रशासन द्वारा क्रमबद्ध तरीके से विसर्जन की व्यवस्था की गई थी, जिससे घाट पर कोई अव्यवस्था या दुर्घटना न हो। विसर्जन के लिए आई प्रतिमाओं को सुरक्षित ढंग से जलधारा में प्रवाहित किया गया। घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद पूरे आयोजन में अनुशासन और श्रद्धा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। गणेश विसर्जन के इस पावन अवसर पर श्रद्धा और सुरक्षा दोनों का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया, जिससे मंडी नगरवासियों ने यह दिखा दिया कि आस्था के साथ नियमों का पालन भी धार्मिक आयोजनों की गरिमा बढ़ाता है।



हनुमान घाट पर ब्यास नदी में गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान तैनात एसडीआरएफ जवान श्रद्धालुओं की सुरक्षा में सक्रिय।

## जोगिंद्रनगर में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ गणपति महोत्सव

# जयकारों से बप्पा की प्रतिमा को किया विदा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** में पिछले नौ दिनों से चल रहे गणपति महोत्सव का समापन शनिवार को गणपति बप्पा की भावुक विदाई के साथ हुआ। दसवें दिन सुबह 11 बजे गणेश महोत्सव समिति के सदस्यों ने जयकारों और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच पंडाल से बप्पा की प्रतिमा को विदा किया। मूषक वाहन पर सजाई गई प्रतिमा पूरे शहर में शोभायात्रा के माध्यम से ले जाई गई, जो गुरुद्वारा चौक, साईं मार्केट, मेन बाजार, लक्ष्मी बाजार और रेलवे चौक से होकर गुजरी।

पूरे मार्ग में भक्तों ने पुष्पवर्षा कर बप्पा का स्वागत किया। जगह-जगह जलपान की व्यवस्था की गई। अन्नपूर्णा मंदिर लदरूहीं के महंत राम शरणदास रामायणी ने गुरुद्वारा साहिब के पास विशाल लंगर आयोजित किया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। न्यू लाइट टैंट हाउस के एमडी राजीव शर्मा ने इस लंगर में विशेष सहयोग प्रदान किया। शोभायात्रा गरोड़, बाबा बालकरूपी मुख्य द्वार, मसौली, झलवान, खुददर और मच्छयाल से होती हुई बडौण खड्डु घाट पर समाप्त हुई। शाम करीब 5 बजे बप्पा की प्रतिमा बडौण खड्डु घाट पर पहुंचाई गई, जहां आरती और विधिवत विसर्जन किया गया। कई श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और सभी ने अगले वर्ष फिर से बप्पा के आगमन की कामना की। पुलिस और फायर ब्रिगेड के जवान तट पर तैनात रहे, जिससे किसी अप्रिय घटना से बचाव हुआ। गणेश महोत्सव समिति ने नगरवासियों, प्रशासन व स्वयंसेवकों का आयोजन सफल बनाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।



## न्यूज ब्रीफ

### सब कुछ छीन ले गया कुंडूनी का पहाड़ : सुनील

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** कुंडूनी गांव की तबाही ने न सिर्फ मकानों को मलबे में दबाया, बल्कि गांववासियों के सपनों और भविष्य को भी तहस-नहस कर दिया। पहाड़ी दरकने से गांव के घर-मकान, खेत-खलिहान और बच्चों की किताबें तक मिट्टी में दब गईं। इंडेन गैस एजेंसी में सिलेंडर सप्लाई का कार्य करने वाले सुनील कुमार भी इस आपदा का शिकार हुए हैं। उनका घर पूरी तरह भूस्खलन की भेंट चढ़ गया। सुनील ने बताया कि उनके पास जो भी था, सब कुछ घर के भीतर ही रह गया। मिट्टी और पत्थरों के ढेर में अब कुछ भी शेष नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस रात भूस्खलन हुआ, वे परिवार सहित अपने भाई के घर चले गए थे। अगली सुबह जब लौटे तो रास्ते बंद हो चुके थे और घर मलबे के नीचे दब चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यह घाव वर्षों तक भरना मुश्किल होगा।

### जालपा कला मंच सेरु में रामलीला 21 से

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल के जलपेंहड में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जालपा कला मंच सेरु द्वारा 21 सितंबर से 2 अक्टूबर तक रामलीला का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंच संचालक दीपन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इस रामलीला में प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और आचरण का मंचन किया जाएगा। आयोजन का मुख्य उद्देश्य धर्म, सत्य और मर्यादा का संदेश जन-जन तक पहुँचाना है। इसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे और दर्शकों को भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान सहित सभी पात्रों की झलक देखने को मिलेगी।मंचन प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक होगा। इस अवसर पर जालपा कला मंच के प्रधान सुरेंद्र सिंह, उपप्रधान प्रदीप कटोच, सचिव सुदेश कुमार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, डायरेक्टर सचिन व बॉबी सहित समस्त कलाकार मौजूद रहे।

### रसोई में घुसा सांप, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** उपमंडल जोगिंद्रनगर के ग्राम बदेहड़ के चांजड़ा गांव में शनिवार शाम उस समय हड़कंप मच गया जब एक घर की रसोई में आठ फीट लंबा विशालकाय सांप घुस आया। रसोई में मौजूद महिला ने जैसे ही सांप को देखा तो घबराकर शोर मचाया। देखते ही देखते घर के सदस्य और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और तुरंत वन विभाग को सूचना दी गई। इसी बीच गांव के टैक्सी चालक रवि कुमार वालिया, जो लंबे समय से सांप रेस्क्यू में भी सक्रिय हैं, घटनास्थल पर पहुंचे और मात्र तीन मिनट में सांप पर काबू पा लिया। सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया। गनीमत रही कि किसी प्रकार का जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। मौके पर वन रक्षक पवन ठाकुर ने भी स्थिति संभाली।

### नियम 7-ए हटाने पर कर्मचारियों में उबाल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा वेतन नियमों में किया गया बदलाव अब कर्मचारियों के आक्रोश का कारण बन गया है। वित्त (वेतन पुनरीक्षण) विभाग ने 6 सितंबर को अधिसूचना जारी कर प्रदेश सिविल सेवा (संशोधित वेतन) नियम, 2022 में जोड़े गए नियम 7-ए को समाप्त कर दिया है। यह निर्णय 3 जनवरी 2022 से प्रभावी माना गया है। इस नियम के अंतर्गत लिपिक, कनिष्ठ कार्यालय सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी), स्टाफ नर्स और अन्य कई वर्गों के कर्मचारियों को दो वर्ष की नियमित सेवा पूरी करने पर वेतन की ऊंची कोटि का लाभ मिलता था। अब यह व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि अब तक इस नियम के आधार पर दिया गया अतिरिक्त भुगतान वापस नहीं लिया जाएगा। हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने इस निर्णय को कर्मचारियों के भविष्य और मेहनत के साथ अन्याय बताया। संघ ने चेतावनी दी है कि प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विरोध-पत्र सौंपने का अभियान चलाया जाएगा। यदि सरकार ने अधिसूचना वापस नहीं ली, तो राज्यभर में व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

### विश्व शांति के लिए किया यज्ञ, गूंजे वैदिक मंत्र

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बाबा नागा तपोभूमि, सरकाघाट स्थित प्राचीन शिव मंदिर में धार्मिक वातावरण वैदिक मंत्रों की गूंज से पवित्र हो उठा। महंत लक्ष्मी नारायण गिरी जी महाराज की पावन उपस्थिति में 15 ब्राह्मणों ने विश्व शांति और लोक कल्याण के लिए विशेष हवन यज्ञ संपन्न किया। इस हवन यज्ञ के संयोजक पंडित वृजलाल शास्त्री रहे, जिन्होंने अपने निर्देशन में ब्राह्मणों से मंत्रोच्चारण और विधिविधान अनुसार पूजा सम्पन्न करवाई। यज्ञ के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने अग्नि में आहुतियां डालकर समाज, राष्ट्र व विश्व के सुख-समृद्धि की कामना की। वैदिक ध्वनि व धूप-घी की सुगंध से मंदिर का वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक बन गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एकजुट होकर धर्म और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश देते हैं। इस मौके पर मंदिर कमेटी सदस्य उपस्थित रहे।

### ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट 11 व 23 सितंबर को

**अनंत ज्ञान, महादेव।** सुंदरनगर प्रशासन द्वारा गाड़ियों की पासिंग सहित ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट की तिथियां तय कर दी गई हैं। एसडीएम (सिविल) अमर नेगी ने बताया कि 11 व 23 सितंबर को ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट करनोडी स्थित मॉडल स्कूल के निकट मैदान में लिए जाएंगे। वहीं गाड़ियों की पासिंग भी 10 तथा 22 सितंबर को की जाएगी।

# जिला ऊना से मंडी आपदा राहत को 3.33 लाख की सहायता राशि भेंट

**अनंत ज्ञान, मंडी**

उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अपूर्व देवगन को शनिवार को जिला ऊना से आपदा राहत के लिए 3 लाख 33 हजार रुपए की सहायता राशि का चेक भेंट किया गया। यह राशि खंड विकास अधिकारी ऊना, बंगाणा, अंब और गगरेट, जिला पंचायत अधिकारी ऊना, विभिन्न स्वयं सहायता समूहों तथा क्लस्टर स्तरीय महासंघ की सदस्याओं द्वारा एकत्र की गई थी।

चेक जिला विकास अधिकारी ऊना के. एल. वर्मा और जिला पंचायत अधिकारी ऊना श्रवण कश्यप ने उपायुक्त को सौंपा। इस अवसर पर सुरेश कुमार, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ऊना तथा जीसी पाठक, जिला विकास अधिकारी मंडी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने मंडी जिला के आपदा प्रभावित लोगों की सहायता हेतु जिला ऊना के अधिकारियों, कर्मचारियों और महासंघ की सदस्याओं के इस योगदान की सराहना करते हुए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में इस सामूहिक प्रयास से न केवल प्रभावित परिवारों को राहत मिलेगी, बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना भी और सुदृढ़ होगी।



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन को राहत राशि का चेक सौंपते हुए।

## बारिश से सब्जी उत्पादकों पर संकट, धरमाण मंडी सुनसान

**अनंत ज्ञान, बरोट।** लगातार भारी बारिश के चलते छोटा भंगाल घाटी की धरमाण पंचायत में स्थित सब्जी मंडी पूरी तरह सुनसान हो गई है। बरोट-घटासनी सड़क मार्ग के गुराहला में मार्ग का बड़ा हिस्सा कट गया है, जबकि बरोट बस ठहराव के पास भारी भूस्खलन जारी है। इस कारण बरोट, खलैहल, मुल्थान, बड़ा ग्रां, राजगुंधा, बिलिंग और बीड़ के मार्ग भी पूरी तरह अवरुद्ध हो चुके हैं। इन क्षेत्रों के किसान और सब्जी उत्पादक, जो अगस्त से ही बंद गोभी, फूल गोभी, मूली, धनिया जैसी फसलों की बिक्री कर आय अर्जित करते थे, अब गहरे आर्थिक संकट में हैं। किसानों का कहना है कि भारी बारिश से सड़कें बंद होने के कारण वे खेतों से सब्जियां नहीं निकाल पा रहे हैं। सब्जी उत्पादकों बुधी सिंह, कश्मीर, बीनू, सोमनाथ, बलबीर आदि ने बताया कि लोक निर्माण विभाग ने सड़क बहाली के लिए केवल छोटी मशीनें लगाई हैं, जिससे विभाग की उदासीनता साफ झलकती है। लोक निर्माण विभाग झटिंगरी के कनिष्ठ अभियंता देश राज ने बताया कि गुराहला में मशीन लगा दी गई है और मौसम साफ रहा तो दो-तीन दिन में मार्ग बहाल हो जाएगा। बीड़ उपमंडल के अभियंता दिनेश कुमार ने भी कहा कि बहाली कार्य जारी है और मौसम अनुकूल रहा तो एक-दो दिन में मार्ग खोल दिए जाएंगे।

# आपदा प्रभावितों के लिए राहत और मानसिक संबल बना आर्ट ऑफ लिविंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**40 गांवों तक पहुंचाई सहायता, 500 से अधिक लोगों को जोड़ा ध्यान से**

प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में जहां लोग जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने न केवल राहत सामग्री पहुंचाई है, बल्कि मानसिक व भावनात्मक स्तर पर भी लोगों को संबल देने का कार्य किया है। यह सेवा कार्य संस्था के संस्थापक गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के मार्गदर्शन में चल रहा है।

पराला गांव की तुल्जु देवी ने भावुक होकर कहा, 'अब तक कोई यह देखने नहीं आया कि हम कैसे हैं। हमें खुशी है कि आपने हमारी तकलीफ को समझा।' संस्था ने न केवल प्रभावित ग्रामीणों को राहत पहुंचाई, बल्कि राहत व बचाव कार्य में लगे कर्मियों के लिए भी योग व ध्यान सत्र आयोजित किए। एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियों के कर्मचारियों को मानसिक ऊर्जा, स्पष्टता और शांति मिली, जिससे वे और भी उत्साह से राहत कार्यों में जुट सके। 4वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के डीएसपी मनोघर लाल ने कहा कि संस्था ने न केवल कपड़े, राशन, किताबें और कॉपियां बांटीं, बल्कि लोगों को मानसिक रूप से भी मजबूत किया। आर्ट ऑफ लिविंग की शिक्षिका साध्वी अमृता ने अब तक 500 से अधिक लोगों को ध्यान से जोड़ा है और कई बार 8 किलोमीटर पैदल चलकर सहायता पहुंचाई। संस्था के स्वयंसेवक जुलाई से ही लगभग 40 गांवों में सक्रिय हैं और संकट की इस घड़ी में लोगों के लिए आशा की एक जीवंत किरण बनकर उभरे हैं।

# जीएसटी सुधारों से हर वर्ग को मिलेगी राहत : पंकज जम्वाल

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए जीएसटी सुधार ऐतिहासिक और दूरगामी हैं। उन्होंने कहा कि यह सुधार न केवल देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे, बल्कि हर वर्ग के जीवन को आसान बनाने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पहले जिन वस्तुओं पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता था, उन्हें घटाकर 18 प्रतिशत पर लाया गया है, जबकि कई वस्तुओं पर लगने वाला 5 प्रतिशत टैक्स पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसका सीधा असर आम घरों के बजट पर पड़ेगा और जीवन यापन की लागत घटेगी। पंकज जमवाल ने कहा कि औसतन 35 से 40 हज़ार रुपये मासिक खर्च करने वाले परिवार को सालाना 40 से 45 हज़ार रुपये तक की सीधी बचत होगी। इससे परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और उपभोग क्षमता बढ़ेगी। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इन सुधारों से किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों, महिलाओं, युवाओं व छोटे व्यापारियों को विशेष लाभ मिलेगा। खेती-बाड़ी की लागत कम होगी, छोटे व्यापारी सस्ते दामों पर माल उपलब्ध करवा पाएंगे और महिलाओं को घरेलू बजट में बड़ी राहत मिलेगी। युवाओं के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर भी बढ़ेंगे।



## जीएसटी में व्यापक कटौती से जनता को राहत: डॉ. सीमा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में बड़ी कटौती कर जनता को बड़ी राहत दी है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर सीमा ठाकुर ने इस फैसले को आजादी के बाद कर व्यवस्था में सबसे बड़ा सुधार बताया। उन्होंने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने वाले इस निर्णय से शिक्षा सामग्री, दवाइयां, रोजमर्रा की वस्तुएं, किसानों के उपकरण, वाहन, इलेक्ट्रॉनिक्स व निर्माण सामग्री अब सस्ती हो जाएंगी। कॉपी, पेंसिल, इरेजर, मानचित्र, ग्लोब अब जीएसटी मुक्त हो गए हैं, जबकि ज्यामिति और कलर बॉक्स पर कर 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत रह गया है। पनीर, यूएचटी दूध, रोटी, पराठा जैसी वस्तुएं करमुक्त हो गई हैं और घी, मक्खन, सूखे मेवे पर टैक्स बारह से घटकर पांच प्रतिशत हो गया है। ट्रैक्टर, ऑटो, छोटी कारें, साइकिल, टीवी, एसी, सीमेंट और बच्चों के खिलौनों पर टैक्स दरों में भारी कटौती की गई है। कैंसर और दुर्लभ बीमारियों की दवाएं अब पूरी तरह करमुक्त हैं। उन्होंने कहा कि यह फैसला पीएम मोदी की जन-कल्याणकारी सोच का प्रतीक है।

# चंडीगढ़-मनाली एनएच के डयोड में मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर जारी

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**फिलिंग के जरिए सड़क को बहाल करने में जुटा लोक निर्माण विभाग**

**पंडोह।** लगातार बारिश और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित चंडीगढ़ मनाली राष्ट्रीय राज मार्ग विशेषकर पंडोह के डयोड में स्थिती बहुत ही नाजुक बनी हुई है। यहां पर हाईवे लगभग 20 फीट तक धंस गया था। जिससे बड़े मालवाहक वाहनों की आवाजाही में दिक्कत आ रही थी। वोल्वो बसों का चलना तो संभव ही नहीं है। इस संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण ब्लैक प्वाइंट पर लोक निर्माण विभाग, थलोट मंडल की टीम लगातार राहत और मुरम्मत कार्य में सक्रियता से जुटी हुई है। अधिशाषी अभियंता विनोद शर्मा, सहायक अभियंता प्रवीण तलवार और विभागीय कर्मचारी दिन-रात मौके पर मौजूद मौजूद रहे कर इस हाईवे की बहाली कार्य को युद्ध स्तर पर चलाए हुए हैं।

जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता विनोद शर्मा ने बताया कि यह स्थान भू-धंसाव और पानी की अत्यधिक निकासी के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है। विभाग ने यहां विशेष इंजीनियरिंग उपाय अपनाते हुए बड़े वाटर ड्रेनेज के लिए नये कलवर्ट (पुलिया) डाल रहा हैं, ताकि पानी के उचित रिसाव की व्यवस्था हो सके। इसके अतिरिक्त मिट्टी और पत्थर से फिलिंग कर सड़क को फिर से लेवल किया गया है। पहले ये हाइवे धंसाव के चलते एक तरफा था पर कुछ दिन बाद इसे कड़ी मशक्कत के बाद दो तरफा यातायात के लिए बहाल किया गया। उन्होंने आगे बताया कि जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, इस खंड पर जीएसबी गटका गिट्टी डालकर उचित लेवलिंग की जाएगी और उसके बाद टायरिंग कर इसे पूर्ण रूप से बहाल किया जाएगा।

# दो लाख की बीमा राशि की प्रदान

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बरोट ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत खाता धारक स्व अनिल कुमार के निधन के उपरांत उनके पिता मान चंद को दो लाख रुपये की बीमा राशि का चैक प्रदान किया। बैंक शाखा में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में यह राशि शनिवार को सौंपी गई। शाखा प्रबंधक गौतम जांभूलकर ने जानकारी देते हुए बताया कि अनिल कुमार (32), निवासी गांव चेलरा दी मलाह, डाकघर कोठी कोहड़, तहसील मुल्थान हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा बरोट में बचत खाता धारक थे।

उन्होंने सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत सिर्फ 436 रुपये वार्षिक की राशि देकर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि अनिल कुमार का देहांत दिल का दौरा पड़ने से हुआ, जिससे वे अपने पीछे पत्नी, दो छोटे बेटे और वृद्ध माता-पिता को छोड़ गए। इस दुखद घटना के बाद उनके पिता मान चंद को बीमा राशि प्रदान की गई, जो परिवार के लिए इस संकट की घड़ी में संजीवनी का कार्य करेगी। शाखा प्रबंधक ने बताया कि जैसे ही अनिल कुमार के निधन की सूचना मिली, बैंक के खजांची द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बीमा राशि उनके पिता को सौंप दी गई।



ग्रामीण बैंक शाखा बरोट के प्रबंधक बीमा राशि का चैक सौंपते हुए।

## आईआईटी मंडी में होगा खेल संस्कृति, युवा ऊर्जा का महाकुंभ


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल की शांत वादियों में बसी आईआईटी मंडी एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की युवा प्रतिभाओं का संगम स्थल बनने जा रही है। बहुप्रतीक्षित अंतर-महाविद्यालयीन खेल और सांस्कृतिक महोत्सव रणनीति 2025 का आयोजन आगामी 10 से 12 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस आयोजन में देशभर के 20 से अधिक प्रमुख तकनीकी व गैर-तकनीकी संस्थानों के छात्र-खिलाड़ी भाग लेंगे। आयोजन समिति के अनुसार रणभूमि में इस बार फुटबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स जैसी प्रतिस्पर्धाएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके साथ ही अनेक इनडोर व आउटडोर खेल भी शामिल किए गए हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व, समर्पण और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। आयोजक मानते हैं कि यह महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खेल संस्कृति और टीम भावना का उत्सव है। खेल स्पर्धाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत संध्या और रंगारंग प्रस्तुतियां भी इस आयोजन को यादगार बनाएंगी। प्रतिभागी न केवल अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विविधता भी प्रस्तुत करेंगे। आईआईटी मंडी प्रशासन ने आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है और हर स्तर पर सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

# उर्मिल कुमारी को मिली काव्य श्रेष्ठ वुमन ऑफ द ईयर की मानद उपाधि

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** धावन पंचायत के गांव डडोह में जन्मी डॉ. उर्मिल कुमारी को शिक्षक दिवस पर उत्तर प्रदेश की सुप्रसिद्ध साहित्यिक एवं शैक्षणिक संस्था अंतरराष्ट्रीय कला सम्मान परिषद द्वारा उनकी श्रेष्ठ काव्य रचना जिंदगी जीने का नाम है की उत्कृष्टता पर काव्य श्रेष्ठ वुमन ऑफ द ईयर 2025 की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया है। डॉ. उर्मिल कुमारी एमएससी, पीएचडी (मैथ्स) हैं और आजकल टावां स्कूल में बतौर टीजीटी (नॉन मेडिकल) कार्यरत हैं।

डॉ. उर्मिल पूर्व में अभिलाषी विश्वविद्यालय में बतौर सहायक प्रोफेसर कार्य कर चुकी हैं जहां पर उन्हें वर्ष 2017 में शिक्षक दिवस पर बेस्ट टीचर अवॉर्ड से विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर के कर कमलों से नवाजा जा चुका है। डॉ. उर्मिल साहित्य के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियों हासिल कर चुकी हैं। इनके द्वारा लिखित अनेक गद्य पद्य रचनाएं एवं आलेख देश की विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। ये छह पुस्तकों का सह सम्पादन भी कर चुकी हैं। इनका अपना काव्य संग्रह आखिर कब तक भी प्रकाशित हो चुका है। डॉ. उर्मिल को उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए अब तक 33 अवॉर्ड, सम्मान, पुरस्कार एवं उपाधियां प्राप्त हो चुकी हैं। इनके अतिरिक्त ये अनेक साहित्यिक समारोहों, सम्मेलनों में मंच संचालिका के रूप में भी कार्य कर चुकी हैं।



# टैक्सी चालक अनिल की हत्या मामले में पत्नी को नौकरी दे सरकार : प्रकाश राणा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के रक्तल गांव के अनिल कुमार 27 वर्षीय ओला टैक्सी चालक की जैश-ए-मोहम्मद के 3 आंतकियों द्वारा हत्या किए जाने का दर्दनाक मामला सामने आया था। इस मामले को लेकर जोगिंद्रनगर के विधायक प्रकाश राणा ने आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि चंडीगढ़ में हुई इस वारदात की जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम होगी। उन्होंने कहा कि कैब गाड़ी चलाने वाले को क्या मालूम की उसके द्वारा उठाई जा रही सवारियां आतंकवादी और उसकी मौत के हत्यारे भी हो सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस युवा चालक मैं भी अपनी जान को बचाने के लिए जरूर इन आतंकियों से उलझा होगा। लेकिन इन तीनों के आगे अपनी जिंदगी की भीख भी मांगी होगी, लेकिन इन निर्दयी हत्यारों के आगे एक न चली होगी नतीजन उसकी निर्मम हत्या कर दी गई।

विधायक के प्रकाश राणा ने बताया कि चालक अनिल के परिवार में उसके मां-बाप व पत्नी वह एक चार वर्षीय बेटा भी है। उन्होंने सरकार व मुख्यमंत्री से कहा है कि इस संवेदनशील मामले में इस परिवार की सहायता कि जाए व उसकी पत्नी को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए ताकि वह अपने परिवार व बच्चे का पालन पोषण सही से कर सके। उल्लेखनीय है कि ओला चालक की हत्या मामले में तीन आतंकियों को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गौरतलब है कि मंडी जिला के जोगिंद्रनगर उप मंडल के रक्तल गांव के अनिल कुमार जो परिवार के साथ नयागांव में रहता था और ट्राईसिटी में कैब चलाता था। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सत्र के दौरान यह मुद्दा विधायक प्रकाश राणा ने उठाया था। पंजाब पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मोहाली पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और एक कैब चालक के अपहरण और हत्या के मामले में जम्मू-कश्मीर के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।



प्रेसवार्ता करते हुए विधायत प्रकाश राणा।

# पंडोह पंचायत की ग्राम सभा में सचिव ही गायब

## जल शक्ति विभाग के अधिकारी ने भी किया किनारा, पंचायत सदस्य भी नदारद

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** ग्राम पंचायत पंडोह की ग्राम सभा में पंचायत सचिव ही उपस्थित नहीं हो सके। हैरत की बात तो यह है कि पंचायत ग्राम सभा भवन में ताला लटका देख जो ग्राम सभा के लिए लोग आ भी रहे थे वो भी ताले को देख निराश होकर घर वापसी जाते रहे। पंचायत प्रधान की कुर्सी खाली थी, क्योंकि वे बीमार है। सात सदस्यों में से मात्र एक ही गोपाल ठाकुर, उपप्रधान पवन ठाकुर और सिलाई अध्यापिका मीरा कुमारी के अलावा कोई भी पंचायत प्रतिनिधि ग्राम सभा में उपस्थित नहीं थे। इससे साफ़ होता है कि ना तो विकास खंड अधिकारी ग्राम सभा को सफल करने के इच्छुक थे और ना ही जनप्रतिनिधि।

बता दें कि पिछले 1 वर्ष से 4 सचिव बदले गए हैं। सभी का रटा रटाया भाषण होता है कि हमें दूसरी पंचायत में काम था। जाते एक में भी नहीं हैं। इस बात का पता इससे चलता है कि 6 सितंबर को ग्राम सभा निश्चित होती है और विकास खंड अधिकारी पंचायत सचिव को अपने कार्यालय में बुलाकर दूसरे काम में व्यस्त कर देते हैं। वह काम भी जरूरी हो सकता है, मगर ग्राम सभा से जरुरी सचिव का ओर काम नहीं हो सकता। ग्राम सभा की पूर्व तैयारी के लिए 15 दिन लगते हैं। यहां तो पंचायत घर के सूचना पट्ट पर भी कोई नोटिस नहीं है। इस ग्राम में मात्र 27 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई जो पंचायत सचिव और जनप्रतिनिधियों की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा को दर्शाती है। हैरत की बात है कि लोगों के दवाब पर अन्य सचिव की ड्यूटी फोन पर लगाई गई मगर वह भी ग्राम सभा में नहीं पहुंच पाया। 11.30 बजे सयोग पंचायत के सचिव को गाड़ी में जबरन पंडोह पंचायत में लाया गया। स्थानीय लोगों बीआर भाटिया, सोहन लाल, राम शरण, हर भगवान दास ने कहा कि बरसात में लोग अपनी फसलो, गिरे हुए डंगे, बंद सडक को सुचारू करने के लिए पंचायत के माध्यम से मनरेगा या अन्य हैड से पैसे की मांग करना चाहते हैं। मगर ग्राम सभा नहीं हो रही है।

इस संबंध में विकास खंड अधिकारी मंडी सुरेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जिसको भी पंचायत का काम है वे मेरे कार्यालय में आएं। आज-कल वोटर लिस्ट का कार्य चल रहा है। इसलिए पंचायत सचिव फ्री नहीं है। इस तरह का जवाब अधिकारी से मिले तो आप समझ जाएं कि उस विकास खंड का भविष्य कैसा होगा।

### करसोग अस्पताल को मिले नए सर्जिकल उपकरण

**अनंत ज्ञान, करसोग।** सिविल अस्पताल करसोग को खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोपाल चौहान ने जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, नसबंदी और डेंटल सेक्शन के लिए नए सर्जिकल उपकरण भेंट किए। इनसे अस्पताल में छोटी-बड़ी सर्जरी अब यहीं संभव हो सकेगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया और कहा कि इससे हजारों मरीजों को लाभ मिलेगा।

### सरकारी भूमि पर कब्जा, वन अधिकारी धमकाए

**अनंत ज्ञान, करसोग।** वन खंड अधिकारी की शिकायत पर थाना करसोग में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत के अनुसार उक्त व्यक्ति ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा था और लोगों का रास्ता भी बंद कर दिया था। जब वन विभाग की टीम ने कब्जा हटाने की कार्रवाई की, तो आरोपी ने अधिकारियों और बीट गार्ड को धमकाया। पुलिस ने मामले में धारा 322(3), 351(2) बीएनएस व 32, 33 इंडियन फॉरेस्ट एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है। डीएसपी करसोग ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि जांच जारी है।

### लीला विलास को मिली अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** जिला फुटबाल संघ मंडी की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सीनियर कोच सत्येंद्र शर्मा व हिमाचल फुटबॉल संघ के महासचिव दीपक शर्मा ने बतौर चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया। मुख्य चुनाव अधिकारी हितेंद्र पटियाल के नेतृत्व में चुनाव प्रक्रिया पूरी की गई। इस अवसर पर जिला भर से आए हुए फुटबॉल क्लबों के अधिकारी भी मौजूद रहे। सर्व सहमति से लीला विलास अध्यक्ष, पंकज शर्मा जनरल सेक्रेटरी, प्रवीण शर्मा को कैशियर की जिम्मेदारी सौंपी गई।

## न्यूज ब्रीफ

### गुगलैहड़ छिंज मेले में पहलवानों ने दिखाया दमखम



**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** गुगलैहड़ में लखदाता छिज कमेटी द्वारा आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक छिज मेला संपन्न हुआ। यह मेला क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पारंपरिक धरोहर का प्रतीक माना जाता है। मेले के दौरान हुए रोमांचक दंगल मुकाबलों ने दर्शकों को खूब उत्साहित किया। हिमाचल, पंजाब, जम्मू और हरियाणा से आए नामी पहलवानों ने अखाड़े में अपना दमखम दिखाया। मुख्य मुकाबलों में साहिल ऊना ने 'ऊना केसरी' खिताब (11,000 रुपए की माली) अपने नाम किया। यह खिताबी मुकाबला साहिल ऊना और अमन लोहराली के बीच हुआ, जिसमें साहिल ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, 21,000 रुपए की बड़ी माली के फाइनल में शरमु होशियारपुर ने बाज़ी मारी, जबकि ऊना के शैरी उपविजेता रहे।

### लोहारली गांव के युवाओं ने 6 ट्रैक्टर राहत सामग्री पहुंचाई

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान, पंजावर।** ऊना जिला के उपमंडल गगरेट की ग्राम पंचायत लोहारली के युवाओं ने पंजाब के अजनाला क्षेत्र में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद के लिए सराहनीय कदम उठाया है। संदीप सैनी सहित कई युवाओं ने शुक्रवार तड़के सुबह 3 बजे पंजाब के लिए राहत सामग्री के 6 ट्रैक्टर रवाना किए। इन ट्रैक्टरों में राशन, पशु चारा, कंबल, गद्दे और अन्य जरूरी सामान भरकर सीधे अजनाला के बाढ़ प्रभावित गांवों तक पहुंचाया गया। पीड़ित परिवारों ने कहा कि संकट की इस घड़ी में यह मदद उनके लिए उम्मीद की किरण बनकर आई है। वहीं प्रशासन ने भी युवाओं के इस प्रयास को समाज के लिए अनुकरणीय बताया और उनका आभार जताया।

### खरयालता पंचायत में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**अनंत ज्ञान, जोल।** उप तहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता के पंचायत भवन में वित्तीय साक्षरता केंद्र ऊना द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। शिविर का आयोजन पीएनबी तलमेहडा बैंक के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्तीय सलाहकार आरबीआई राजकुमार डोगरा ने की। इस मौके पर उनके साथ सीआरपी सुलोचना देवी और मनु कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। डोगरा ने वित्तीय साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छोटी बचत के माध्यम से समृद्ध जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने बैंक से ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इसमें ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान ग्रामीण उपभोक्ताओं को बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,जीवन ज्योति बीमा योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना और मुद्रा लोन जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बैंक बैंक ऋण,जमा योजनाएं एवं अन्य बैंकिंग सेवाओं की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। पीएनबी तलमेहडा के वरिष्ठ प्रबंधक रजनीश कुमार ने ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग फ्रॉड से बचने के उपाय सांझा किए।

### गाय के पेट से निकाला 28 किलो प्लास्टिक

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान, ऊना।** जोनल पशु चिकित्सालय बरनोह में आज (शनिवार) को एक अत्यंत जटिल और चुनौतीपूर्ण शल्यक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस सर्जरी के दौरान एक गर्भवती गाय के पेट से 28 किलोग्राम प्लास्टिक, कपड़े, रस्सियां और 41 कीलें सहित विभिन्न धातु के टुकड़े निकाले गए। यह ऑपरेशन अस्पताल के प्रभारी डॉ. निशांत रनौत और डॉ. शिल्पा रनौत के नेतृत्व में डॉ. स्टेफनी, डॉ. निकिता चौधरी, रमेश चंद, सिमरन और महाबीर सिंह द्वारा किया गया। डॉ. निशांत रनौत ने बताया कि सर्जरी के उपरांत गाय को सात दिनों तक पशु चिकित्सकों की निगरानी में रखा जाएगा ताकि उसके स्वास्थ्य में सुधार सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि गर्भवती गाय को कलरूही निवासी विपिन कुमार और अन्य स्थानीय लोगों द्वारा अस्पताल में लाया गया था। गाय ने बीते 4-5 दिनों से भोजन और पानी पीना बंद कर दिया था। प्रारंभिक जांच में चिकित्सकों को उसके पेट में अप्राकृतिक वस्तुओं की उपस्थिति का संदेह हुआ। इसके बाद रक्त जांच और अन्य परीक्षणों के उपरांत तुरंत शल्यक्रिया करने का निर्णय लिया गया। पशुपालन विभाग, ऊना के उपनिदेशक डॉ. वीरेंद्र पटियाल ने इस सफल ऑपरेशन के लिए चिकित्सकों की टीम को बधाई दी। डॉ. पटियाल ने बताया कि जोनल पशु चिकित्सालय बरनोह तीन जिलों का रेफरल अस्पताल है। यहां चार विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं दे रहे हैं। संस्थान में अब तक 53 बड़े डायफ्रामेटिक हर्निया जैसी जटिल शल्यक्रियाएं सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं।

### तलमेहड़ा और डीहर की जलापूर्ति हुई बहाल

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान, बड़ूही।** भारी बारिश के दौरान ग्राम पंचायत डीहर के गांव सरनोटी के पास पाइपें टूटने और बह जाने से पिछले कई दिनों से जल आपूर्ति बाधित हुई थी और लगातार जल शक्ति विभाग बंगाणा के अधिकारी और कर्मचारी दिन-रात इस कार्य करने में डटे हुए थे। जल शक्ति विभाग बंगाणा के कर्मचारियों ने कठिन परिस्थितियों में काम करते हुए जल आपूर्ति को आज बहाल कर दिया है। एक्सियन हरभजन सिंह, एसडीओ बंगाणा अशोक शर्मा, जेई अजय कुमार के नेतृत्व में तलमेहड़ा एंव बंगाणा सेक्शन के कर्मचारियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना गांव कडथोली से सरनोटी में लैंड स्लाइडिंग हुई जगहों पर उतरकर कार्य को अंजाम दिया है। इस दौरान जेई अजय कुमार शर्मा की टीम ने विशेष योगदान दिया है। विभागीय कर्मचारियों के अथक प्रयासों से ग्रामीणों ने विभाग की तत्परता और साहस की खुलकर सराहना की है। इस संदर्भ में जेई बंगाणा अजय कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार से कडथोली से सरनोटी के टैंक तक पाइपें जोड़कर विभिन्न गांवों की जल आपूर्ति सुचारू रूप से बहाल कर दी गई। उन्होंने बताया कि बाकी गांवों की जल आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग के कर्मचारी पाइपें जोड़ने के लिए दिन-रात डटे हुए हैं। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उनके द्वारा दिन-रात कार्य किया जा रहा है।

### बाढ़ प्रभावित लोगों को पहुंचाईं राहत

**आनंत ज्ञान, गगरेट।** प्राकृतिक आपदा का संताप झेल रहे हिमाचल प्रदेश से नदियों का पानी जब प्रलय के रूप में पंजाब में घुसा तो वहां भी तबाही के निशान छोड़ता चला गया। प्रलयंकारी बाढ़ में पंजाब के खेत खलियान, मकान सब कुछ डूब गया तो पंजाब के सीमावर्ती जिला ऊना के नौजवानों से अपने फाइयों का दर्द देखा न गया। बेशक वे भी अपना सब कुछ गंवा चुके हैं लेकिन पंजाब के लोगों की मदद के लिए इनके हाथ उठ खड़े हुए। उपमंडल गगरेट के लोहारली गांव के युवाओं ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश कर डाली और अपने घर आई तबाही की परवाह किए बिना छह ट्रैक्टर-ट्राली राशन, पशुचारा, कंबल, गद्दे व अन्य जरूरी सामान लेकर बाढ़ग्रस्त पंजाब के अजनाला में पहुंच गए। जिसकी हर तरफ प्रशंसा हो रही है। हिमाचल में बने डैम जब पानी से लबालब हो गए तो पानी नदियों में छोड़ना पड़ा और प्रचंड बेग के साथ आगे बढ़े पानी की राह में जो भी आया पानी उसे डुबोता चला गया। इसके पंजाब के सैकड़ों गांव जलमग्न हो गए तो फसलें बर्बाद हो गईं। हालत यह हो गई कि देश की अन्न जरूरतें पूरी करने वाले पंजाब में ही त्राहि-त्राहि मच गई। मुश्किल की इस घड़ी में उपमंडल गगरेट के लोहारली गांव के युवा अपने भाइयों की मदद के लिए आगे बढ़े। यहां से छह ट्रैक्टर-ट्राली जरूरत का सामान लेकर जैसे ही अजनाला पहुंचे तो वहां के प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय लोगों ने भी उनके इस प्रयास की सराहना की। यहां से गए संदीप सैनी और उनके साथियों ने बताया कि बेशक हिमाचल प्रदेश को भी इस आपदा में गहरे जख्म मिले हैं लेकिन युवाओं की सोच ने यह साबित कर दिया कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

# बारिश से सैकड़ों परिवारों पर संकट

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ क्षेत्र लगातार भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा से जूझ रहा है। लगातार बरसात ने न केवल ग्रामीण जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है, बल्कि सैकड़ों परिवारों को गहरे संकट में डाल दिया है। ग्राम पंचायत चताड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही का आलम है। कहीं रिहायशी मकान जमींदोज हो गए, तो कहीं पशुशालाएं, दुकानें गिर गई हैं। जायजा लेने कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा प्रशासन संग स्वयं प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। उन्होंने स्थिति का गहन आकलन किया और मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को आदेश दिए कि प्रत्येक पीड़ित परिवार के नुकसान का पूर्ण और निष्पक्ष ब्यौरा तैयार किया जाए, ताकि प्रभावितों को उचित मुआवजा मिल सके।

विधायक विवेक शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बार की बारिश ने कुटलैहड़ को गहरी चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि केवल कुटलैहड़ में ही 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है। इनमें से लगभग पचास करोड़ का नुकसान सीधे मेरे कुटलैहड़ परिवारों को सहना पड़ा है।

यह आंकड़ा न केवल क्षेत्र की स्थिति को दर्शाता है, बल्कि यह भी बताता है कि आपदा ने लोगों की



बारिश प्रभावित क्षेत्र में नुकसान का जायजा लेते विधायक विवेक शर्मा।

#### विधायक विवेक शर्मा ने किया नुकसान का आकलन

खुशहाली और स्थायित्व को किस हद तक झकझोरा है। उन्होंने बताया कि कई परिवार पूरी तरह से बेघर हो चुके हैं। जिनके पास न अब भूमि रही और न ही मकान, उनके लिए सरकार से जल्द पुनर्वास योजना लागू करवाई जाएगी। ऐसे लोगों को स्थायी छत और सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता होगी।

विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों की सूची जल्द तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाए। इसके आधार पर सरकार से आर्थिक सहायता और मुआवजा शीघ्र मुहैया कराया जाएगा।

#### सुरक्षा और स्थायित्व सबसे बड़ा संकल्प : विवेक

**विधायक** विवेक शर्मा ने कहा कि यह आपदा हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि भविष्य के लिए किस तरह की योजनाएं बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार से आग्रह किया जाएगा कि कुटलैहड़ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में स्थायी पुनर्वास नीति और आपदा प्रबंधन योजनाएं लागू की जाएं। साथ ही, उन परिवारों को पक्के मकान और सुरक्षित जमीन दी जाएगी जिनका सबकुछ बारिश की भेंट चढ़ गया है। उन्होंने कहा कि हर बार की तरह केवल तात्कालिक राहत देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें दीर्घकालिक समाधान की ओर भी बढ़ना होगा। कुटलैहड़ के परिवारों की सुरक्षा और स्थायित्व उनके कार्यकाल का सबसे बड़ा संकल्प होगा।

#### एकजुट होकर ही हम आपदा से उबर सकते हैं

**विवेक** शर्मा ने अपने दौरे के दौरान कहा कि इस संकट के समय सामाजिक संगठन, पंचायत प्रतिनिधि और आम नागरिक भी प्रशासन और सरकार के साथ मिलकर काम करें। एकजुट होकर ही हम इस आपदा से उबर सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे राहत कार्यों में सहयोग दें और जरूरतमंद परिवारों तक मदद पहुंचाने में प्रशासन का हाथ बंटाएं। कुटलैहड़ की धरती आज सचमुच भारी संकट से गुजर रही है। जहां बरसात ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं, वहीं विधायक विवेक शर्मा का दौरा और उनके संवेदनशील बयान लोगों के लिए उम्मीद की किरण लेकर आया है। इस मौके पर एसडीएम ऊना तहसीलदार ऊना विपिन ठाकुर के अलावा सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि इस संकट के समय प्राथमिकता प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान और आवश्यक सुविधाएं देने की होनी चाहिए।

# दंगल में कृतिका ने जीता महिला केसरी का खिताब



ऐतिहासिक गोगा जाहरवीर मंदिर में आयोजित दंगल में विजेता पहलवान के साथ आयोजक।

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**बड़ूही।** उपतहसील जोल की ग्राम पंचायत खरयालता के गांव वही के प्रसिद्ध एंव ऐतिहासिक गोगा जाहरवीर मंदिर में हर साल की भांति इस वर्ष भी विशाल दंगल मेले का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इसमें हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों के पहलवान भी दंगल में पहुंचे और अपना दमखम दिखाया। महिला केसरी के खिताब से सम्मानित पहलवान कृतिका दंगल का मुख्य आकर्षण बनी रही।

दंगल में पहुंचे सभी पहलवानो ने महिला पहलवान से कुश्ती लड़ने की हिम्मत एक ही पहलवान ने दिखाई और इसके बाद कृतिका ने अपना दमखम दिखाते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब रोपड़ के पहलवान तरुण को जबरदस्त मुकाबले में पटखनी दी। बता दें कि कुछ वर्ष पहले हमीरपुर की कृतिका को मंडी के पड्डल मैदान में महिला वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल केसरी के खिताब से सम्मानित किया गया है।

वहीं शुक्रवार देर शाम को फाइनल मुकाबले में दिल्ली के संदीप और पंजाब के तरनतारन के जिंदा के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला और आखिर में लाइटें जलाकर फाइनल मुकाबले का समापन हुआ। मंदिर कमेटी के आयोजकों की ओर से दिल्ली के संदीप को फाइनल मुकाबले में 4100 रुपए नगद और उपविजेता जिंदा को 3100 रुपए तथा सेमीफाइनल में विजेता कृतिका को 2100 रुपए नगद तथा उपविजेता तरुण को 1100 रुपए नगद राशि एवं माली देकर सम्मानित किया गया। दंगल का आयोजन मंदिर कमेटी के प्रधान धर्मपाल,कोषाध्यक्ष सुरजीत सिंह, बीडीसी खरयालता राजेंद्र सिंह ठाकुर, रघुवीर सिंह संगम, राकेश धीमान व अन्य सदस्यों की देखरेख में किया गया।

## गांव गैहरा कोठी में पक्का मकान हुआ जर्जर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा की ग्राम पंचायत पलाहटा के गांव गैहरा कोठी में भारी बारिश और भूस्खलन का असर लगातार देखने को मिल रहा है। यहां के निवासी किशन चंद पुत्र वकील एवं उनकी पत्नी आशा देवी का पक्का मकान अब गिरने की कगार पर पहुंच चुका है।



पलाहटा गांव में एक परिवार का क्षतिग्रस्त हुआ मकान।

मकान में जगह-जगह बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं, जिससे परिवार गहरी दहशत में है। हालात इतने बिगड़ गए कि मजबूरी में परिवार को अपना घर खाली करना पड़ा। मकान के साथ-साथ लगी पशुशाला भी पूरी तरह से गिर गई, जिससे परिवार को बड़ा नुकसान झेलना पड़ा है। परिवार ने अपने पालतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए रिश्तेदारों के घर भेज दिया है। इस समय परिवार बेघर जैसी स्थिति में आ चुका है और चारों तरफ से सड़क बंद होने के चलते और भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र के जिला पार्षद सदस्य कृष्ण पाल शर्मा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने भी बताया कि लगातार हो रही बारिश ने क्षेत्र की कई सड़कें बंद कर दी हैं और इससे प्रभावित परिवार तक पहुंचना बेहद मुश्किल हो गया है।

लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि जल्द ही सड़क खुलने पर राहत सामग्री और सुरक्षित ठिकाने की व्यवस्था प्रशासन की ओर से की जाएगी। कृष्ण पाल शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित परिवार को तुरंत फौरी राहत और मुआवजा दिया जाए ताकि संकट की घड़ी में उन्हें सहारा मिल सके।

## लोगों को दौलतपुर स्वास्थ्य केंद्र में मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

विधायक गगरेट राकेश कालिया ने शनिवार को जिला ऊना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दौलतपुर चौक में अल्ट्रासाउंड मशीन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मुख्यचिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव वर्मा, ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉक्टर पंकज पराशर, डॉ. संदीप नरूला, डॉक्टर विनय कुमार एवं अन्य स्वास्थ्य विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त इस मौके पर की ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गगरेट के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर, एवम कांग्रेसी कार्यकर्ता व स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे। विधायक राकेश कालिया ने एक भेंट में कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सूचित करना ही मेरा उद्देश्य है।



मशीन के लोकार्पण के दौरान राकेश कालिया।

## बिजली बिल जमा कराने के लिए 15 तक अल्टीमेटम

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** संतोषगढ़ विद्युत बोर्ड के सहायक अभियंता हरि मोहिंद्र मोहन ने जानकारी देते हुए बताया कि संतोषगढ़ विद्युत उपमंडल के विद्युत उपभोक्ताओं ने पिछले काफी अरसे से बिजली के बिल के लगभग 35 लाख रुपए तक के बिल जमा नहीं करवाए हैं।

सहायक अभियंता ने इन उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने पुराने बिजली के बिल सहित इस माह के बिजली के बिल जमा नहीं करवाए हैं, वे 15 सितंबर तक अपने वकाया बिजली के बिल जमा करवाएं।

## गणेश महोत्सव की भव्य छटा से महका मैहरे, बड़सर

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

गोविंद सागर झील में मैहरे बड़सर ,सर्व धर्म सनातन सभा, मैहरे बड़सर द्वारा गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित गणेश महोत्सव ने इस बार श्रद्धा, संस्कृति और सामाजिक एकता की एक नई परिभाषा दी। पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और उल्लास का ऐसा वातावरण बना, जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा।

इस आयोजन की विशेषता भगवान गणेश जी की सौ किलो ग्राम और चार फुट ऊंची भव्य प्रतिमा, जो न केवल शिल्पकला की अनुपम मिसाल रही, बल्कि भक्तों के लिए एक दिव्य अनुभूति का माध्यम भी बनी। यह प्रतिमा विशेष रूप से तैयार करवाई गई थी, जिसकी आभा ने पूरे आयोजन को अलौकिक बना दिया।

कार्यक्रम सभा के प्रधान संजू शर्मा ने दिशा निर्देश और कुशल मार्गदर्शन में विक्की सोनी, दीपक शर्मा, पवन शर्मा, सौरव शर्मा, पुनीत लखनपाल, रमाशंकर सहित स्थानीय महिला मंडल, बच्चों, बुजुर्गों और श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता निभाई।

#### 100 किलो ग्राम के गणपति जी की दिव्य प्रतिमा बनी श्रद्धा का केंद्र

इस पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन, आरती, और प्रसाद वितरण की मंगलमय ध्वनि गूंजती रही। भक्तों ने 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष के साथ अपनी आस्था और श्रद्धा का अनुपम परिचय दिया। महिलाएं रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्रों में सजी थीं, और बच्चों की उमंगों ने वातावरण को जीवंतता से भर दिया।

प्रधान संजू शर्मा ने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि 'गणेश महोत्सव जैसे आयोजनों से न केवल धर्म और संस्कृति गहरी जागृति होती हैं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारे और समर्पण की भावना भी प्रबल होती है। यह आयोजन इसी उद्देश्य को लेकर किया गया है।

समिति के सभी सदस्यों ने भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा को 'गणपति मोरिया' एवं भजन कीर्तन करते हुए लठियानी की गोविंद सागर झील में विसर्जन किया गया।

## विधायक बबलू ने बारिश से हुए नुकसान का लिया जायजा

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** बरसात से हुए व्यापक नुकसान के परिप्रेक्ष्य में विधायक बबलू ने धर्मशाल महंता, डूहल भटवालां, नारी समेत आधा दर्जन गांवों का दौरा किया और हर घर जाकर ग्रामीणों से सीधे बातचीत कर उनकी परेशानियों और नुकसान का जायजा लिया

प्रशासन की ओर से घोषित योजनाओं के तहत राहत कार्यों को प्राथमिकता देने के मकसद से विधायक बबलू ने ग्रामीण इलाकों में बारिश के कारण हुए जलभराव, फसल और मकानों के नुकसानों का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से विस्तृत चर्चा कर उनके समक्ष उठ रही समस्याओं को सुना और भरोसा दिया कि आवश्यक राहत एवं सहायता जल्द से जल्द पहुंचाई जाएगी। विधायक बबलू ने कहा कि सरकार बरसात के कारण हुए नुकसान को गंभीरता से देख रही है और प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे धैर्य बनाए रखें और राहत कार्यों में प्रशासन का सहयोग करते रहें। प्रभावित क्षेत्रों में राहत वितरण की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी ताकि लोगों को जल्द राहत मिल सके।

## पीड़ित मानवता के सेवा पथ पर अग्रसर रेडक्रॉस सोसायटी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना ने बीते डेढ़ साल में सामाजिक सेवा की एक नई इबारत लिखी है। संस्था ने जरूरतमंदों की शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, दिव्यांग सशक्तिकरण और आपदा राहत समेत हर मोर्चे पर मदद के साथ मानवीय सेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है।

अपने 860 से अधिक आजीवन सदस्यों और 13 पैट्रन सदस्यों के योगदान तथा बड़े पैमाने पर जिलावासियों के सहयोग से रेडक्रॉस सोसाइटी ऊना ने न केवल जरूरतमंदों को वित्तीय सहायता प्रदान की, बल्कि समाज कल्याण और उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाई।

संस्था नशे के शिकार युवाओं को सही राह पर लाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। जिला रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के अध्यक्ष एवं उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला रेड क्रॉस संस्था प्रत्येक वर्ग की जरूरतों को बिना भेदभाव पूरा करने का कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे संस्था से जुड़ें, इसकी सामाजिक गतिविधियों में सहयोगी बनें और जरूरतमंद लोगों को लेकर सेवा कार्यों के लिए उदारतापूर्वक दान दें।




रक्तदान करते हुए उपायुक्त ऊना और साथ में मौजूद हैं सोसायटी के सदस्य व अन्य।

#### जरूरमंदों के लिए आर्थिक सहायता

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी ऊना के सचिव और क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान बताते हैं कि संस्था जिला के अनेक जरूरमंद परिवारों के लिए आर्थिक संबल बनी है। बीते डेढ़ साल में संस्था ने 115 व्यक्तियों को इलाज, शिक्षा, खेल समेत अन्य जरूरी सामग्री के लिए लगभग 30 लाख की आर्थिक मदद दी है। यह मदद सरकार की हिमकेयर या सहारा योजनाओं से वंचित गरीब परिवारों को दी गई। इसके साथ ही 41 छात्राओं की उच्च शिक्षा पर लगभग 8 लाख और पात्र गरीब परिवारों की 169 लड़कियों की शादी करवाने के लिए लगभग 36 लाख रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की जा चुकी है।

#### आपदा राहत और समाजसेवा कार्यों में अग्रणी भूमिका

**जिला** रेडक्रॉस सोसायटी ऊना आपदा पीड़ितों और समाजसेवियों को सहायता तथा सम्मान देने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। संस्था द्वारा आपदा में प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए लगभग 2 लाख की सामग्री भेजी गई। प्रवासी मजदूरों को 121 ईपीई शीट्स तथा बच्चों को खाने-पीने का सामान वितरित किया गया। मैड़ी मेले में श्रद्धालुओं को 19 आपदा मित्रों व एनसीसी कैडट्स को 80,625 की राशि उपलब्ध करवाई गई। मिनी सचिवालय ऊना के भूतल पर व्हील चेयर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है ताकि सचिवालय में काम के लिए आने वाले वृद्ध और दिव्यांगजनों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। सफाई करने वाले साथियों सहित अन्य जरूरतमंद 120 व्यक्तियों को कम्बल, बर्तन व हाईजिन किटें प्रदान की जा चुकी हैं।

**समस्या** राष्ट्रीय राजमार्ग लठियानी से बड़सर मार्ग पर वाहन चालक परेशान

# बिलग्राम के पास सड़क का एक हिस्सा ऊपर उठा

**विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान**

**लठियानी।** ऊना जिले के लठियानी क्षेत्र से जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग लठियानी से बड़सर मार्ग पर बिलग्राम गांव के समीप एक अभूतपूर्व और खतरनाक दृश्य ने लोगों को चौंका कर रख दिया। यहां सड़क का एक हिस्सा मानो गुब्बारे की तरह फूल गया है।

यह असामान्य उभार अब न केवल यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है, बल्कि एक बड़े हादसे की चेतावनी भी दे रहा है। अभी तक भी यह रहस्य बना हुआ है।

लठियानी पंचायत के प्रधान जोगिंद्र शर्मा के अनुसार, सड़क की सतह बीते कुछ दिनों से धीरे-धीरे ऊपर उठ रही थी, लेकिन अब यह उभर कर कई फुट तक ऊंची हो गई है, जिससे इस पर वाहन चलाना भी बहुत ही मुश्किल है।



#### सड़क की स्थिति का तुरंत हो समाधान : निर्मल सिंह

**लठियानी** पंचायत के उप प्रधान निर्मल सिंह ठाकुर ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की स्थिति का तुरंत स्थायी समाधान किया जाए। वहां रात में विजिबल चेतावनी संकेतक लगाए जाएं। पहाड़ी से हो रहे भू-गर्भीय दबाव की विज्ञानसम्मत जांच करवाई जाए। जब तक काम पूरा न हो, वाहनों की आवाजाही को निर्देशित या नियंत्रित किया जाए। लठियानी से कुछ ही दूरी पर बड़सर की ओर बिलग्राम के पास पर आई यह घटना केवल एक तकनीकी समस्या नहीं, बल्कि प्रशासनिक सतर्कता की परीक्षा है। अगर समय रहते इस सड़क का स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो यह मार्ग किसी दुर्घटना का शिकार हो सकता है। यह एक ऐसा उदाहरण है, जहां सड़क ने खुद चेतावनी दी है, अब देखना यह है कि संबंधित विभाग समय रहते चेत जाएं, या फिर कोई अनहोनी इसका कारण बने।

#### मौसम साफ होने पर शुरू होगा कार्य : राजेश

**लोक** निर्माण विभाग के सहायक अभियंता राजेश कुमार अपनी टीम सहित घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि सड़क के फूलने का कारण दबाव, सतही जलभराव अथवा सड़क निर्माण सामग्री की रासायनिक प्रतिक्रिया हो सकता है। सड़क के नीचे पानी की मात्रा बढ़ने और पास की पहाड़ी से आ रहे भू गर्भीय दबाव के कारण यह असामान्य स्थिति उत्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे पास की पहाड़ी दबाव डाल रही है, सड़क का यह हिस्सा और अधिक ऊपर उठता जा रहा है। जैसे ही मौसम अनुकूल होगा, विभाग युद्धस्तर पर मुरम्मत का कार्य शुरू करेगा। फिलहाल सड़क के एक हिस्से को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, ताकि किसी संभावित हादसे से बचा जा सके।

# 'जंगल हार्वेस्ट' का शुभारंभ किसानों को मिलेगा नया बाजार

**अनंत ज्ञान, ऊना**

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को नई दिशा देने वाली पहल का शुभारंभ हुआ। 'जंगल हार्वेस्ट' ब्रांड के अंतर्गत प्राकृतिक और शुगर-फ्री फलों से बने क्रश, जूस और हेल्दी शॉट्स को लॉन्च किया गया।

यह भव्य कार्यक्रम लता मंगेशकर कला केंद्र (स्मूरकलां) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय सिंह (आईएएस), निदेशक बागवानी विभाग थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिमाचल प्रदेश के किसानों और बागवानों के लिए मूल्यवर्धित उत्पाद बनाना समय की आवश्यकता है।

'जंगल हार्वेस्ट' जैसी पहलें न केवल किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने में मददगार होंगी बल्कि बागवानी उत्पादों के अपव्यय को रोकने, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहन देने और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में भी अहम भूमिका निभाएंगी। राज्य सरकार बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाओं पर काम कर रही है, जिनमें कोल्ड चेन नेटवर्क का विस्तार, प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना और किसानों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देना शामिल है। कंपनी के निदेशक अजय ठाकुर ने बताया कि उनका उद्देश्य हिमाचल के किसानों और बागवानों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी उपज बर्बाद न हो और उन्हें बेहतर मूल्य मिले।

उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में कंपनी ऊना जिले में पीपीपी मॉडल पर प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी में शुरुआती दौर में 24 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व 400 से अधिक किसानों व बागवानों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

# प्रभावितों की मदद पर फोकस करें सीएम : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व सीएम जयराम ठाकुर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि इस समय पूरा प्रदेश आपदा से त्रस्त है और आम जनमानस परेशान है। उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार को राजनीति की बजाए प्रभावितों की मदद पर फोकस करना चाहिए। कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने सुक्खू सरकार को जमकर घेरा और उनके द्वारा बार-बार केंद्र सरकार की आलोचना किए जाने पर सवाल उठाए। जयराम ने कहा कि प्रदेश में आपदा आई है तो राज्य सरकार की भी कुछ जिम्मेदारी होती है।

मुख्यमंत्री उस पर बात नहीं करते हैं। मंत्री और सरकार के ज्यादातर नेता राजनीतिक बयान बाजी और केंद्र को दोष देकर अपना समय काट रहे हैं। राजनीति की वजह मुख्यमंत्री को सिर्फ आपदा प्रभावितों के राहत, राहत और राहत के काम पर फोकस करना चाहिए। वह मंडी और कुल्लू के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से हूं, लेकिन दु:खद विषय है कि कई जगहों पर अभी तक फौरी राहत भी सरकार की तरफ से नहीं पहुंच पाई है।

## मनाली व बंजार क्षेत्र का भी किया दौरा

**नेता** प्रतिपक्ष ने कुल्लू के अलावा मनाली व बंजार विधानसभा क्षेत्र पहुंचे और वहां पर आपदा प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर लोगों का दुख दर्द बांटा। उन्होंने धामन में लैंड स्लाइडिंग प्वाइंट पर पहुंच स्थिति का जायजा लिया। राष्ट्रीय राजमार्ग 305 को युद्ध स्तर पर खोलने के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि यह सड़क पर बंजार विधानसभा क्षेत्र, सराज के बाली चौकी, आनी और रामपुर विधानसभा क्षेत्र को जोड़ता है। पिछले 20 दिनों से यह सड़क यातायात के लिए बंद है। सब्जियां बाजार तक नहीं पहुंच पा रही हैं और लोगों को बहुत भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बंजार होते हुए जयराम सराज पहुंचे और मुराह के आपदा प्रभावितों से भी मिले।

## आपदा में कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ता गायब

**जयराम** ने कहा कि भाजपा का एक-एक नेता और कार्यकर्ता सरकार के साथ खड़ा है और मदद में जुटे हैं। हिमाचल प्रदेश भाजपा का शीर्ष नेतृत्व ही नहीं पूरे प्रदेश से लोग आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों की मदद में जुटे हैं। हजारों की संख्या में कार्यकर्ता गाड़ियां भर-भर के लोगों के खाने पहनने और रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें लेकर सिराज में पहुंचे थे। आज कांग्रेस पार्टी सत्ता में है लेकिन उसके कार्यकर्ता कहां हैं। आपदा प्रभावित लोगों के साथ कहां खड़े हैं। कांग्रेस मानवीय संवेदना से दूर हो चुकी है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोविड के समय भी जान की परवाह किए बगैर प्रदेश के लोगों की सेवा की थी। हम जन सेवा के लिए राजनीति में आए हैं।

## आपदा प्रभावितों को दिए मात्र 300 करोड़

**नेता** प्रतिपक्ष ने कहा कि 2023 की आपदा के लिए केंद्र सरकार द्वारा अब तक 5150 करोड़ रुपए से ज्यादा की आर्थिक सहायता की गई है। नेशनल हाईवे और उसके आसपास हुए नुकसान को दुरुस्त करने जिम्मेदारी भी नेशनल हाईवे ने ही उठाई। राज्य सरकार ने भी 4500 करोड़ रुपए के विशेष पैकेज की घोषणा की। विधानसभा में सरकार द्वारा बताया गया की 2023 से अब तक मात्र 300 करोड़ रुपए ही आपदा प्रभावितों को मुआवजे के तौर पर दिए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा 5000 करोड़ से ऊपर की धनराशि दिए जाने के बाद भी राज्य सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों को मात्र 300 करोड़ रुपए देने वाली सुक्खू सरकार केंद्र सरकार पर सिर्फ आरोप लगाने का काम कर रही है। मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार पर आरोप लगाने की बजाय केंद्र द्वारा दिए गए पैसे आपदा प्रभावितों तक पहुंचने पर फोकस करना चाहिए।

## बिजली महादेव रोपवे को लेकर हम लोगों की भावनाओं के साथ : जयराम

**कुल्लू।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ नेता महेश्वर सिंह के नेतृत्व में कुल्लू में बिजली महादेव रोपवे के संदर्भ में देव समाज के प्रतिनिधियों से भेंट कर उनकी बातें सुनीं। उन्होंने कहा कि इस पवित्र स्थल से जुड़ी देव परंपरा, आस्था और जनता की गहरी भावनाओं को सुना और उनके भावनाओं के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहने का आश्वासन दिया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा की इस विषय पर वह पहले से काम कर रहे हैं। तभी पूर्व सरकार के समय यह परियोजना नहीं बनी। देव समाज के लोगों का जो अनुरोध है वह भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को भी बताया है। जयराम ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री कार्यालय के जरिए प्रधानमंत्री मोदी को देवी-देवताओं के आदेश और स्थानीय लोगों की भावनाओं से अवगत करवाया है। यदि इससे इस क्षेत्र की देव संस्कृति, लोक संस्कृति, पर्यावरण और पवित्रता के लिए खतरा है तो इस मुद्दे पर वह लोगों, देव समाज के लोगों और स्थानीय लोगों की भावनाओं का पूरा सम्मान करते हैं।

**अखाड़ा बाजार भूस्खलन** रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी है जारी

# एनडीआरएफ के जवान सहित दो शव निकाले

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान,**

**कुल्लू।** जिला के इनर अखाड़ा बाजार में शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। शनिवार को रेस्क्यू ऑपरेशन में तीन शव बरामद हुए हैं। इनमें से दो शव कश्मीर के मजदूरों के हैं जबकि एक शव जिला कुल्लू के ब्यासर निवासी एनडीआरएफ के जवान नरेंद्र का है। मलबे में अभी भी एक शव और होने बारे कश्मीर के मजदूरों ने जानकारी दी है।

▶ **एक शव की अभी तालाश जारी**

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने बताया कि 3 और 4 सितंबर को इन्नर अखाड़ा बाजार में दो अलग-अलग भूस्खलन की घटनाओं में 9 लोग मलबे में दब गए थे। 3 सितंबर को दबने से 2 लापता लोगों के दोनों शव निकाल लिए है, जिसमें एनडीआरफ के सदस्य नरेंद्र पुत्र सुखराम निवासी बयासर कुल्लू का शव निकाल दिया गया है।

भूस्खलन की चपेट में आए अहमद मीर पुत्र अब्दुल रशीद मीर निवासी कुपवाड़ा कश्मीर, हुसैन लोन पुत्र सुल्तान लोन निवासी कश्मीर, ताहिर दीन अहमद शेख, पुत्र बशीर अहमद शेख निवासी कश्मीर के शव निकाल लिए गए हैं जबकि एक और कश्मीरी व्यक्ति सहित इन दोनों घटनाओं में 8 लोगों के शव निकाले जा चुके हैं।

## तीन मृतकों के पार्थिव शरीर श्रीनगर भेजे गए


मृतकों के शवों को लेकर पहुंची टीम।

**जिला** कुल्लू के इनर अखाड़ा बाजार क्षेत्र में हाल ही में हुए भूस्खलन हादसे में जान गंवाने वाले तीन लोगों के पार्थिव शरीरों को श्रीनगर पहुंचा दिया गया। उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने बताया कि यह शव शुक्रवार देर रात सड़क मार्ग से कुल्लू से चंडीगढ़ भेजे गए थे, जहां से शनिवार प्रातः 5:30 बजे हवाई मार्ग द्वारा उन्हें श्रीनगर रवाना किया गया। उपायुक्त ने बताया कि अब्दुल रशीद, सुपुत्र मोहम्मद जमाल शेख, निवासी गांव किचपारा, तहसील कंगन, जिला गांदरबल, जम्मू-कश्मीर, सजाद अहमद वाणी, सुपुत्र अब्दुल अहमद वाणी, निवासी गांव गुंडआरी, तहसील कंगन, जिला गांदरबल, जम्मू-कश्मीर और मेहराजद्दीन लोन, सुपुत्र मोहम्मद शब्बीर लोन, निवासी गांव गुंडआरी, तहसील कंगन, जिला बांदीपोरा, जम्मू-कश्मीर के पार्थिव शरीरों को सुबह 7:30 बजे श्रीनगर एयरपोर्ट पहुंचाए गए हैं। तीनों शवों को मृतकों के परिजनों और पुलिस बल की उपस्थिति में सड़क मार्ग से कुल्लू से चंडीगढ़ ले जाया गया था। उपायुक्त ने बताया कि पार्थिव शरीरों और उनके साथ गए परिजनों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। जिला प्रशासन कुल्लू द्वारा मृतकों के परिजनों को तत्काल राहत राशि भी प्रदान की गई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हादसे में मारे गए सभी लोगों के पार्थिव शरीरों को उनके पैतृक निवास तक पहुंचाने की व्यवस्था सरकार द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि भूस्खलन की घटनाओं में कुल 9 लोग मलबे में दब गए थे। जबकि शेष 1 के तलाश का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जयराम से मनाली में मिला लाहौल का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर से मनाली दौरे के दौरान लाहौल के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात की। लाहौल से आए प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से केंद्रीय प्रतिनिधियों के साथ लाहौल-स्पीति जिला का दौरा करने का आग्रह किया। जानकारी देते हुए लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक रवि ठाकुर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान लाहौल-स्पीति जिला के विभिन्न स्थानों से आए लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उनकी अध्यक्षता में मिला व यह आग्रह किया कि लाहौल का दौरा कर वहां हुए नुकसान का भी जायजा लिया जाए और लाहौल-स्पीति की सारी स्थिति के बारे में केंद्र सरकार को भी अवगत कराया जाए। रवि ठाकुर ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि लाहौल की मयाड़ घाटी में काफी नुकसान हुआ है वहां से करपट गांव को पूरी तरह विस्थापित होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पूरी लाहौल-स्पीति में लगभग 300 से ज्यादा लोगों की जमीनें बाढ़ में बह गई हैं, लेकिन अभी तक राजस्व विभाग से कोई अधिकारी आंकलन के लिए नहीं आया है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मनाली के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का विस्तृत दौरा किया और वशिष्ठ चौक पर पहुंचकर एनएच के पुनर्निर्माण कार्यों का बीआरओ अधिकारियों से विस्तृत जायजा लिया। उन्होंने कहा कि केंद्र से तो सहायता प्रदेश को मिल रही है लेकिन जो प्रदेश सरकार का धरातल पर कार्य करने वाला प्रशासन है वह ठीक से अपना कार्य नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि वह केंद्र से इस बात को लेकर बात करेंगे कि इन सभी बातों का केन्द्र रिव्यू करे। रवि ठाकुर ने कहा कि लाहौल से आए प्रतिनिधिमंडल को नेता प्रतिपक्ष ने यह आश्वासन दिया है कि वह जल्द ही केंद्रीय प्रतिनिधियों के साथ लाहौल स्पीति का दौरा करेंगे।

### मनाली त्रासदी में एबीवीपी हरिपुर इकाई ने संभाली कमान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली क्षेत्र में आई भीषण त्रासदी ने पूरे समाज को झकझोर कर रख दिया है। इस कठिन समय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरिपुर इकाई ने राहत व बचाव कार्य की कमान संभालते हुए जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाने का कार्य शुरू किया है। एबीवीपी के जिला विभाग संयोजक सारांश ने बताया कि एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, भोजन और राहत सामग्री वितरित करने में अहम भूमिका निभाई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हर जरूरतमंद परिवार और लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। शनिवार को मनाली के विशिष्ट क्षेत्र में भी फंसे ट्रक ड्राइवर और लोनिवि वर्कर को पानी चाय और बिस्कुट भी दिया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आने वाले समय में भी आपदा से प्रभावित क्षेत्र व लोगों के लिए समाज हित को अपना धर्म मानते हुए कार्य करेगी।एबीवीपी हरिपुर इकाई ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में संगठन हरसंभव सहायता के लिए तत्पर है और प्रभावित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहेगा।

### आर्ट ऑफ लिविंग संस्था आपदा प्रभावितों की कर रही मदद




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग संस्था जो दुनिया भर में सामाजिक व मानवतावादी कार्यों में लगी हुई है। आर्ट ऑफ लिविंग संस्था ने प्रदेश भर के विभिन्न राज्यों में बाढ़ और अन्य आपदाओं के दौरान जरूरतमंदों को भोजन, दवाएं और अन्य आवश्यक सामग्री दान कर रही है। इसी कड़ी में आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू द्वारा तीन आपदा ग्रस्त परिवारों को रसोई के उपकरण कंबल तथा गद्दे व अन्य जरूरत का सामान वितरित किया। आर्ट ऑफ़ लिविंग कुल्लू के वरिष्ठ प्रशिक्षक सुन्दर ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि इस तरह की राहत सामग्री के लिए कुछ लोगों का एक ग्रुप बनाया गया है जो हर आपदा में परस्पर मेलजोल के साथ सभी से अंशदान राशि इकट्ठा करते हैं और इस तरह के सेवा कार्य में उपयोग करते हैं।सुन्दर ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2023 में भी आपदा के समय आर्ट ऑफ लिविंग संस्थान ने बढ़ चढ़ कर आपदा ग्रस्त परिवारों की सहायता की थी। उन्होंने यह भी बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग के हिमालय उन्नति मिशन नामक संस्था के सहयोग से वर्ष 2023 में ही सैंज घाटी में लाखों रुपए का सोलर लाइट्स लगा चुके हैं। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था लोगों की शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य हेतु योग साधना भी सिखाती है। हर रविवार प्रातः एक घंटे का ऑन लाइन योग शिविर निरंतर पिछले पांच वर्षों से निशुल्क सिखाया जा रहा है जो कि जनमानस के सेवा हेतु सभी के लिए खुला है और अपने घर बैठे आराम से सीख सकते हैं।

### क्षतिग्रस्त लाइनों को बहाल करना बना गंभीर चुनौती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता प्रदेश विद्युत बोर्ड लिमिटेड विद्युत मंडल थलौट ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से आपदा की घड़ी के दौरान धैर्य और सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा है कि इस बरसात में पिछले दो महीनों से हो रही भारी बारिश, बाढ़, भू-स्खलन एवं पेड़ गिरने के कारण आई प्राकृतिक आपदा से प्रदेश राज्य इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड मंडल थलौट के अधीन आने वाली विभिन्न लाइनों को भारी क्षति पहुंची है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण विद्युत लाइन बार बार क्षतिग्रस्त हो रही है। विद्युत विभाग बार बार इन लाइनों की मरम्मत कर के विद्युत आपूर्ति बहाल करता है परन्तु भूस्खलन एवं पेड़ गिरने के कारण यह लाइनें फिर से क्षतिग्रस्त हो रही हैं। थलौट विद्युत मंडल को विद्युत आपूर्ति करने वाली दो मुख्य 33 के0वी0 बजौरा-थलौट तथा 33 के0 वी0 पंडोह-थलौट ट्रांसमिशन लाइनें विभिन्न स्थानों पर प्राकृतिक आपदा के कारण हो रही भारी से बहुत भारी बारिश व भूस्खलनों के कारण गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। परिणामस्वरूप, थलौट विद्युत मंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों जैसे थलौट, बंजार, गुशैनी, जीभी, बाहू, लारजी, सैंज, बाली चौकी तथा आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हुई है। 33 केवी बजौरा-थलौट लाइन की बहाली का कार्य प्राथमिकता के आधार पर लगातार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए लगभग 50-60 कर्मचारियों की एक समर्पित टीम तैनात की गई है, और अनुमान है कि मरम्मत कार्य को पूर्ण करने में लगभग दो से तीन दिन का समय लगेगा। बंजार, बालीचौकी, औट व सैंज आदि प्रभावित क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त वितरण नेटवर्क की मरम्मत का कार्य भी युद्ध स्तर पर किया गया है, ताकि विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल की जा सके।

# सरेऊलसर में देवी नियमों का पालन अनिवार्य

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**


माता बूढ़ी नागिन के मंदिर में देव कारज के दौरान लोग व माता।

**आनी।** बूढ़ी नागिन माता के निवास सरेउलसर में किस8 भी प्रकार की पिकनिक, हो हल्ला या नाच गाने आदि गतिविधियों पर माता के आदेशों के बाद अब पूर्णतया रोक लग गई है। बीते दिनों रखे गए झाड़े में माता ने ये आदेश स्पष्ट रूप से दिए हैं।

यह जानकारी बूढ़ी नागिन माता मंदिर कमेटी के प्रधान सेस राम और कारदार भागे राम राणा ने दी। उन्होंने बताया कि आनी के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सरेऊलसर झील में देवी-देवताओं के साथ आने वाले देवलुओं एवं श्रद्धालुओं को मंदिर कमेटी ने विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। कमेटी ने माता की नाराजगी के बाद स्पष्ट किया है कि यहां परंपरागत देव नियमों का कड़ाई से पालन करना आवश्यक होगा। मंदिर कमेटी के कारदार एवं प्रधान ने बताया कि यह स्थान बूढ़ी नागिन माता का नरोल है और यहां किसी भी प्रकार का हलागुला करना, सीटी बजाना, नाटी डालना, नाच गाना करना,मदिरा पान या पिकनिक के तौर पर आना सख्त वर्जित है और भविष्य में इसका कड़ाई से पालन करना होगा। बूढ़ी नागिन माता ने इस धार्मिक स्थल पर केवल भजन कीर्तन की अनुमति दी है। निर्देशों के अनुसार, झील की परिक्रमा केवल वही देवता करेंगे जिनकी यह परंपरा है। झील के अंदर केवल खुडीजौहल देवता ही जाते हैं। कमेटी ने बताया कि माता का आदेश है कि झील में उतरकर परिक्रमा सभी देवी देवता नहीं करेंगे, कुछ देवता मात्र किनारे से डुबकी लगाकर या जल से पवित्रीकरण करते थे और भविष्य में भी यही करेंगे। इसके अलावा मंदिर की छत पर जाना, बली चढ़ाना या अन्य किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि पूर्णतः प्रतिबंधित है। बाकी सभी श्रद्धालु एवं देवलुओं को माता के आदेशों का पालन करना होगा।

## नायापंजौड पंचायत के प्रधान को पद से हटाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने विकास खण्ड शिलाई की ग्राम पंचायत नायापंजौड के प्रधान लायक राम को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार का दोषी पाए जाने पर ग्राम पंचायत नायापंजौड के प्रधान पद से तत्काल हटाने के आदेश जारी किए है। छह वर्ष की कालावधि के लिए पंचायत के पदाधिकारी के रूप मे निर्वाचित होने के लिए निर्रहित (अयोग्य) करने के भी आदेश जारी किए है।

उपायुक्त ने यह भी आदेश जारी किए है कि वह दुरूपयोग की गई 6,43,969 की धनराशि को तुरंत पंचायत निधि खाते में जमा करवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त प्रधान पद की मोहर के साथ तुरंत सचिव, ग्राम पंचायत नायापंजौड को सौंपना सुनिश्चित करें।

# ग्राम पंचायत माशना के गांव दोघरी-2 में भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

ग्राम पंचायत माशना के गांव दोघरी-2 में डीएसएल हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट की गंभीर लापरवाही के कारण गांववासियों को भारी क्षति उठानी पड़ी है।प्रोजेक्ट का शाफ्ट टूटने और पाइपलाइन फटने से पूरे इलाके की जमीन में दरारें पड़ गईं। इससे गांव के बाग-बगीचे, फसलें तथा सैकड़ों सेव और जपानी के पेड़ बह गए।

गांव का पीने का पानी टैंक और महिला बाथरूम भी बहाव की चपेट में आ गए हैं।स्थिति इतनी भयानक है कि गांव पूरी तरह खतरे की जद में आ गया है। पुरे गांव क्रे सभी परिवार अपने घर छोड़कर अन्य गांवों में शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। वहीं, सर शाफ्ट, डंगे व

▶ **प्रोजेक्ट प्रबंधन की लापरवाही के कारण हुआ नुकसान**

हजारों टिपर डंप की गई मिट्टी के स्लाइड होने के कारण यह सब नुकसान हुआ है, टूटी हुई पाइपलाइन से लगातार पानी बहने से नुकसान और बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

ग्राम पंचायत माशना के प्रधान बलदेव व सभी गांव वासियों ने बताया कि यह स्थान कई साल पहले से क्षतिग्रस्त है और कई वर्षों से प्रोजेक्ट प्रबंधन को सुधार कार्य करने के लिए कहा जाता रहा है, लेकिन शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया गया। लापरवाही का यही परिणाम आज बड़े नुकसान के रूप में सामने आया है।

# विधायक अनुराधा ने अटल टनल साउथ पोर्टल का किया पुन: निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

विधायक अनुराधा राणा ने लगातार दूसरे दिन अटल टनल साउथ पोर्टल के समीप धुंधी क्षेत्र में क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग का निरीक्षण किया।

इस दौरान कोकसर, सिस्सु, खंगसर और जहालमा पंचायतों के युवाओं ने श्रमदान कर सड़क बहाली कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। विधायक ने श्रमदान कर रहे युवाओं और कामगारों को अपनी ओर से जूस, पानी और नमकीन वितरित किए।

उन्होंने मौके पर सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों से राहत और मरम्मत कार्य की जानकारी ली तथा प्राथमिकता के आधार पर केलांग-मनाली मार्ग को अटल टनल होते हुए शीघ्र बहाल करने की मांग रखी।

बीआरओ अधिकारियों ने विधायक को आश्वस्त किया कि एक सप्ताह के भीतर यह सड़क मार्ग यातायात के लिए खोल दिया जाएगा। विधायक ने कहा कि इस आपदा की घड़ी में लाहौल घाटी के युवाओं की और से किया जा रहा श्रमदान बेहद सराहनीय है और यह

▶ **एक सप्ताह के भीतर सड़क मार्ग यातायात के लिए हो जाएगा बहाल**

▶ **फसलों को मंडियों तक पहुंचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता**

क्षेत्र के लोगों की एकजुटता का प्रतीक है। अनुराधा राणा ने बताया कि वह पिछले एक सप्ताह से लगातार फील्ड में रहकर क्षतिग्रस्त सड़कों की बहाली का कार्य देख रही हैं और बीआरओ अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में लाहौल घाटी में फंसी नगदी फसलों को मंडियों तक पहुंचाना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

उन्होंने श्रमदान करने वाले सभी युवाओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही राहत कार्यों में तेजी लाई जा रही है। वहीं विधायक ने बाढ़ प्रभावित पागल नाला और तेलिंग नाले का भी जायजा लिया। इस दौरान जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ग्यालसन ठाकुर, जिप सदस्य निर्मला देवी और दोरजे लारजे भी मौजूद रहे।

# आनी में 9 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, आनी**

बीते दो माह से आनी क्षेत्र में हो रही भारी बारिश के कारण क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। एसडीएम आनी लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि 20 जून से 5 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार आनी उपमण्डल में 9 मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि 29 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। इसके अलावा 13 मवेशी मारे जा चुके हैं, जबकि 9 गौशालाएं भी क्षतिग्रस्त हुई हैं। वहीं विभिन्न सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सैंकडों बीघा जमीनें भी या तो धंस गयी हैं या दरारें आ गयी हैं। जिनमें सेब के हजारों फलदार पौधे क्षतिग्रस्त हो गए हैं या कगार पर हैं।

वहीं नेशनल हाइवे 305 लुहरी आनी के बीच छठे दिन भी यातायात के लिए अवरुद्ध है। पहले करीब4 दिनों लुहरी आनी के बीच हाइवे लुहरी के समीप भारी भूस्खलन के चलते बाधित रहा ,लेकिन शुक्रवार को हाइवे को लुहरी के बीच बहाल किया गया तो उसी दौरान आनी से करीब 5 किलोमीटर दूर निगान के समीप अचानक पहाड़ी दरकी और बड़ी बड़ी चट्टानें गिर गयी ,जिससे जहां हाइवे पर भारी मलबा आ

▶ **29 को पहुंची आंशिक क्षति, 13 मवेशी और 9 गोशालाएं ध्वस्त**


बारिश से सड़क में आई दरारें।

गिरा, वहीं हाइवे का एक डंगा भी गिर गया, फलस्वरूप नेशनल हाइवे305 एक बार फिर बाधित हो गया। जबकि आनी से जिला मुख्यालय कुल्लू के बीच भी नेशनल हाइवे 305 जगह जगह भूस्खलन, डंगे गिरने या फिर पूरा का पूरा हाइवे धंस जाने के चलते पहले ही बाधित है।

वहीं आनी से चवाई, तराला, कुटवा, आनी निगाली कैंची मार्ग सहित कई अन्य ग्रामीण क्षेत्रों को जाने वाले सड़क मार्ग भी कई कई दिनों से बाधित हैं।

## सेब बागवानों की हजारों पेटियां सेब गोदामों और बगीचों में पड़ी

**सेब** बागवानों की हजारों पेटियां सेब या तो गोदामों में या फिर बगीचों में ही पड़ी हैं। जिससे कि लोगों की साल भर की कमाई को मंडियों तक पहुंचा कर बेचना किसी चुनौती से कम नहीं। क्षेत्र के लोग लोक निर्माण विभाग के साथ मिलकर सड़क बहाली के कार्य मे जुटे हुए हैं, ताकि उनकी मेहनत सड़कों और या बगीचों में हीं न सड़ जाए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें बंद होने से हुई राशन की कमी

**वहीं** ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में,जहां सड़कें कई सप्ताह से बंद हैं, वहां अब राशन की कमी हो चली है। एसडीएम आनी लक्ष्मण सिम्ह कनेट ने बताया कि प्रशासन ने सिविल सप्लाई और क्षेत्र के दुकानदारों से राशन के स्टॉक की रिपोर्ट मंगवा ली है, ताकि ऐसे क्षेत्रों में जरूरी राशन भेजा जा सके जहां राशन खत्म हो चुका है।

# शांगड़ व तलाड़ा में 26 क्विंटल राशन किया एयर ड्रॉप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस. रवीश ने बताया कि शनिवार को बंजार उपमंडल के दूर-दराज क्षेत्रों शांगड और तलाड़ा में 26 क्विंटल राशन का एयर ड्रॉप किया गया।

उन्होंने बताया कि एयर फोर्स के एमआई-17 हेलीकॉप्टर में शांगड में 12 क्विंटल जबकि तलाड़ा में 14 क्विंटल राशन एयर ड्राप किया गया। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से अन्य स्थानों में राशन की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हवाई उड़ानें प्रस्तावित थीं। लेकिन खराब मौसम के चलते केवल दो ही उड़ानें संभव हो पाईं। इसके बावजूद प्रभावित क्षेत्रों तक राहत सामग्री पहुंचाने का प्रयास लगातार जारी है।

उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन को जिन भी क्षेत्रों से राशन की कमी की सूचना प्राप्त हो रही है। ऐसे स्थानों के लिये प्राथमिकता के आधार पर सामग्री पहुंचाई जाएगी ताकि किसी भी परिवार को कठिनाई न झेलनी पड़े। हवाई मार्ग से पहुंचाई जा रही राशन किट में आटा, चावल, दालें व तिरपाल उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

**आपदा** प्रदेश में भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने मचाई तबाही

# सरकार मनरेगा से करेगी प्रभावितों की मदद

**मोहन कपूर, अनंत ज्ञान**

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश में हाल ही में आई भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है।

इस आपदा से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के माध्यम से राहत और पुनर्वास कार्यों को तेज करेगी।

## मनरेगा नियमों में मिली ढील

**इस** घोषणा के बाद, मनरेगा कार्यों पर लगी पहले की सभी सीमाएं हटा दी गई हैं। अब जिला कार्यक्रम समन्वयक-सह-उपायुक्त अपनी जरूरत के अनुसार नए कार्यों को तुरंत मंजूरी दे सकते हैं। इन कार्यों के लिए ग्राम सभा या अन्य निकायों से बाद में अनुमोदन लिया जा सकेगा।


जानकारी देते नगर विकास खंड अधिकारी मुकेश कुमार।

## व्यक्तिगत लाभार्थियों को मिलेगा लाभ

**सरकार** ने स्पष्ट किया है कि अब भूमि विकास सहित सभी प्रकार के कार्यों को मनरेगा के तहत स्वीकृति दी जा सकती है। एक महत्वपूर्ण निर्णय के तहत, व्यक्तिगत लाभार्थियों के लिए भूमि विकास कार्यों पर अधिकतम 2 लाख रुपये तक की सीमा तय की गई है। इसके अलावा, काम में लगने वाली मजदूरी और सामग्री का 60:40 का अनुपात सख्ती से लागू किया जाएगा।

## आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत शुरू होंगे मनरेगा कार्य

**ग्रामीण** विकास विभाग के निदेशक ने सभी उपायुक्तों और जिला कार्यक्रम समन्वयकों (मनरेगा) को निर्देश दिए हैं कि वे प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को बिना किसी देरी के तुरंत शुरू करें। इसके लिए, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 24 के तहत पूरे प्रदेश को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है।

## आम आदमी को मिलेगी त्वरित सहायता


**हिमाचल** सरकार का यह निर्णय ग्रामीण बुनियादी ढांचे, कृषि, बागवानी और लोगों की आजीविका को फिर से पटरी पर लाने में मदद करेगा। सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रभावित लोगों को जल्द से जल्द राहत पहुंचाना और आपदा से हुए नुकसान की भरपाई करना है।

# सैंज में एयरटेल कनेक्टिविटी बहाल, मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने शनिवार को औट - बंजार सड़क मार्ग पर धामण में हुए भूस्खलन का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मार्ग को बहाल करने के लिए कार्य को तेजी से आगे बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि इस मार्ग को आज सायं तक बाली चौकी तक के लिए बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्ग मे अनेक स्थानों पर भूस्खलन से क्षति पहुंची है। मार्ग को बहाल करने का कार्य भी तेजी का साथ गतिमान है। उपायुक्त ने लारजी- सैंज मार्ग का भी जायजा लिया तथा तलाडा तक मार्ग का निरीक्षण करके इसे शीघ्र भारी वाहनों के लिए भी बहाल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गो सहित जिले के रज्जू मार्गों को खोलने का अभियान भी लगातार जारी है तथा लारजी- सैंज मार्ग को भी हल्के वाहनों के यातायात के लिए बहाल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा के कारण आई आपदा से जहां कुल्लू जिले की प्रत्येक घाटी में जनजीवन अस्त व्यस्त हुआ है तथा सड़क


विद्युत आपूर्ति बहाल करने में जुटे विद्युत बोर्ड के कर्मी

बिजली एवं पानी जैसी आवश्यक सेवाओं पर भी असर पड़ा।वहीं जिला प्रशासन इन आवश्यक सेवाओं की प्रत्येक क्षेत्र में बहाली के लिए रात दिन कार्य कर रहा है।

सड़कें, बिजली एवं पानी की आपूर्ति बाधित हुई है। सड़क के क्षतिग्रस्त होने के बावजूद भी कम समय में ही सेऊबाग, बबेली, कुल्लू शहर, खराहल घाटी, भुंतर, बगीचा, बजौरा, पाहनाला, मनाली, नगर, कटराइ के इलाकों की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। सैंज घाटी में एयरटेल का दूरसंचार सिग्नल बहाल कर दिया गया है। बंजार में भी एयरटेल की मोबाइल सुविधा बहाल करने के लिए टीम रवाना हो गई हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जीएसटी स्लैब बदलाव का विधायक रीना ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में किए गए बड़े बदलाव का पच्छाद की विधायक रीना कश्यप ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के उपभोक्ताओं, व्यापारियों और किसानों सभी के लिए राहत लेकर आया है। रीना कश्यप ने कहा कि अब दूध, ब्रेड, दालें, पनीर जैसी रोजमर्रा की वस्तुएं पूरी तरह जीएसटी मुक्त हो गई हैं। इससे प्रदेश के आम परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा और महंगाई से थोड़ी राहत महसूस होगी। इसी तरह, स्वास्थ्य और जीवन बीमा, कई जीवन रक्षक दवाएं तथा मेडिकल उपकरणों पर टैक्स घटाकर 0% और 5% कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं कम लागत पर मिल पाएंगी। वहीं, कृषि उपकरण जैसे ट्रैक्टर व स्प्रिंकलर पर केवल 5% जीएसटी रहेगी। इससे किसानों का बोझ घटेगा और कृषि कार्य सस्ते होंगे।निर्माण सामग्री पर भी कर घटने से प्रदेश में आवासीय व विकास कार्यों की लागत कम होगी। रीना कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लिया गया यह कदम वास्तव में जनहितैषी और विकासोन्मुखी है। इससे प्रदेश के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

### गोशाला गिरिपुल और कोटला बड़ोग में महोत्सव 7 से

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** हरि ॐ गौशाला यशवंतनगर गिरिपुल में 7 से 13 सितंबर तक गो महोत्सव 2025 बड़े धार्मिक उत्साह व श्रद्धा के साथ आयोजित किया जाएगा। गोशाला के संचालक कपिल ठाकुर ने बताया कि गिरिपुल व कोटला बड़ोग स्थित दोनों गोशालाओं में लगभग 500 बेसहारा गोवंश को सहारा दिया गया है और हर वर्ष यहां गो महोत्सव का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ रविवार 7 सितम्बर को प्रातः 09:30 बजे से कलश यात्रा के साथ होगा। इसके उपरांत प्रतिदिन प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें कथा वाचन का पुण्य कार्य आचार्य सुमित भारद्वाज जी करेंगे। इस अवसर पर गौशाला संचालक समिति ने सभी श्रद्धालु परिजनों व मित्रों से परिवार सहित पधारकर धर्म लाभ लेने का सादर आह्वान किया है।

### राहुल ने दिए खिलाड़ियों को ट्रैक सूट, शूज व किट

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से समाजसेवी राहुल रमोल (आरआर स्पोर्ट्स) ने अपने बेटे पूर्वित रमोल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर कोटड़ी व्यास के हैंडबॉल खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट, ट्रैकसूट और स्पोर्ट्स शूज भेंट किए। किट प्राप्त कर खिलाड़ियों ने खुशी व्यक्त की। टीम की खिलाड़ी बारिश, स्नेहा, दीपिका और महक ने कहा कि राहुल रमोल हमेशा राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मोटिवेशन हेतु सहयोग प्रदान करते रहते हैं। इस अवसर पर पंचायत प्रधान सुरेश कुमार, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान मानसिंह, सदस्य सुमन देवी, मीरा, राजकुमार, मुल्क राज, हेमराज, पवन कुमार, राजेश चौधरी (मोबाइल गैलरी माजरा), युवा समाजसेवी सुखविंद्र सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### ग्राम बथालंघ में स्वास्थ्य पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, अर्की।** अर्की अस्पताल द्वारा ग्राम बथालंघ में एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता एवं जनजागरण कार्यक्रम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मुक्ता रस्तोगी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. विजय कुमार शांडिल (काउंसलर, एचआईवी काउंसलिंग एवं टेस्टिंग सर्विसेज, ने एचआईवी के फैलने रोकथाम उपचार, टीबी के इलाज,यौन रोग सिफलिस की जांच उपचार व बचाव, हेपेटाइटिस बी व सी के फैलने एवं उपचार के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्प्रभावों को बताते हुए उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

### हरिजन बस्ती भलटा में हुआ नुकसान, मुआवजे की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन (संगड़ाह)।** संगड़ाह-नौहराधार के तहत भारी बारिश के कारण हरिजन बस्ती भलटा में शुकड़ू पुत्र हाउडू का मकान क्षतिग्रस्त होकर गिरने की कगार पर है। इसके साथ ही बिशन सिंह पुत्र नंदूराम के मकान के लिए भी खतरा बना हुआ है तथा इसके साथ-साथ बासनू राम के मकान के आगे एवं रण सिंह के मकान के पीछे भी भूस्खलन हो रहा है जिसके कारण इनके मकान के लिए भी खतरा बना हुआ है। भाजपा के पूर्व जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि इसकी सूचना सबसे पहले पंचायत प्रधान रीना देवी को दी गई। उसके बाद हल्का पटवारी को भी सूचना दी गई सूचना मिलने के तुरंत बाद पंचायत प्रधान रीना देवी एवं हल्का पटवारी लोकेश शर्मा मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने मौके का जायजा लेते हुए इसकी रिपोर्ट एसडीम संगड़ाह को दे दी है ताकि इन गरीब लोगों को उचित मुआवजा मिल सके। रावत ने प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से भारी बारिश के कारण नुकसान की भरपाई हेतु सभी प्रभावित लोगों को प्राथमिकता के आधार पर उचित मुआवजा देने की मांग है।

### रास्ता निर्माण रुकने पर डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** ग्राम पंचायत बर्मा पापड़ी के कंडईवाला गांव में मुख्य सड़क से आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाला रास्ता बरसाती नाले के कारण खतरनाक हो चुका है। बजट मंजूर होने के बावजूद काम शुरू न होने से बच्चों और ग्रामीणों को हर दिन जोखिम उठाना पड़ता है। यह रास्ता केवल कंडईवाला के लिए नहीं, बल्कि अमराईयों, महुआवाला और जमन वाला जैसे गांवों के लिए भी मुख्य संपर्क मार्ग है। वर्ष 2023 में बादल फटने की घटना से यह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। ग्रामीणों ने प्रतिनिधिमंडल बनाकर डीसी सिरमौर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि पंचायत के 20 से अधिक काम अटके होने के कारण रास्ता निर्माण भी रुका था। डीसी ने उन्हें जल्द स्पेशल परमिशन देकर काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया।

### नाले में मिला घुमारवीं के युवक का शव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** थाना परवाणू के तहत सूचना मिली कि सेक्टर 5 पेट्रोल पंप के सामने नीचे नाले में एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान नाले में पड़ी लाश को बाहर निकाला गया। विजय कुमार नामक व्यक्ति ने मृतक का फोटो देखा तथा इसकी पहचान अपने भांजे दीपक पुत्र जगनाथ निवासी गांव बम्ब गलाह डाकघर अटवाड़ तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर उम्र करीब 26 वर्ष के तौर पर की। परिजनों ने शिमला में मृतक का पोस्टमार्टम करवाने ब्यौरा लिखित तौर पर दिया है। पुलिस ने मृतक की कंपनी व मृतक के कमरे को चैक किया गया है तथा मृतक के मोबाइल की कॉल डिटेल लेने के लिए आवेदन किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

### तीर्थ यात्रियों का पंजीकरण करवाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सोलन के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने धार्मिक स्थानों की यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों की बढ़ती संख्या एवं सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार जिला से यात्रा करने वाले सभी तीर्थ यात्रियों का विवरण ग्राम पंचायत एवं संबंधित पुलिस थाना में एकत्रित किया जाएगा तथा तीर्थ यात्रियों की संख्या के विषय में जानकारी संबंधित उपमंडल प्रशासन के साथ निर्धारित समयावधि में साझा करनी होगी। आदेशों के अनुसार तीर्थ यात्रियों, बस ऑपरेटरों एवं अन्य हितधारकों की सुविधा के लिए जिला सूचना अधिकारी, एनआईसी सोलन द्वारा एक सप्ताह के भीतर एक प्रपत्र तैयार किया जाएगा। यह प्रपत्र जिला प्रशासन सोलन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। आदेशों के अनुसार पुलिस अधीक्षक सोलन तथा पुलिस अधीक्षक बद्दी यह सुनिश्चित बनाएंगे कि सभी चैक पोस्ट और नाकों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं तथा विशेष रूप से विशेष बसों, ट्रकों इत्यादि में यात्रा करने वाले तीर्थ यात्रियों के विस्तृत विवरण का सत्यापन हो। यह भी सुनिश्चित बनाया जाएगा कि यह ब्यौरा स्थानीय प्रशासन के साथ साझा किया जाए और वेबसाइट पर अपलोड किया जाए।

### जीएसटी जनता को लाभ पहुंचाने के लिए है : बलदेव

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं शिलाई से पूर्व विधायक बलदेव तोमर ने हर्षवर्धन चौहान के हालिया बयान पर करारा पलटवार किया है। कांग्रेस सरकार का रवैया साफ दर्शाता है कि उसे हिमाचल की जनता को राहत मिलने से चिढ़ है। जीएसटी दरों में कमी से जब हर वर्ग को फायदा हो रहा है, तब कांग्रेस के मंत्री इसे 1000 करोड़ का नुकसान' बता रहे हैं। तोमर ने कहा कि जीएसटी की पूरी व्यवस्था में राज्यों का भी बराबर हिस्सा होता है। एसजीएसटी से हिमाचल को लगातार राजस्व मिलता रहा है। सवाल यह है कि इतने वर्षों से हिमाचल को जीएसटी का जो हजारों करोड़ का हिस्सा मिला, वह आखिर गया कहां। कांग्रेस सरकार बताए कि उस पैसे से कितने स्कूल, कितने अस्पताल या कितनी सड़कें बनीं। जनता को इसका कोई लाभ नहीं मिला और पैसा सत्ता सुख में ही खर्च हुआ। आज जब केंद्र की मोदी सरकार ने महंगाई से जूझ रही जनता को राहत देने के लिए जीएसटी दरें घटाई, तो कांग्रेस को जनता की खुशी हजम नहीं हो रही। कांग्रेस नेताओं को सिर्फ घाटा दिखाई दे रहा है, फायदा नहीं। यह जनता-विरोधी मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण है। बलदेव तोमर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की दोहरी सोच जगजाहिर है। राहुल गांधी एक दिन कहते हैं कि जीएसटी खत्म कर दो और उनके मंत्री अगले दिन कहते हैं कि जीएसटी दरें घटाने से राज्य को घाटा हो रहा है। कांग्रेस के लिए न तो जनता की भलाई मायने रखती है और न ही आर्थिक स्थिरता, उन्हें सिर्फ सियासी हेडलाइन चाहिए।

# सोलन-चंबाघाट तक पूरा होगा फुटपाथ का कार्य

## नगर निगम अब सैन्य जमीन पर नहीं पीडब्ल्यूडी की जमीन पर करेगा निर्माण

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** रेस्ट हाउस सोलन से चंबाघाट तक प्रस्तावित फुटपाथ का निर्माण कार्य पूरा होने की उम्मीद जगी है।

सैन्य क्षेत्र से सटी जमीन को एनओसी न मिलने के चलते नगर निगम ने फैसला किया है कि अब चंबाघाट तक पीडब्ल्यूडी की जमीन पर फुटपाथ बनाया जाएगा। ताकि इस मार्ग पर लोगों को पैदल चलने की सुविधा मिल सके।

**कार्य पूरा होने पर राहगीरों को मिलेगी सुविधा**

नगर निगम ने प्रस्ताव पारित कर इसके लिए करीब एक करोड़ रुपए का एस्टीमेट बनाया है। खास बात है कि फुटपाथ टाइल लगने के साथ छत भी लगाई जाएगी ताकि धूप और बारिश की स्थिति में भी लोगों को पैदल चलने और सुबह शाम की सैर में आसानी हो।

बता दें कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री और सोलन के विधायक की प्राथमिकताओं में से एक है।



सोलन-चंबाघाट में प्रस्तावित फुटपाथ का एक हिस्सा, जिसका अभी कार्य अधूरा है।

### सैन्य अधिकारियों से नहीं मिली एनओसी

**प्रस्तावित** फुटपाथ निर्माण को लेकर सोलन स्थित छावनी प्रशासन ने नगर निगम को सेना की जमीन का उपयोग न करने को कहा है। छावनी अधिकारियों का दावा है कि फुटपाथ निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरण नहीं हुआ है। ऐसे में फुटपाथ का निर्माण नहीं किया जा सकता। सोलन विधायक और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कुछ वर्ष पहले सैन्य अधिकारियों के साथ फुटपाथ निर्माण को लेकर एमओयू किया था। इसके बाद चंबाघाट से सोलन के ओल्ड रेस्ट हाउस तक फुटपाथ बनने की उम्मीद जगी थी। नगर निगम ने चंबाघाट की तरफ से अपने अधिकार वाले हिस्से फुटपाथ का निर्माण किया, पर बाद में इसका कार्य रुक गया। फुटपाथ के काफी बड़े हिस्से में टाइल्स और रेलिंग भी लगाई है।

### सरकार से मिल चुकी है मंजूरी

**पीडब्ल्यूडी** रेस्ट हाउस सोलन से चंबाघाट तक प्रस्तावित फुटपाथ निर्माण को सरकार की मंजूरी मिली है, पर एमओयू की औपचारिकताएं बाकी होने के चलते यह कार्य कई वर्षों से लटका हुआ है। फुटपाथ के बनने से शहरवासियों को सोलन शहर से चंबाघाट तक पैदल पहुंचने में सुगमता होगी। फुटपाथ बनने से स्कूली बच्चों, बुजुर्गों व महिलाओं को पैदल चलने में आसानी होगी। इससे शहर के लोगों को सुबह-शाम की सैर करना भी सुरक्षित होगा। शहर से चंबाघाट तक फुटपाथ बनाने के लिए लंबे समय से मांग चल रही है।

"नगर निगम ने अधिकार क्षेत्र वाले हिस्से में फुटपाथ का निर्माण किया है। सैन्य छावनी से एनओसी नहीं मिलने के चलते यह कार्य लंबित था। अब पीडब्ल्यूडी की सेटबैक एरिया में फुटपाथ का निर्माण किया जाएगा।

-उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।

# पितृ पक्ष आज से, 21 सितंबर तक पूर्वजों के निमित श्राद्ध

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** पितृ पक्ष आरंभ 7 सितंबर से हो रहा है जो कि आगामी 21 सिंतबर तक चलेगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों का स्मरण करके उनके निमित श्राद्ध करेंगे। श्राद्धों में लोग अपने पूर्वजों की प्रसन्नता के लिए घर पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार करके अपने पुरोहित और बंधु बांधवों को परोसेंगे।

प्रकांड विद्धान आचार्य अनिल शर्मा ने विशेष बातचीत में बताया कि श्राद्ध अपने पूर्वजों के प्रति सम्मान, श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है जिसका उद्देश्य पितरों की आत्मा को संतुष्ट और उन्हे शांति प्रदान करना है। पितृ पक्ष के दौरान कोई भी शुभ कार्य जैसे विवाह, मुंडन, अनुष्ठान करवाना वर्जित होता है। उन्होने बताया कि 7 सितंबर को खग्रास चंद्र ग्रहण लग रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि पूर्णिमा का श्राद्ध 12 बजे तक निपटा दे।

पंडित अनिल शर्मा ने बताया कि हिंदू धार्मिक ग्रंथों में श्राद्ध का बहुत महत्व बताया गया है। श्राद्ध की परंपरा की शुरुआत महाभारत काल से हुई है जिसमें भीष्म पितामह ने युधिष्ठिर को श्राद्ध के महत्व बारे ज्ञान दिया था जिसके चलते युधिष्ठिर ने महाभारत संपन्न होने पर युद्ध में मारे गए कौरवों की शांति व मुक्ति के लिए पिहोवा में पिंडदान किए गए थे। त्रेता युग में भगवान श्री राम और सीता ने बनवास के दौरान अपने पिता दशरथ का श्राद्ध फल्गु नदी के किनारे किया गया था। गरूड़ पुराण के अनुसार कौआ को यमराज का प्रतीक माना जाता है । श्राद्धों में कौवों को भोजन कराने से यमराज संतुष्ट होते हैं जिसे पितरो को शांति व मुक्ति मिलती है।

उन्होंने बताया कि पितृपक्ष के दौरान तीर्थ स्थलों पर पितरों के निमित्त तर्पण और पिंडदान करने का बहुत महत्व है। जो लोग तीर्थ स्थल पर नहीं जा सके उन्हें घर पर पुरोहित को बुलाकर अपने पूर्वजों प्रति पिंडदान और तर्पण अवश्य करें। तदोपरांत कौआ, कुत्ता और गाय को भोजन कराने के उपरांत बंधु बांधवों को भोजन करवाएं। आचार्य अनिल शर्मा ने बताया कि श्राद्ध न करने पर पितृ दोष लगता है जिससे घर में कलह, बीमारी और परेशानी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। मनुष्य को अपने जीवन में तीन ऋणों को अवश्य चुकाना चाहिए जिसमें देव ऋण, मातृ ऋण और पितृ ऋण प्रमुख है ।

# कीप्स के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को किया सम्मानित



शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर सम्मानित किए गए शिक्षक।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

कसौली इंटरनेशनल स्कूल सनवारा में शिक्षक दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित किया और उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव गुलेरिया ने शिक्षकों और छात्रों को बधाई दी और कहा कि स्कूल शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में विश्वास रखता है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में अपने शिक्षकों के प्रति आदर बढ़ता है और सहयोग की भावना का विकास होता है।

अंत में उन्होंने डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

# सिरमौर में मानसून से अब तक 150 करोड़ रुपए का नुकसान

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिले में बारिश से जल शक्ति विभाग और लोक निर्माण विभाग को भारी नुकसान हुआ। जल शक्ति विभाग की 66 पेयजल और सिंचाई योजनाएं बंद रहीं, जिससे 2 करोड़ 56 लाख रुपए से अधिक की क्षति हुई। लोक निर्माण विभाग की 79 सड़कें बंद हुईं, जिनमें से 49 बहाल कर दी गईं जबकि शेष को अगले दिन खोला जाएगा। शिक्षा विभाग को भी पबियाना और वासनी विद्यालयों की रिटेनिंग वॉल टूटने से 13 लाख रुपए का नुकसान हुआ।

बरसात ने ग्रामीणों के घरों और गौशालाओं को भी नहीं छोड़ा। शिलाई के बेला गांव की कामो देवी को 2 लाख, बबलू राम चांडोग को 25 हजार, रोशन लाल चांडोग को 75 हजार और पच्छाद के प्रेम दत्त चांडोग को 40 हजार का नुकसान हुआ। इसके अलावा धर्म सिंह और सुरेश कुमार के कच्चे मकान भी क्षतिग्रस्त हुए। शरली गांव के रामकुमार की गोशाला को 30 हजार और शिलांजी के मुकेश कुमार की गोशाला को 20 हजार का नुकसान हुआ।

# संस्था ने शांगुली में किया पौधरोपण





ग्राम शांगुली में पौधरोपण के दौरान पर्यावरण संरक्षण गतिविधि संस्था के लोग।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने शनिवार को ग्राम शांगुली, धर्मपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत गांव के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सामूहिक रूप से कुल 100 पौधे रोपे। इनमें देवदार आम, कचनार, पारसीमम, बीयोंस और फलदार पौधे लगाए।

इस अवसर पर गांव के लोगों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया । इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना था, बल्कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता भी फैलाना था।

पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अधिकारी ने कहा कि 'हमारा उद्देश्य सिर्फ पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें संरक्षित करना और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करना है। ऐसे आयोजन नियमित रूप से किए जाएंग।

# मेले के दूसरे दिन पहलवानों ने दिखाया दमखम

**अनंत ज्ञान, सराहां**

राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में ए.सी भारद्वाज, गीता भारद्वाज व रघुवीर ठाकुर ने धमाल मचाया है।

इस राज्य स्तरीय वामन द्वादशी मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या 12 बजे तक चली। मेले में आए स्टार कलाकार एसी भारद्वाज ने अपने गानों से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इससे पहले गीता भारद्वाज ने कंठी मूवे सोनेरी घड़ाई रे, एक आदिया मंगाई जा रे,नीलिमा नीलिमा, ऊंची धारो रो रे केले मोती रामा इत्यादि गाने प्रस्तुत किए जिस पर स्टेडियम में बैठे लोगों ने खूब तालियां व नृत्य किया। इससे पहले ठाकुर रघुवीर सिंह ने मेरा सिरमौर बड़ा प्यारा, मेरा तो घूमने नोय नोय शहरो इत्यादि गाने प्रस्तुत किया। इससे पहले पंकज ठाकुर रामेश्वर शर्मा, जेपी शर्मा वॉइस ऑफ कुल्लू ट्विंक्ल, सोनू भारद्वाज इत्यादि कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति प्रस्तुत की गई इसके। अलावा उदय पब्लिक स्कूल की छात्रा व किसमे कितना है दम की रनर आरूषी शर्मा द्वारा भी जबरदस्त नृत्य प्रस्तुत किया गया।



मेले के दूसरे दिन दंगल प्रतियोगिता का आनंद लेते लोग।

दूसरी सांस्कृतिक संध्या में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गंगू राम मुसाफिर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए थे। इस मौके पर उन्हें सम्मानित भी किया गया।

# वन निगम उपाध्यक्ष ने किया बद्दी डिपो का निरीक्षण

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मिनिस्टर रैंक प्राप्त वन निगम हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने वन निगम के बद्दी स्थित विक्रय मंडल बद्दी के डिपो का निरीक्षण किया। निगम के कर्मचारियों ने वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची का स्वागत किया ओर कर्मचारियों ने डिपो में आ रही समस्याओं से भी अवगत कराया।

बाल्द नदी में आ रहे पानी के चलते अत्यधिक भूमि कटाव की बजह से डिपो खतरे की जद में है। उन्होंने सरकार से मांग कि है कि नदी में हो रहे खनन को रोका जाए और डिपू की सुरक्षा के लिए डंगे का निर्माण करवाया जाए। इस दौरान वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची ने पूरे डिपू का निरीक्षण कर हालात का जायजा लिया और डिपो में पौधरोपण भी किया।

केहर सिंह खाची ने निरीक्षण के उपरांत डिपो में लकड़ी की नीलामी को लेकर अधिकारियों से आवश्यक चर्चा की। मंडलीय प्रबंधक प्रदीप चौहन ने उन्हें डिपो के बारे में विस्तार से बताया।

वन निगम कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रीतम पाल ठाकुर ने मांग रखी कि निगम में कर्मचारियों की बहुत कमी हो गई तथा बहुत कर्मचारी सेवानिवृत्त हो चुके है और नई भर्ती नही हुई। निगम में कम से कम 400 वन रक्षक ओर 600 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी भर्ती किए जाए।



वन निगम के उपाध्यक्ष केहर सिंह खाची का स्वागत करते विक्रय मंडल बद्दी के कर्मचारी।

# पाइनग्रोव स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

स्कूल के सभा भवन 'द कोलोसियम को सुंदर ढंग से सजाया गया था, जिसने वातावरण को और भी मनोरम बना दिया था। समारोह की शुरुआत पारंपरिक केक काटने से हुई, जिसके बाद शिक्षकों को समर्पित एक मधुर गीत प्रस्तुत किया गया। एक भावुक कर देने वाली फोटो प्रेजेंटेशन ने बीते पलों की यादें ताजा करते हुए छात्रों व शिक्षकों के बीच गहरे संबंधों को उजागर किया।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहयोग की झलक भी देखने को मिली, जब दक्षिण अफ्रीका से आए विनिमय छात्रों ने एक सुंदर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किया और अमरीका से आए छात्रों ने एक भावपूर्ण संगीतमय प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद शिक्षकों के लिए रोचक खेलों का आयोजन किया गया।इसके बाद प्रस्तुत एक मनमोहक सामूहिक नृत्य ने पूरे माहौल को जीवंत बना दिया।

# नादौन का बेटा रोहित शर्मा बना सेना में लेफ्टिनेंट

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** नादौन के गांव रंघाड़ का रोहित शर्मा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बना है जिस क्षेत्र में खुशी का माहौल है लोग रोहित के माता-पिता को बधाइयां दे रहे हैं।

रोहित की माता आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं और पिता अजीत कुमार निजी कार्य करते हैं। छोटे भाई मोहित शर्मा वर्तमान में एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं।



रोहित शर्मा को स्टार लगाते माता-पिता।

रोहित शर्मा अपने दादा स्व. बासुदेव शर्मा और दादी स्व. कलावती के आशीर्वाद तथा माता-पिता के सहयोग से इस मुकाम तक पहुंचे हैं।

**बैठक** आपदा से हुए नुकसान के आकलन को बने संयुक्त निगरानी कमेटी : डॉ. राजेश

# केंद्र से मिलने वाली आपदा राहत राशि का हो सदुपयोग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश में बारिश से आई आपदा से निपटने के लिए केंद्र से मिलने वाली आपदा राहत राशि का सही तरीके से वितरण करने के लिए भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य और सोलन के प्रत्याशी रहे डॉ राजेश कश्यप ने नुकसान के आकलन को संयुक्त निगरानी कमेटी के गठन की मांग की है।

डॉ. कश्यप ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कहा कि आमतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को होने वाले नुकसान आकलन का जिम्मा राजस्व विभाग के पटवारी के जिम्मे रहता है, पर कई बार नुकसान का सही आकलन नहीं होने से प्रभावित को उचित मुआवजा नहीं मिलता। इतना ही नहीं कई मामले ऐसे भी सामने आते हैं जहां कमी नुकसान वाले को ज्यादा प्रभावित से ज्यादा मुआवजा दिया जाता है। इस भेदभावपूर्ण व्यवस्था को बदलने के लिए सरकार को संयुक्त निगरानी कमेटी का गठन करना चाहिए। जिसमें स्थानीय प्रतिनिधि सहित समाजसेवी और विपक्षी पार्टी के प्रतिनिधि शामिल किए जाने चाहिए।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते भाजपा नेता डॉ. राजेश कश्यप।

**ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों और फसलों को हुआ ज्यादा नुकसान**

**सरकार किसानों को नुकसान मुआवजा देकर राहत करें प्रदान**

उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में हुई मूसलाधार बारिश से सोलन विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के खेतों और फसलों को नुकसान हुआ है। सड़कों के अवरुद्ध होने से किसान अपनी फसलें मंडी तक नहीं पहुंचा पाए। उन्होंने कहा कि पीडब्लयूडी तेजी से सड़कों को खोलने का कार्य कर रहा पर अभी भी कई सड़कें खोलना बाकी है। डॉ. राजेश ने कहा कि सरकार किसानों को हुए नुकसान का जल्द मुआवजा देकर राहत प्रदान करें।

### जीएसटी स्लैब घटाने का जताया आभार

डॉ. राजेश कश्यप ने जीएसटी स्लैब घटाकर आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी स्लैब घटाकर खाद्य वस्तुओं को सस्ता किया है। इसी तरह कृषि उपकरणों और स्वास्थ्य बीमा से जीएसटी हटाकर लोगों को राहत दी है। इसी तरह कैंसर की दवाइयों और अन्य स्वास्थ्य से सम्बंधित वस्तुओं जैसे स्टंट इत्यादि को भी सस्ता कर बीमार लोगों को मरहम लगाने का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी इसका असर तुरंत देखने को मिलेगा। वाहनों की कीमतें घटेंगी जिससे गांवों में दोपहिया और शहरों में कारों की बिक्री बढ़ेगी। इससे ऑटो उद्योग का उत्पादन बढ़ेगा और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

# केंद्र ने जीएसटी की दरों में कमी कर लिया ऐतिहासिक फैसला : नेगी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा प्रदेश मीडिया सचिव बाबू राम नेगी ने बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में कमी करके ऐतिहासिक फैसला लिया। बाबू राम नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने जीएसटी को स्लैब में कमी करके आम जनता, युवा किसानों, और छोटे कारोबारियों और मध्य वर्ग को बड़ी राहत दी।

जीएसटी चार की जगह दो स्लैब (5 प्रतिशत 18 प्रतिशत) कर के केंद्रीय सरकार ने हर वर्ग राहत दिया है। शैलेंद्र ने विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि यहां सीमेंट और ऑटोमोबाइल सेक्टर पर कर कटौती का सीधा असर होगा।

उद्योग सक्रिय होंगे, निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सेवा क्षेत्र को भी अप्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में ये सुधार देश की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे और भारत को वैश्विक स्तर पर और अधिक सशक्त बनाएंगे।

# युवा क्लब खिजवाड़ी ने लगाए 200 पौधे

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जाहर वीर युवा क्लब खिजवाड़ी ने नेहरू युवा केंद्र नाहन के सहयोग से वृक्षारोपण अभियान चलाकर 200 से अधिक पौध लगाए।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली बढ़ाना और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना रहा। एक पेड़ मां के नाम अभियान कार्यक्रम के तहत चीड़, देवदार, बान, भियुल और तून जैसी स्थानीय प्रजातियों के पेड़ लगाए गए। युवाओं ने पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इस पहल को सामूहिक जिम्मेदारी का हिस्सा बताया। क्लब के प्रधान राजेंद्र , सचिव कंवर सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज, मीडिया प्रभारी सुमेर, ऑडिटर वीरेंद्र और अन्य सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### महासंघ ने सिद्ध जोगी के नाम का लगाया पौधा

**अनंत ज्ञान, पंचकूला।** हिम एकता वेलफेयर महासंघ रजिस्टर्ड पंचकूला द्वारा मोदी के मन की बात कार्यक्रम के उपरांत एक पौधा सिद्ध जोगी के नाम के मिशन के तहत लगाया गया। महासंघ के प्रमुख फाउंडर अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने बताया कि महासंघ समय-समय पर समाजिक कार्य करता रहता है। महासंघ द्वारा हर महीने के ज्येष्ठ रविवार को खीर का लंगर का आयोजन किया जाता है। महासंघ का उद्देश्य हिमाचली भाईचारे को बढ़ावा देना है। महासंघ ने पंचकूला में महासंघ का अपना हिम एकता भवन हो उसको लेकर भी महासंघ पूरी तरह से कार्यरत है और किसी भी एक चौक का नाम हिम एकता रखने की प्रशासन से अपील भी की है। इस अवसर पर महासंघ की कार्यक्रम कमेटी के प्रमुख वित्त सचिव उमेश शर्मा, सह वित्त सचिव रणसिंह ठाकुर, उपचेयरमैन विनोद शर्मा व देशराज, प्रेस सचिव अश्विनी शर्मा बरवाला, लंगर कमेटी के उपप्रधान प्रवीण बाली, तिलकराज राणा, विनोद ढकौली उपस्थित रहे।

### बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए पूर्व विधायक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक एनके शर्मा बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने अपने निजी कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की है। एनके शर्मा ने लालडू, खजूर मंडी, टिवाणा तथा सरसीणी आदि गांवों का दौरा करके बाढ़ पीड़ितों को करीब ढाई लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। एनके शर्मा ने पिछले दिनों झरमल नदी में बहने से मारे गए जनक सिंह के परिजनों से मुलाकात करके उन्हें 50 हजार रुपए देकर आर्थिक मदद की। शर्मा ने कहा कि इस बाढ़ को लेकर मौजूदा सरकार तथा सरकार के प्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। समूची सरकार फोटोग्राफी तक सिमट गई है। लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। पूर्व विधायक ने कहा कि डेराबस्सी हलके में काफी नुकसान हुआ है, ऐसे लोगों की मांग के अनुसार उनके पुनर्वास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। शर्मा ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल के कार्यकर्ता व नेता बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में डेराबस्सी हलके समेत पंजाब के अन्य बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करके पीड़ितों की मदद की जाएगी।

### एक्यूएमसी ने शीतकालीन प्रदूषण तैयारियों की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वायु गुणवत्ता निगरानी समिति (AQMC) की 10वीं बैठक 26 अगस्त 2025 को पर्यावरण निदेशक सौरभ कुमार (IFS) की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक का उद्देश्य आगामी शीतकालीन प्रदूषण सीजन के लिए विभागों की तैयारियों की समीक्षा करना और राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के तहत प्रगति का मूल्यांकन करना था। निदेशक ने विभागों की धीमी कार्यप्रगति और गंभीरता की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में चंडीगढ़ का वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) अक्सर 'खराब' से 'गंभीर' श्रेणी में चला जाता है। उन्होंने सभी हितधारकों से त्वरित, समन्वित और प्रभावी कार्रवाई की अपील की।

**प्रमुख निर्णय और निर्देश :** नगर निगम को ITMS योजना और श्मशानघाटों पर APCD लगाने संबंधी लंबित प्रस्ताव शीघ्र प्रस्तुत करने को कहा गया। वन विभाग और नगर निगम को मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण और डंपिंग ग्राउंड के चारों ओर हरित बफर जोन बनाने के लिए स्थल चयन का कार्य सौंपा गया। सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि वे 30 सितंबर तक NCAP निधियों का पूर्ण उपयोग करें, अन्यथा अगले वर्ष की राशि रोक दी जाएगी। उपयोग प्रमाण पत्र (C) 5 कार्य दिवसों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जन शिकायतों के समाधान हेतु टोल-फ्री हेल्पलाइन स्थापित करने पर विचार किया गया। वाहनों के उत्सर्जन की संयुक्त जांच, पटाखों पर सख्त प्रतिबंध, और निर्माण अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष बल दिया गया। धूल नियंत्रण के लिए रूजक्क जल से सड़क धुलाई और यंत्रीकृत सफाई की पायलट परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। सभी विभागों को 15 दिन में व्यापक सूचना, शिक्षा और संचार (IEC) योजना बनाकर जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए। निदेशक ने कहा, 'स्वच्छ वायु केवल मौसमी उपायों से नहीं, बल्कि सालभर की प्रतिबद्धता और समुदाय की सहभागिता से ही संभव है।'

## 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक चलेगा हरियाणा में सेवा पखवाड़ा

# योजनाओं को जनता तक पहुंचाना उद्देश्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

- सीएम नायब सिंह ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक
- हर जिले में बड़े आयोजन, सभी विभागों की भागीदारी अनिवार्य
- जनसेवा, स्वच्छता, जनकल्याणकारी योजनाओं के होंगे आयोजन

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि 17 सितंबर से लेकर 2 अक्तूबर तक प्रदेशभर में 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। इस दौरान जनसेवा के अनेक कार्यक्रम, लाभकारी योजनाएं, स्वच्छता अभियान सहित केंद्र व प्रदेश सरकार के अन्य संकल्पों को फलीभूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मंत्रीगण भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में जुड़े और कार्यक्रमों के संबंध में अपने सुझाव साझा किए।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण के लिए नई-नई योजनाएं और प्रकल्प लागू किए गए हैं, जिनका आज देश की जनता को लाभ मिल रहा है। इसी सोच और ध्येय के साथ प्रधानमंत्री के जीवन दर्शन से प्रेरित होकर सेवा पखवाड़े के दौरान जनता के बीच सेवा भाव को बढ़ाया जाएगा। हम सभी को मिलकर सेवा पखवाड़ा को सफल बनाना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग पखवाड़े की पूरी तैयार करें।

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करेगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए तथा अन्य विभागों द्वारा सफाई अभियान व श्रमदान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, प्लास्टिक मुक्त अभियान, पौधारोपण और गरीबों को योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन स्तर पर पहुंचाने के लिए सेवा पखवाड़ा के दौरान विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करें और इन आयोजनों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अनेक परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है, ऐसी परियोजनाओं की सूची बनाएं, ताकि सेवा पखवाड़ा के दौरान इन्हें जनता को समर्पित किया जा सके। उन्होंने कहा कि लगभग दो सप्ताह से अधिक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के दौरान हर विभाग प्रत्येक जिले में एक बड़ा आयोजन करे, साथ ही पूरे प्रदेश में सभी विभाग सम्मिलित रूप से कार्यक्रमों का आयोजन भी करें। पखवाड़ा का उद्देश्य जन सेवा को प्राथमिकता देना है। इसलिए सभी कार्यक्रमों में जन कल्याण और जन सेवा को सर्वोपरि रखा जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारियों ने पखवाड़ा के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक का संचालन सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग ने किया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर सहित विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## कमांड अस्पताल चंडी मंदिर में ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर का किया भव्य उद्घाटन



ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर के उद्घाटन अवसर पर मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

कमांड अस्पताल, चंडी मंदिर में 'ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर' का उद्घाटन लेफ्टिनेंट जनरल एमके कटियार, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, जीओसी-इन-सी पश्चिमी कमान द्वारा कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, चंडीगढ़ मंडल की उपस्थिति में किया गया।

मेजर जनरल, हरकीरत सिंह, कमांडेंट, कमांड अस्पताल, पश्चिमी कमान ने इस सीएसआर योगदान के लिए भारतीय स्टेट बैंक का कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में विवेक कुमार, उप महाप्रबंधक (बी एंड ओ), पंचकूला, मेजर जनरल अरविंद कपूर (सेवानिवृत्त), मंडल रक्षा बैंकिंग सलाहकार और ऋषि कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक सहित बैंक के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अपनी कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के हिस्से के रूप में, भारतीय स्टेट बैंक ने मार्च 2025 में कमांड अस्पताल, चंडीमंदिर को 'ऑन्कोलॉजी डे केयर सेंटर' की स्थापना के लिए चिकित्सा उपकरणों की खरीद के लिए 2900362/- रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की थी।

इस पहल ने कैंसर रोगियों के निदान और उपचार को और आसान बनाने हेतु कमांड अस्पताल को आधुनिक और उन्नत सुविधाओं से सुसज्जित (लैस) करके सक्षम बनाया है। इस पहल से न केवल कैंसर के उपचार के नेक कार्य को सहयोग मिला है, अपितु भारतीय स्टेट बैंक और रक्षा बलों के बीच स्थायी संबंधों को और मजबूती मिली है।

## किसना ने चंडीगढ़ में खोला 89वां शोरूम



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने चंडीगढ़ में अपने 89वें एक्सक्लूसिव शोरूम और पंजाब में दूसरे शोरूम का भव्य उद्घाटन किया। यह शोरूम एससीओ-17 सी, ब्रिज रोड, चंडीगढ़ में स्थित है। इसके उद्घाटन समारोह में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया तथा हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक घनश्याम ढोलकिया मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि सस्ती और अच्छी ब्रांड की ज्वेलरी का शोरूम खुलना ट्राईसिटी के लिए बहुत ही अच्छा है। हम ट्राईसिटी के लोगों की तरफ से किसना ब्रांड का स्वागत करते हैं। इस दौरान त्योहारी सीजन को देखते हुए किसना ने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की घोषणा की है। इसमें डायमंड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 25% छूट, गोल्ड ज्वेलरी के मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 15% छूट और इसके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड पर अतिरिक्त 5% इंस्टेंट डिस्काउंट के साथ साथ शॉप एंड विन कैम्पेन के तहत 1000 से अधिक स्कूटर और 200 से अधिक कारें जीतने का मौका शामिल है। इस अवसर पर हरी कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक, घनश्याम ढोलकिया ने कहा कि पंजाब हमेशा से ज्वेलरी का जीवंत बाजार रहा है और चंडीगढ़ हमारे लिए बेहद संभावनाओं वाला क्षेत्र है। इस शोरूम के माध्यम से हम ग्राहकों के और करीब पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। हमारा विजन 'हर घर किसना' है, जिसके तहत हम हर महिला का हीरे के गहनों का सपना पूरा करना चाहते हैं।

## एआई और ह्यूमैनिटी का संगम : चंडीगढ़ में होगा शिक्षा शिखर सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**




एजुथोन 5.0, जिसे ट्रिनिटी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, की जानकारी देते गणमान्य।

चंडीगढ़ एक ऐतिहासिक शिक्षा शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। एजुथोन 5.0, जिसे ट्रिनिटी द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है, 7 सितंबर को जेडब्ल्यू मैरियट, चंडीगढ़ में आयोजित होगा। इस वर्ष का विषय है 'द नेक्स्ट ऑफ एजुकेशन-व्हेयर एआई मीट्स ह्यूमैनिटी'। ट्रिनिटी द्वारा आयोजित एवं चितकारा विश्वविद्यालय द्वारा प्रायोजित इस शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के शिक्षाविद, विचार मार्गदर्शक, उद्यमी और नवप्रवर्तक (इन्नोवेटर्स) एक मंच पर एकत्र होंगे, ताकि सीखने के भविष्य को नए दृष्टिकोण से परिभाषित किया जा सके।

ट्रिनिटी के फाउंडर डायरेक्टर अंकुर मल्होत्रा ने कहा कि आज शिक्षा एक परिवर्तनकारी मोड़ पर खड़ी है। जहां एक ओर 'एआई' जैसी तकनीक हमारे सीखने के तरीकों को बदल रही है, वहीं शिक्षा का सार हमेशा मानवीय रहेगा। एजुथोन 5.0 इस संगम का अन्वेषण करेगा और ऐसा भविष्य तैयार करेगा, जहां तकनीक और मानवता साथ-साथ विकसित हों। पांचवें संस्करण तक पहुंच चुका एजुथोन अब भारत के सबसे प्रभावशाली प्लेटफार्मों में से एक बन चुका है, जो विचारों, नवाचार और प्रेरणा के लिए जाना जाता है। इस वर्ष इसका मुख्य फोकस इस बात पर है कि एआई शिक्षा में क्रिएटिविटी, एमपथी और समग्र विकास को कैसे बढ़ा सकता है, न कि उनकी जगह ले सकता है। एजुथोन 5.0 के प्रमुख वक्ताओं में प्रसिद्ध उद्यमी रोशन अब्बास, अभिनेत्री और लेखिका संध्या मृदुल, डॉ. मधु चितकारा, प्रो चांसलर, चितकारा यूनिवर्सिटी और डॉ. नियति चितकारा, वाईस प्रिंसिपल, स्कूल एजुकेशन, चितकारा एजुकेशनल ट्रस्ट।

अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं में शामिल अलीप्त सनम हरी, प्रिंसिपल, हेल्दी माइंड इंटरनेशनल स्कूल, घाना; अभिलाषा सिंह प्रिंसिपल, शाइनिंग स्टार इंटरनेशनल स्कूल, अबू धाबी और डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता (सीईओ, डीसीएम स्कूल्स शामिल होंगे। ट्रिनिटी ने इस आयोजन के लिए एनआईएसए, एआईपी और एफपीए के साथ साझेदारी की है। इसमें 650 से अधिक शिक्षाविदों और स्कूल लीडर्स के शामिल होने की उम्मीद है।

शिखर सम्मेलन में पैनल चर्चा, फायरसाइड चैट्स, मास्टरक्लास, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और गुरदीप हरी की पुस्तक 'द सिंस ऑफ एजुकेशन-ए ट्रांसफॉर्मेशनल ब्लूप्रिंट' का विमोचन होगा। एडटेक इन्नोवटर्स एक्स्ट्रामार्क्स, बर्लिंगटन इंग्लिश, एलेन कैरियर्स प्रा. लि. और आरएफटी सॉल्यूशंस (कनाडा) अपने एआई-संचालित उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगे। स्कूल लीडर्स, शिक्षकों, उद्यमियों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाकर, एजुथोन 5.0 का उद्देश्य भारत और वैश्विक स्तर पर शिक्षा के भविष्य को आकार देना है और नवाचार, संवाद व ट्रांसफॉर्मेशन एजुकेशन के लिए एक नया मानक स्थापित करना है।

## देश-विदेश

# पीएम मोदी मणिपुर आने में देरी पर लोगों से माफी मांगें : गोगोई

### कहा- न्याय में देरी, न्याय न मिलने के बराबर

**एजेंसी, इंफाल**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले हफ्ते मणिपुर की संभावित यात्रा को लेकर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 'पीएम मोदी की मणिपुर की संभावित यात्रा को किसी लक्ष्य का अंत नहीं मानना चाहिए, बल्कि राज्य में शांति, न्याय, सुलह और लोकतंत्र को वापस लाने की लंबी यात्रा की सिर्फ शुरुआत है।' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को दो साल पहले यहां आना चाहिए था। जैसा कि कहा जाता है कि न्याय में देरी होना, न्याय न मिलने के बराबर है, उसी तरह मणिपुर के लोगों को पीएम की यात्रा से बहुत लंबे समय तक वंचित रखा गया है। गोगोई ने कहा- जब पीएम आएंगे, तो उन्हें सबसे पहले पिछले 2 सालों में न आने के लिए मणिपुर के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। राज्य में अभी भी कई चुनौतियां बाकी हैं। दरअसल, शुक्रवार को गौरव गुवाहाटी पहुंचे थे। यहां इंडी अलायंस के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के मीडिया इंट्रैक्शन में शामिल हुए थे।

गौर रहे कि मई 2023 में मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा शुरू हुई थी। इसमें अब तक 260 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। दो साल में प्रधानमंत्री के मणिपुर में एक बार भी न आने से यहां के लोगों में काफी रोष है। (अनंत ज्ञान)

## भाजपा सांसदों का डिनर कार्यक्रम रद्द

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितंबर को प्रधानमंत्री आवास पर होने वाला एनडीए सासंदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है। उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले 100% वोटिंग के लिए एनडीए गठबंधन के सांसदों की ट्रेनिंग होगी। तीन दिन की वर्कशॉप में सांसदों को वोटिंग प्रोसेस के बारे में बताया जाएगा। इसके बाद पीएम सभी सांसदों को डिनर होस्ट करते। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली के कई इलाके जलमग्न

### राजधानी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही यमुना नदी



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं। शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फुट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। वहीं, यूपी के आगरा में ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया। इससे बाइक-कार डूब गईं।

वहीं, उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितंबर के बीच यात्रा रोकी दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। (अनंत ज्ञान)

### लुधियाना में सतलुज पर बना बांध टूटा

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब में बाढ़ का कहर जारी है। इसी बीच चंडीगढ़ मौसम केंद्र ने पूरे राज्य में बारिश का फ्लैश अलर्ट जारी किया है। शनिवार को लुधियाना के ससराली गांव में धुस्सी बांध की मिट्टी खिसकने से सतलुज दरिया का पानी खेतों में मार कर रहा है। इसके बाद सेना बुलाई गई। अब तक बांध को बचाने का काम सेना व प्रशासन मिलकर कर रहे हैं। अमृतसर के रमदास में रावी नदी के कारण टूटे 8 धुस्सी बांधों को भरने के प्रयास शुरू हो चुके हैं, जबकि 5 बांधों तक पहुंचने का प्रयास जारी है, लेकिन अभी इसमें सफलता नहीं मिली है। उधर, पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की जान जा चुकी है।

### राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ जेल में हमला, घायल

**एजेंसी, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के बारामुला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार को उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे। जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। कहा, 'यह राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।' राशिद पर हमले से पहले उनके और ट्रांसजेंडर कैदी के बीच लंबी बहस हुई थी। वहीं, जेल अधिकारियों ने इन दावों का खंडन किया। (अनंत ज्ञान)

### तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द

**एजेंसी, काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है। पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### महाराष्ट्र पुलिस ने हैदराबाद में पकड़ी ड्रग्स फैक्टरी

**एजेंसी, हैदराबाद।** महाराष्ट्र पुलिस ने ड्रग्स के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए हैदराबाद में ड्रग्स फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी के दौरान 12 हजार करोड़ का कच्चा माल जब्त किया गया है। इस छापेमारी में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को एक बड़े अंतर्राज्यीय या अंतरराष्ट्रीय गिरोह के खुलासे की उम्मीद है। यह बड़ी कार्रवाई मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस द्वारा की गई है। क्राइम ब्रांच यूनिट 4 के इंस्पेक्टर प्रमोद बढाख की अगुआई में एक स्पेशल टीम ने हैदराबाद में छापा मारा था। महाराष्ट्र में ड्रग्स के एक मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपी से पूछताछ के दौरान इस फैक्टरी के बारे में जानकारी मिली थी। (अनंत ज्ञान)

### ईडी ने राजू की 6.34 लाख की संपत्ति की अटैच

**एजेंसी, नई दिल्ली।** आतंकी फंडिंग केस से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय लगातार आरोपियों के खिलाफ शिकंजा कस रहा है। प्रवर्तन निदेशालय ने आतंकी फंडिंग से जुड़े मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए राजू खान की करीब 6.34 लाख रुपए की संपत्ति को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। मामला स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) और इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) जैसे प्रतिबंधित संगठनों से जुड़ा है। (अनंत ज्ञान)

# राजा हत्याकांड: चार्जशीट में पत्नी सोनम मर्डर की आरोपी

**एजेंसी, इंदौर**

- 97 दिन बाद 790 पेज की चार्जशीट दायर

इस साल 23 मई को राजा रघुवंशी की हत्या की गई थी। उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी पर सुपारी देकर हत्या करवाने का आरोप है। इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में शव मिलने के 97 दिन बाद 6 सितंबर को एसआईटी ने चार्जशीट पेश कर दी। मेघालय पुलिस की एसआईटी ने शिलॉन्ग कोर्ट में 790 पन्नों की चार्जशीट पेश की है। इसकी जानकारी इंदौर में रघुवंशी परिवार को भी मिल चुकी है। राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने इसकी पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि इस चार्जशीट में राजा की पत्नी सोनम और उसके बॉयफ्रेंड राज कुशवाह समेत तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पांचों आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। जानकारी के अनुसार, पूर्वी खासी हिल्स के एसपी विवेक सिम ने बताया कि अतिरिक्त फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद तीन अन्य आरोपियों के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल की जाएगी। इनमें प्रॉपर्टी डीलर शीलोम जेम्स, लोकेंद्र तोमर और सुरक्षा गार्ड बलबीर शामिल हैं। बता दें कि सबूतों को नष्ट करने और छिपाने के आरोप में तीनों को गिरफ्तार किया था। (अनंत ज्ञान)

# अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन छतरपुर केंद्र में शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**



अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन का दो दिन का राष्ट्रीय सम्मेलन अध्यात्म साधना केंद्र छतरपुर में शुरू हुआ। सम्मेलन के पहले दिन निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया ने प्रतिनिधियों की तालियों की गूंज के बीच नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन कुमार गोयनका को सम्मेलन का कार्यभार सौंपा। पवन कुमार गोयनका ने अपने संबोधन में कहा कि इस समय देश में लाखों लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से संगठन के साथ जुड़े हैं और अगले दो सालों में एक लाख नए समाज बंधुओं को जोड़ा जाएगा। गोयनका ने कहा कि संगठन द्वारा सामान्य परिवारों के मारवाड़ी समुदाय के मेधावी बच्चों को उच्च शिक्षा सुविधा प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है, जिसके तहत लगभग 450 मेधावी बच्चों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है। वहीं, दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजयेंद्र गुप्ता ने कहा कि मारवाड़ी समाज ने देश के विभिन्न हिस्सों में ट्रेड और कॉमर्स के माध्यम से पूरे देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया और देश में खुशहाली के नए युग का सूत्र पात किया है। (अनंत ज्ञान)

**कबूलनामा** खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में पनाह दी गई, टेरर ग्रुप वहां से फंडिंग जुटा रहे

# कनाडा ने कबूली खालिस्तानी आतंकियों को फंडिंग की बात

**एजेंसी, टोरंटो**

खालिस्तानी आतंकियों को कनाडा में पनाह दी गई है, उनसे जुड़े टेरर ग्रुप वहां से फंडिंग जुटा रहे हैं। यह बात खुद कनाडा ने स्वीकार की है। कनाडा की एक रिपोर्ट ने देश के अंदर खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़े आतंकी फंडिंग की बात कबूली है। यह एक खुला रहस्य रहा है कि कनाडा बब्बर खालसा, इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन और सिख फॉर जस्टिस जैसे खालिस्तानी आतंकवादी समूहों को सुरक्षित पनाह देता है, लेकिन ओटावा (कनाडा की राजधानी) ने पहली बार स्वीकार किया है कि ये समूह कनाडाई धरती से काम कर रहे हैं और वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं।



कनाडा के वित्त विभाग ने मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण से जुड़े जोखिमों पर एक आकलन रिपोर्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि खालिस्तानी समूहों पर कनाडा सहित कई देशों में धन जुटाने का संदेह है। रिपोर्ट में कनाडा और राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसक उग्रवाद कैटेगरी के तहत हमास और हिजबुल्लाह जैसे अन्य सूचीबद्ध आतंकवादी समूहों के बीच वित्तीय संबंधों की ओर भी इशारा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा में क्रिमिनल कोड के तहत सूचीबद्ध कई आतंकवादी संस्थाएं जो PMVE श्रेणी के अंतर्गत आती हैं, जैसे हमास, हिजबुल्लाह और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन को कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों द्वारा कनाडा से वित्तीय सहायता प्राप्त करते पाया गया है। (अनंत ज्ञान)

### टेरर फाइनेंसिंग हब बन गया है कनाडा

**रिपोर्ट** में कहा गया है कि ये चरमपंथी समूह ड्रग्स की तस्करी और ऑटो चोरी के लिए चैरिटेबल ट्रस्ट का उपयोग कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कनाडा एक आतंकी वित्तपोषण केंद्र (टेरर फाइनेंसिंग हब) बना हुआ है। इसने खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा गैर-लाभकारी क्षेत्र (नॉन प्रॉफिट सेक्टर) के दुरुपयोग और प्रवासियों से डोनेशन की ओर भी इशारा किया है।

# एक हफ्ते में ही 3,950 रुपए महंगा हुआ सोना

- चांदी 5,598 रुपए चढ़ी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, पिछले शनिवार यानी 30 अगस्त को सोना 1,02,388 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 6 सितंबर को 1,06,338 रुपए पर पहुंच गया है। इसकी कीमत 3,950 रुपए बढ़ी है। वहीं, चांदी की कीमत इस हफ्ते 5,598 रुपए बढ़ी है। पिछले शनिवार को यह 1,17,572 रुपए प्रति किलोग्राम पर थी, जो अब 1,23,170 रुपए पर पहुंच गई है। इस साल अब तक सोने की कीमत 30,176 रुपए (40%) बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,06,338 रुपए का हो गया है। चांदी का भाव भी इस दौरान 37,153 रुपए (43%) बढ़ गया है। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपए थी, जो अब 1,23,170 रुपए प्रति किलो हो गई है। (अनंत ज्ञान)

## स्पोर्ट्स विंडो

### नफीस-रुद्रा ने इंडियन जूनियर ओपन स्क्वाश में अंडर-19 खिताब जीते

**एजेंसी, जयपुर।** युशा नफीस और रुद्रा सिंह ने शनिवार को यहां इंडियन जूनियर ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप में क्रमशः लड़कों और लड़कियों के अंडर-19 वर्ग के खिताब जीते। इस साल की शुरुआत में एशियाई जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत की कांस्य पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे नफीस ने रचित शाह को पांच गेम के रोमांचक मुकाबले में हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में रुद्रा ने व्योमिका खंडेलवाल को सीधे गेम में हराया। सप्ताह भर चले इस टूर्नामेंट में 12 स्पर्धाओं में 520 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और सभी आयु वर्गों के फाइनल के साथ इसका समापन हुआ। (अनंत ज्ञान)

### बीसीसीआई की एजीएम 28 को, अध्यक्ष पद के लिए चुनाव मुख्य एजेंडा

**एजेंसी, मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की आम सालाना बैठक (एजीएम) 28 सितंबर को यहां होगी जिसमें बोर्ड अध्यक्ष और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अध्यक्ष सहित कई पदों के लिए चुनाव मुख्य एजेंडे में शामिल होंगे। इस महीने की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रोजर बिन्नी के इस्तीफे के बाद से बीसीसीआई अध्यक्ष का पद खाली है, जबकि आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद अनिवार्य ब्रेक (कूल-ऑफ अवधि) पर जाने की संभावना है। हालांकि, चुनाव बीसीसीआई के सभी प्रमुख पदों के लिए होने हैं, लेकिन यह प्रभावी रूप से केवल एक पद के लिए ही होना है, क्योंकि अन्य पदों पर अधिकारियों के बरकरार रहने की संभावना है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने संयुक्त सचिव के रूप में दो साल और तीन महीने तथा सचिव के रूप में दो महीने सहित कुल तीन साल पूरे कर लिए हैं जिससे उनका पद पर बने रहना तय है। जय शाह के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभालने के बाद इस साल जनवरी में सैकिया को सर्वसम्मति से सचिव चुना गया था। अन्य अधिकारी जिनके पद पर बने रहने की संभावना है, उनमें रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया हैं। देसाई को इस साल मार्च में संयुक्त सचिव और भाटिया को जनवरी में सैकिया के साथ कोषाध्यक्ष चुना गया था। पहले बताया गया था कि जुलाई में 70 वर्ष के हो चुके बिन्नी सितंबर में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) तक बीसीसीआई अध्यक्ष बने रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### वनडे वर्ल्ड कप में चयन होने पर सरप्राइज हुई ग्रेस हैरिस

**एजेंसी, ऑस्ट्रेलिया।** भारत और श्रीलंका के मेजबानी में खेले जाने वाले महिला वनडे क्रिकेट वर्ल्डकप 2025 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को अपनी टीम का ऐलान किया। ग्रेस हैरिस को भी इस टीम में चुना गया है, लेकिन खुद ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर इस चयन से हैरान हैं। उन्होंने इस चयन को एक अप्रत्याशित लेकिन अच्छा सरप्राइज बताया है। शनिवार को एक ऑस्ट्रेलियन वेबसाइट से बात करते हुए ग्रेस ने कहा, 'मुझे खुद का विश्वास दिलाना होगा कि वर्ल्ड कप के लिए चयन अजीब और आश्चर्यजनक है। साल की शुरुआत में मुझे लग रहा था कि वनडे वर्ल्ड कप टीम में मेरा चयन नहीं होगा, क्योंकि हाल ही में मुझे ऑस्ट्रेलियाई वनडे टीम में नहीं चुना गया था। शायद अन्य खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे। वह चयन के लिए दावा ठोक सकते थे। अगर मुझे कहा जाता कि 'तुम नहीं जा रहे', तो मुझे हैरानी नहीं होती, इसलिए मुझे मानना पड़ेगा कि वनडे वर्ल्ड कप मेरे लिए एक अच्छा सरप्राइज है।' (अनंत ज्ञान)

### लॉरा की खूबसूरती के लाखों दीवाने

**दक्षिण अफ्रीका।** द. अफ्रीका की महिला क्रिकेटर कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट जितनी अपने खेल में माहिर हैं, उतनी ही खूबसूरती के मामले में भी आगे हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट होती ही वायरल हो जाती हैं।



# एशिया कप फतह की तैयारियों का बजा बिगुल

# टीम इंडिया ने नेट में जमकर बहाया पसीना

**एजेंसी, दुबई**

मौजूदा चैंपियन भारत ने शुक्रवार को दुबई के आईसीसी अकादमी में पूरा अभ्यास सत्र किया और एशिया कप की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। भारत अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विरुद्ध करेगा। इसके बाद 14 सितंबर को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से और 19 सितंबर को ओमान से भिड़ेगा। प्लेऑफ मुकाबले 20 सितंबर से शुरू होंगे। यह पहला मौका था जब इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय खिलाड़ी एक साथ अभ्यास कर रहे थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव, उपकप्तान शुभमन गिल, संजू सैमसन, जितेश शर्मा, तिलक वर्मा और अभिषेक शर्मा ने नेट्स में लंबे समय तक बल्लेबाजी की। गिल, बुमराह, अर्शदीप और कुलदीप सहित कई खिलाड़ियों को टूर्नामेंट से पहले एक महीने का विश्राम मिला था। (अनंत ज्ञान)



### टीम प्रबंधन ने भारत में नहीं लगा शिविर

**टीम** प्रबंधन ने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में तैयारी शिविर नहीं लगाया और इसके बजाय खिलाड़ियों को जल्दी दुबई भेजने का फैसला किया, ताकि वे माहौल के अनुरूप खुद को ढाल सकें। प्रशिक्षण के दौरान इंग्लैंड में टेस्ट टीम की कप्तानी करने वाले गिल पर खास नजर रही। टीम ने फिटनेस ड्रिल्स और हल्के स्किल वर्कआउट किए। सीनियर खिलाड़ियों में से एक जसप्रीत बुमराह की टी20 क्रिकेट में वापसी पर भी सभी की नजरें टिकी रहीं। बुमराह ने आखिरी बार 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में यह प्रारूप खेला था, जहां उनके शानदार आंकड़े (2/18) ने भारत को दक्षिण अफ्रीका पर सात रन से जीत दिलाई थी। उन्होंने उस टूर्नामेंट में 15 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी जीता था। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में दो टेस्ट न खेलने के चलते आलोचना झेलने वाले बुमराह 40 दिन के ब्रेक के बाद टीम में लौटे हैं।

### बिना लोगो वाली जर्सी के साथ दिखी टीम इंडिया

**अभ्यास** के दौरान उन्हें अभिषेक शर्मा से हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा गया, जबकि संजू सैमसन फील्डिंग कोच और मुख्य कोच गौतम गंभीर से चर्चा कर रहे थे। स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या भी सुर्खियों में रहे। वह सुनहरे बालों के नए हेयरस्टाइल में नजर आए और प्रशंसकों से मिलकर ऑटोग्राफ दिए। मुख्य कोच गंभीर, बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक और गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल की देख-रेख में अभ्यास कर रहा है। ड्रीम11 अब प्रायोजक नहीं है, इसलिए टीम बिना लोगो वाली जर्सियों में अभ्यास करती नजर आई। भारत ने एशिया कप रिकार्ड आठ बार जीता है। भारत इस टूर्नामेंट का नामित मेजबान है। हालांकि मुकाबले यूएई के विभिन्न स्थलों पर हो रहे हैं।

## वनडे वर्ल्डकप : ओपनिंग सेरेमनी में भारत नहीं आएगी पाक महिला क्रिकेट टीम

**30 सितंबर को गुवाहाटी में होगा आयोजन, श्रीलंका में खेले जाएंगे पाकिस्तान के सभी मैच**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप के उद्घाटन समारोह में भाग नहीं लेगी। सूत्रों के अनुसार ऐसा फैसला लिया गया है। उद्घाटन समारोह में भारत की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल अपनी प्रस्तुति देंगी। इसके बाद सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच पहला मैच होगा।

सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना या टीम का कोई भी सदस्य भारत में इस समारोह में शामिल नहीं होगा। यह फैसला पाकिस्तान और भारत के बीच हाल ही में बनी एक नीति से जुड़ा हो सकता है। इस नीति के अनुसार दोनों देश अगले तीन सालों तक आईसीसी टूर्नामेंट के लिए एक-दूसरे की सीमा पार नहीं करेंगे। राजनीतिक तनाव के कारण दोनों देशों के बीच खेल संबंध प्रभावित हुए हैं। भारत ने 2008 से पाकिस्तान का दौरा नहीं किया है। इस साल की शुरुआत में भारत ने पाकिस्तान में आयोजित चैंपियंस ट्रॉफी में भाग लेने से इनकार कर दिया था। श्रीलंका में मैच खेलेगी पाकिस्तान की टीम पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगी।

अगर पाकिस्तान सेमीफाइनल में पहुंचता है तो यह स्टेडियम 29 अक्टूबर को सेमीफाइनल और 2 नवंबर को फाइनल की मेजबानी भी करेगा। पाकिस्तान का पहला मैच 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ है। पाकिस्तान और भारत का मैच 5 अक्टूबर को खेला जाना है। (अनंत ज्ञान)



## एरिना की निगाह चौथे व अनिसिमोवा की पहले ग्रैंड स्लैम खिताब पर टिकी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका जब आर्थर ऐश स्टेडियम में महिला वर्ग के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा से भिड़ेंगी, तो उनकी निगाह अपना चौथा ग्रैंड स्लैम और अमेरिकी ओपन में लगातार दूसरे खिताब पर रहेंगी।

बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका 2025 में अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में खेलेंगी। इससे पहले वह दो अवसर पर अमेरिका की खिलाड़ियों से हार गई थी और इस बार भी फाइनल में उनका मुकाबला एक अमेरिकी खिलाड़ी से है, इसलिए यह देखना दिलचस्प होगा कि वह अमेरिकी खिलाड़ियों से फाइनल में हार का यह सिलसिला तोड़ पाती है या नहीं। वह जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में मैडिसन कीज से और जून में फ्रेंच ओपन में कोको गॉफ से हार गई थीं। सबालेंका ने पिछले वर्ष न्यूयॉर्क में हुए फाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला को भी हराया था और वह इस जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगी। यही नहीं वह 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद अमेरिकी ओपन में लगातार ट्रॉफी जीतने वाली पहली महिला बनने की कोशिश भी करेंगी।

सबालेंका जुलाई में विंबलडन के सेमीफाइनल में अनिसिमोवा से हार गई थी और वह इसका बदला चुकता करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उनमें अनिसिमोवा ने छह में जीत हासिल की है।

दो महीने से भी कम समय पहले ऑल इंग्लैंड क्लब में सबालेंका को हराने के बाद अनिसिमोवा अपना पहला ग्रैंड स्लैम फाइनल इगा स्वियातेक से 6-0, 6-0 से हार गई थी। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी अमेरिकी ओपन में इस तरह की कोई गलती नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध होगी। (अनंत ज्ञान)

## हॉकी एशिया कप : भारत की चीन पर 5-0 से बढ़त

**शैलेंद्र, दिलप्रीत, मनदीप, राजपाल और सुखजीत ने दागा एक-एक गोल**

**एजेंसी, राजगीर**

हॉकी एशिया कप के सुपर 4 चरण में भारतीय हॉकी टीम का आज चीन से सामना हो रहा है। लय में नजर आ रही हरमनप्रीत सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम एशिया कप के फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर है। पहले क्वार्टर में शैलेंद्र लाकड़ा (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (छठे मिनट) के गोल से भारत ने चीन पर 2-0 से बढ़त बना ली। दूसरे क्वार्टर में मनदीप सिंह (17वें मिनट) ने गोल कर भारत की चीन पर बढ़त 3-0 कर दी। फिलहाल तीसरे क्वार्टर का खेल जारी है। राजपाल कुमार ने 36वें मिनट में और सुखजीत सिंह ने 38वें मिनट में गोल दागे। भारत 5-0 से आगे चल रहा है। भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है, जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक हैं। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया। हालांकि, शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने शुरुआती गोल गंवा दिया, लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। समाचार लिखे जाने तक खेल जारी था। (अनंत ज्ञान)



## गैब्रिएला डाब्रोवस्की व एरिन रूटलिफ ने दूसरी बार जीता महिला युगल खिताब

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

गैब्रिएला डाब्रोवस्की और एरिन रूटलिफ ने फाइनल में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके तीन वर्षों में दूसरी बार अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला युगल का खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त डाब्रोवस्की और राउटलिफ ने शुक्रवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी को 6-4, 6-4 से हराया।

इसके बाद डाब्रोवस्की और रूटलिफ गले मिले। इन दोनों ने स्तन कैंसर के इलाज के बाद डाब्रोवस्की की पहली बड़ी जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पिछले साल विंबलडन में खेलने के लिए अपना इलाज कुछ समय के लिए टाल दिया था। तब वे फाइनल में टाउनसेंड और सिनियाकोवा से हार गए थे। डाब्रोवस्की ने मैच के बाद कहा, कैंसर और चोटिल होने के कारण हमारे लिए यह सफर बहुत मुश्किल था। सच कहूं तो यह किसी पागलपन से कम नहीं है। मुझे हम दोनों पर गर्व है। यहां तक पहुंचना वास्तव में आसान नहीं था। (अनंत ज्ञान)



## मैं टेस्ट क्रिकेट के लिए अपने शरीर का पूरा इस्तेमाल करना चाहता हूं : स्टार्क

**एजेंसी, सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के 35 वर्षीय तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट खेलने के लिए उनमें अभी भी बहुत कुछ बचा है तथा वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप में अधिक सफलता हासिल करने के लिए अपने शरीर का भरपूर इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं। स्टार्क ने हाल ही में टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की ताकि वह खुद को एशेज, आईपीएल, भारत में टेस्ट सीरीज और दो साल में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए तैयार रख सकें। इसका मतलब है कि यह स्टार तेज गेंदबाज अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी नहीं खेलेगा।

स्टार्क ने कहा, ''मैं जितना संभव हो सके उतना टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए अपने शरीर का अधिक से अधिक इस्तेमाल करना चाहता हूं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगा कि मुझे दूसरे प्रारूपों में से एक को छोड़ना होगा। मुझे लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है और मेरा लक्ष्य 2027 तक अपनी फिटनेस बनाए रखना है। साथ ही 2027 में होने वाले विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने के लिए भी काफी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।'' स्टार्क ने संयुक्त अरब अमीरात में 2021 में टी20 विश्व कप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जहां ऑस्ट्रेलिया ने इस प्रारूप में अपना पहला विश्व खिताब जीता था। उन्होंने कहा, ''मैं इसको लेकर असमंजस में था कि कौन-सा प्रारूप रखना सही रहेगा। मैंने 2027 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए वनडे को चुना। मुझे अब भी लगता है कि मेरे पास वनडे टीम को देने के लिए बहुत कुछ है। मैंने इस बारे में काफी सोचा था। मुझे लगता है कि शायद यह सही समय था। मैं 35 साल का हो गया हूं। टेस्ट क्रिकेट हमेशा मेरे लिए पहली प्राथमिकता रहा है और आगे भी रहेगा।'' (अनंत ज्ञान)

### ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ सीरीज के लिए भारत-ए टीम का ऐलान

## श्रेयस अय्यर को सौंपी टीम की कमान

**एजेंसी, मुंबई।** श्रेयस अय्यर को लखनऊ में ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो अनौपचारिक चार दिवसीय टेस्ट मैच के लिए शनिवार को चुनी गई भारत-ए की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। पहला मैच 16 से 19 सितंबर और दूसरा 23 से 26 सितंबर तक इकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। अय्यर को मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया था। वह बेंगलुरु में मध्य क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में खेलने वाली पश्चिम क्षेत्र की टीम का हिस्सा है। इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में पांचवां टेस्ट मैच खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। (अनंत ज्ञान)

## विश्व वुशु चैंपियनशिप में भारत का शानदार प्रदर्शन

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत ने ब्राजील में 17वीं विश्व वुशु चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें तीन महिला खिलाड़ी फाइनल में और दो पुरुष खिलाड़ी नाकआउट चरण में पहुंच गए। भारतीय वुशु संघ के अनुसार, महिला वर्ग में अपर्णा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 52 किग्रा भार वर्ग में इंडोनेशिया की थारिसा डीया फ्लोरेंटिना को हराकर फाइनल में जगह पक्की की। अपर्णा का अगला मुकाबला रविवार को स्वर्ण पदक के लिए वियतनाम की एनजी थी भुओंग नगा से होगा। करीना कौशिक ने 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में ब्राजील की नथालिया ब्रिकेसी सिल्वा को हराया। अब उनका मुकाबला चीन की शियाओवेई वू से होगा। पुरुषों में सागर दहिया ने 56 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में प्रवेश किया और फाइनल में जगह बनाने के लिए रविवार को उनका सामना फिलीपींस के कार्लोस बेलोन जूनियर से होगा। विक्रांत बलियान पुरुषों के 75 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं जहां उनका सामना चीन के गेनशेंग जिन से होगा। (अनंत ज्ञान)

## अफगानिस्तान ने यूएई को 4 रन से हराया

**एजेंसी,**

अफगानिस्तान ने ट्राई सीरीज के छठे टी20 मुकाबले में यूएई को 4 रनों से हरा दिया है। अफगानिस्तान के दिए 171 रनों के जवाब में यूएई की टीम 5 विकेट पर 166 रन ही बना सकी। यह मुकाबले में आखिरी ओवर तक रोमांचक बना रहा। आखिरी में आसिफ खान ने यूएई को जीत दिलाने की पूरी कोशिश की, लेकिन फरीद अहमद ने आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की और अफगानिस्तान को जीत दिलाई।

**फरीद अहमद ने आसिफ खान को आउट कर दिलाई जीत**

171 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूएई के दोनों ओपनर मोहम्मद वसीम और अलीशान शराफू के बीच पहले विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी हुई। फिर शराफू 27 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद मोहम्मद वसीम के रूप में यूएई ने दूसरा विकेट गंवाया। वसीम 44 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद जोहैब खान 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। राहुल चोपड़ा भी कुछ खास नहीं कर सके और 7 रन बनाकर चलते बने।

इसके बाद आसिफ खान और हर्षित कौशिक की जोड़ी ने यूएई को जीत के दहलीज पर ले गए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। आखिरी ओवर में फरीद अहमद ने आसिफ को आउट कर यूएई के इरादे पर पानी फेर दिया। आसिफ ने 40 रनों की पारी खेली, जबकि हर्षित ने 15 रन बनाए। (अनंत ज्ञान)



### ऐसी रही अफगानिस्तान की बल्लेबाजी

**अफगानिस्तान** ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 170 रन बनाए थे। टीम के लिए इब्राहिम जादरान ने 48 रनों की पारी खेली, जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज ने 40 रन बनाए। वहीं, करीम जनत ने 28 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें 3 छक्के और एक चौका शामिल रहा। गुलबदीन 20 रन और अजमतुल्लाह उमरजई 14 रन बनाकर नाबाद रहे। यूएई के लिए सिमरनजीत सिंह और मोहम्मद फारूक को 1-1 सफलता मिली।

**यूएस ओपन** नोवाक जोकोविच का दिल टूटा, अल्काराज ने सेमीफाइनल में हराया

# अल्काराज-सिनर के बीच खिताबी फाइनल जंग आज

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

यूएस ओपन 2025 में एक बार फिर कार्लोस अल्काराज और यानिक सिनर आमने-सामने होंगे। सिनर ने सेमीफाइनल में फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को हराकर फाइनल में जगह बनाई। अल्काराज ने नोवाक जोकोविच को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब रविवार को सिनर और अल्काराज यूएस ओपन के फाइनल में भिड़ेंगे। सिनर लगातार पांचवीं बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे हैं। वह यूएस ओपन का खिताब बचाने की कोशिश करेंगे।

टॉप सीड सिनर ने कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। दूसरी ओर, अल्काराज ने 24 बार के मेजर चैंपियन नोवाक जोकोविच को 6-4, 7-6, 6-2 से मात दी। इस जीत के साथ उन्होंने फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सिनर शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल में भी जगह बनाई थी। अब उन्होंने यूएस ओपन के फाइनल में पहुंचकर 2025 में सभी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड बना लिया है। सेमीफाइनल में उन्हें ऑगर-अलियासिमे से ज्यादा चुनौती नहीं मिली। (अनंत ज्ञान)





### जोकोविच बोले-मैं हार नहीं मानूंगा

**दिग्गज** टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में हारने के बाद कहा कि वह 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मैं अभी पीछे नहीं हटने जा रहा हूं। मैं ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की अपनी कोशिश जारी रखूंगा। मैं फाइनल में पहुंचने के लिए अपनी तरफ से हर संभव प्रयास करूंगा। मैं कम से कम एक और ट्रॉफी जीतने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। सर्बिया के खिलाड़ी जोकोविच ने इस सत्र में चारों ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई, लेकिन हर बार उससे आगे बढ़ने में नाकाम रहे। उन्हें तीन बार अल्काराज और एक बार 24 वर्षीय यानिक सिनर से हार का सामना करना पड़ा। सेमीफाइनल मैच के बारे में जोकोविच ने कहा, दुर्भाग्य से, दूसरे सेट के बाद मेरी ऊर्जा खत्म हो गई। मेरे पास उनसे मुकाबला करने और दो सेट तक उनकी लय बनाए रखने के लिए पर्याप्त ऊर्जा थी। इसके बाद मैं पूरी तरह थक गया और वह लगातार अच्छा खेलते रहे।